



THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 269 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) पौष कृ.6 2081 शनिवार, 21 दिसंबर-2024

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## सारंगी-राजपूत नाटक कर रहे : जया बच्चन

नई दिल्ली, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। सपा सांसद जया बच्चन ने कहा, 'सारंगी जी एक्टिंग कर रहे हैं। हम सब सदन के अंदर जा रहे थे और वे हमें अंदर नहीं जाने दे रहे थे। राजपूत जी, सारंगी जी और नागालैंड की महिला जैसी एक्टिंग मैंने अपने कैरियर में इससे बेहतरीन एक्टिंग नहीं देखी। इन सभी को अवॉर्ड मिलना चाहिए।' 19 दिसंबर को संसद में अंबेडकर विवाद पर पक्ष-विपक्ष के प्रदर्शन चल रहा था। धक्का-मुक्की के दौरान ओडिशा के बालासोर से सांसद प्रताप सारंगी चोटिल हो गए। सारंगी ने कहा था कि राहुल गांधी ने फर्रुखाबाद सांसद मुकेश राजपूत को धक्का दिया और वे सारंगी के ऊपर गिर पड़े। घटना के बाद दोनों को राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया।

# राष्ट्रीय सुरक्षा पर भी गहरा प्रभाव : द्रौपदी मुर्मू

### राष्ट्रपति ने कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट, सिकंदराबाद को ध्वज प्रदान किए




हैदराबाद, 20 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट (सीडीएम), सिकंदराबाद के इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण मे राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवारको संस्थान को राष्ट्रपति ध्वज प्रदान किए। यह महत्वपूर्ण मान्यता भारतीय सशस्त्र बलों के वरिष्ठ नेतृत्व को आकार देने के लिए समर्पित एक प्रमुख रक्षा संस्थान सीडीएम के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। राष्ट्रपति ध्वज की प्रस्तुति, किसी भी रक्षा संस्थान को दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार, पेशेवर सैन्य शिक्षा में कॉलेज के उत्कृष्ट योगदान को स्वीकार करता है।

राष्ट्रपति ने इस अवसर को मनाने के लिए "विशेष दिवस कवर' और एक स्मारक पदक भी जारी किया, साथ ही प्राचीन भारतीय सामरिक विचारों के संकलन "प्राचीन भारतीय ज्ञान के मोती' का संशोधित संस्करण भी जारी किया। अपने संबोधन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 19%0 में अपनी स्थापना के बाद से कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट (सीडीएम) द्वारा किए गए महत्वपूर्ण योगदान पर जोर दिया। उन्होंने कॉलेज की स्थायी विरासत और अधिकारियों को नए जमाने की तकनीकों और रणनीतियों को अपनाने के साथ-साथ जटिल सैन्य अभियानों, रसद और संसाधनों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के कौशल प्रदान करने के लिए इसके समर्पण की सराहना की।

उन्होंने कहा कि मुझे बताया गया है कि इस कॉलेज द्वारा दी गई शिक्षा सशस्त्र बलों की परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। हम सभी अपने जीवन में प्रौद्योगिकी के परिवर्तनकारी प्रभाव को देख रहे हैं और इसमें भाग ले रहे हैं। प्रौद्योगिकी में प्रगति का राष्ट्रीय सुरक्षा पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है। युद्ध की पारंपरिक परिभाषाओं और तरीकों को उभरती प्रौद्योगिकियों और नई रणनीतिक साझेदारियों द्वारा चुनौती दी जा रही है। भारत उभरती प्रौद्योगिकियों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता को उच्च प्राथमिकता दे रहा है और बढ़ी हुई दक्षता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए भारतीय रक्षा प्रणालियों में उनका उपयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि मैं रक्षा सेवाओं के विभिन्न कार्यक्रमों में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाने के लिए हमारी महिला अधिकारियों को प्रोत्साहित और सराहना करती रही हूँ। आप उन सभी महिलाओं और युवा लड़कियों के लिए प्रेरणा हैं जो सपने देखने की हिम्मत रखती हैं। राष्ट्रपति ने उभरती और विघटनकारी प्रौद्योगिकियों को आत्मसात करने के लिए अनुकूल होने की आवश्यकता पर जोर दिया और भविष्य के रणनीतिक नेतृत्व को तैयार करने में सीडीएम की भूमिका की सराहना की।

उन्होंने रक्षा बलों से आत्मनिर्भरता और आत्मनिर्भरता पहल में योगदान देने का भी आग्रह किया। उन्होंने कई क्षेत्रों में उभरते विघटनकारी युद्ध के बारे में बलों को अपडेट करने की आवश्यकता व्यक्त की और इस बात पर जोर दिया कि बलों को भविष्य के लिए तैयार रखने के लिए सीडीएम की भूमिका महत्वपूर्ण है।राष्ट्रपति ने नागरिक शैक्षणिक संस्थानों और अंतरराष्ट्रीय रक्षा संगठनों के साथ रणनीतिक संबंध विकसित करने और सुरक्षा चुनौतियों पर वैश्विक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने में सीडीएम की सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि वरिष्ठ रणनीतिक नेतृत्व की भारत को अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। राष्ट्रपति ने सीडीएम में पाठ्यक्रम में भाग लेने वाले मित्र देशों के प्रतिभागी अधिकारियों से बातचीत की और उन्हें एक सफल और फलदायी भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## एलपीजी टैंकर ब्लास्ट में अब तक 11 लोगों की मौत, कई लापता



जयपुर, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। जयपुर के भांकरोटा क्षेत्र में शुक्रवार सुबह हुए भीषण हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। दिल्ली पब्लिक स्कूल के पास एक एलपीजी टैंकर और ट्रक की टक्कर में भयानक विस्फोट हो गया। इस हादसे में 11 लोगों की मौके पर ही जलकर मौत हो गई। जबकि 35 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद 14 यात्री और बस का ड्राइवर-कंडक्टर लापता हैं।

एलपीजी टैंकर अजमेर की ओर से जयपुर आ रहा था। डीपीएस स्कूल के पास टैंकर यू-टर्न ले रहा था, तभी जयपुर की तरफ से आ रहे ट्रक ने टैंकर के नोजल में टक्कर मार दी। नोजल से करीब 18 टन गैस फैलकर 200 मीटर के दायरे में गैस का चैंबर बन गया। कुछ ही सेकेंड में टैंकर में जोरदार धमाका हुआ, जिससे आसपास की गाड़ियों में आग लग गई। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि आग की लपटें आसमान तक पहुंच गईं। घटना स्थल पर खड़ी एक स्लीपर बस में 34 यात्री सवार थे। बस पूरी तरह जल गई, जिसमें 20 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। वहीं, कई पक्षी आग की लपटों में जल गए।

## संभल में एएसआई की टीम : 19 कूप और पांच तीर्थों का किया सर्वे

### कार्बन डेटिंग के लिए शिव मंदिर के लिए नमूने

संभल, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। संभल शहर और उसके आसपास बने 19 कूप और पांच तीर्थों का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम शुक्रवार को सर्वे किया। चार सदस्यीय टीम शुक्रवार की सुबह करीब छह बजे लखनऊ से संभल पहुंची। टीम ने खग्गू सराय में स्थित प्राचीन शिव मंदिर और इसके परिसर में खोले गए कुएं की कार्बन डेटिंग के लिए नमूने लिए हैं।

इसके अलावा शहर के अलग अलग स्थानों पर स्थित 19 कूप का भी सर्वे किया। डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को पत्र लिखा था। इसी क्रम में चार सदस्यीय टीम संभल पहुंची। सुबह छह बजे से दोपहर साढ़े तीन बजे तक सर्वे किया है। टीम अपनी रिपोर्ट देगी उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मालूम हो 14 दिसंबर को संभल एसडीएम वंदना मिश्रा ने पुरातत्व निदेशालय के निदेशक को पत्र लिखा था। जिसमें आग्रह किया गया था कि संभल में प्राचीन तीर्थों और कूपों के काल निर्धारण के लिए सर्वे किया जाए। इसके लिए टीम गठित करने का आग्रह किया था। इसी के आधार पर टीम ने संभल पहुंचकर सर्वे किया है।

## प्रदीप मिश्रा की कथा में अनियंत्रित हुई भीड़, कई महिलाएं चोटिल

मेरठ, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। मेरठ के शताब्दी नगर में चल रही प्रदीप मिश्रा की शिवमहापुराण के दौरान भीड़ अनियंत्रित हो गई। एंट्री गेट पर कई महिलाएं गिर पड़ीं। महिलाओं को हल्की चोटें भी आई हैं। बताया गया कि कथा का आज छठा और अंतिम दिन था।

हर दिन जहां डेढ़ लाख श्रद्धालु कथा सुनने पहुंच रहे थे वहीं आज श्रद्धालुओं की संख्या ढाई लाख पहुंच गई। बताया गया कि व्यवस्था बनाने में काफी दिक्कत आई। भीतर की तरफ पंडाल पूरी तरह फुल हो गया, जबकि बाहर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हो गए थे। इनमें काफी संख्या में महिलाएं भी थीं। बाहर जमा श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस दौरान कई महिलाएं मामूली रूप से चोटिल हो गईं। हालांकि आयोजकों को कहना है कि कथा स्थल पर भगदड़ नहीं मची बल्कि बाहर ज्यादा संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, ऐसे में पंडाल के बाहर जमा श्रद्धालुओं की व्यवस्था बनाने में परेशानी हुई।

## संसद का शीतकालीन सत्र खत्म, कुल 20 बैठकें

*> 105 घंटे कार्यवाही चली > अडाणी-मणिपुर-अंबेडकर मुद्दे पर हंगामा हुआ*

नई दिल्ली, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। 18वीं लोकसभा का शीतकालीन सत्र शुक्रवार (20 दिसंबर) को समाप्त हो गया। यह सत्र 25 नवंबर से शुरू हुआ था। पूरे सत्र में कुल 20 बैठकें हुईं। दोनों सदन (लोकसभा और राज्यसभा) में लगभग 105 घंटे कार्यवाही चली। सत्र के दौरान लोकसभा की प्रोडक्टिविटी 54%, राज्यसभा में 41% रही। सदन में कुल चार बिल पेश किए गए।

हालांकि, कोई पारित नहीं हो सका। सबसे चर्चित एक देश, एक चुनाव के लिए पेश हुआ 129 वें संविधान (संशोधन) बिल रहा। इस बिल को समीक्षा के लिए 39 सदस्यीय जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) के पास भेजा गया। कमेटी में लोकसभा से 27 और राज्यसभा से 12 सांसदों को चुना गया है। कमेटी को संसद के अगले सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन लोकसभा में रिपोर्ट देनी होगी। सत्र की शुरुआत अडाणी मुद्दे पर हंगामे से हुई। फिर विपक्षी सांसदों ने मणिपुर और किसानों का मुद्दा भी उठाया। सत्र खत्म होते-होते अंबेडकर मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ। 19 दिसंबर को तो बात धक्का-मुक्की पर आ गई। दो बीजेपी सांसद घायल हो गए। राहुल पर आरोप लगा। उनके खिलाफ एफआईआर हो गई।

## 'यह तो केवल ट्रेलर है' उपराष्ट्रपति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव खारिज होने पर बोले जयराम रमेश



नई दिल्ली, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया कि विपक्ष राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने लाने के लिए फिर से नोटिस दे सकता है। राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने गुरुवार को धनखड़ को हटाने की मांग को लेकर विपक्ष द्वारा लाए गए महाभियोग नोटिस को खारिज कर दिया। उन्होंने इसे उपराष्ट्रपति की छवि को धूमिल करने के लिए जल्दबाजी में उठाया गया कदम बताया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने इस प्रतिक्रिया देते हुए मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि यह केवल एक ट्रेलर था।

**जयराम रमेश ने दी प्रतिक्रिया**

मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, 'सभापति के खिलाफ हमारे द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया। आप कितनी बार अविश्वास प्रस्ताव ला सकते हैं, इसकी संविधान में कोई सीमा नहीं रखी गई है। 30 जनवरी से बजट सत्र शुरू होगा। हम देखेंगे।' कांग्रेस नेता से जब यह पूछा गया कि क्या विपक्ष एक बार फिर सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है, तब उन्होंने कहा, 'बिलकुल' उन्होंने आगे कहा, 'यह हमारा पहला कदम था। जहां तक अविश्वास प्रस्ताव की बात है, यह तो बस एक ट्रेलर है।' राज्यसभा महासचिव पीसी मोदी द्वारा सदन में पेश किए गए अपने तीन पन्नों के फैसले में उपसभापति ने कहा कि यह महाभियोग नोटिस देश की संवैधानिक संस्थाओं और उपराष्ट्रपति को बदनाम करने की साजिश का हिस्सा था।

**विपक्ष के सदस्यों ने की धनखड़ को हटाने की मांग**

बता दें कि 10 दिसंबर को धनखड़ को हटाने की मांग करते हुए विपक्ष के 60 सदस्यों ने नोटिस पर हस्ताक्षर किया था। उन्होंने कहा था कि उन्हें धनखड़ पर भरोसा नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने उपराष्ट्रपति पर पक्षपात करने का आरोप लगाया था। यह नोटिस विपक्षी सदस्यों द्वारा संविधान के अनुच्छेद 67 (बी) के तहत भारत के उपराष्ट्रपति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के इरादे से पेश किया गया था। नोटिस राज्यसभा महासचिव पीसी मोदी को सौंपा गया था। देश में 72 साल के संसदीय लोकतंत्र के इतिहास में राज्यसभा सभापति के खिलाफ कभी महाभियोग नहीं आया था।

## मुंबई नाव हादसा नेवी चीफ हादसे की जगह पर पहुंचे

**जांच कमेटी गठित, 14 की मौत-3 दिन से 1 बच्चे की तलाश जारी**

मुंबई, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। मुंबई में 18 दिसंबर को हुए नाव हादसे में अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है। 7 साल के एक बच्चे की तलाश अब भी जारी है। गेटवे ऑफ इंडिया से एलीफेंटा जा रही पैसेंजर बोट 18 दिसंबर को नेवी की स्पीडबोट से टकराकर डूब गई थी।

इसे लेकर अब नेवी भी इंटरनल जांच कर रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नौसेना ने गुरुवार (19 दिसंबर) को जांच के लिए एक बोर्ड ऑफ इंक्वायरी का गठन किया है। हालांकि, इसकी जानकारी आज शुक्रवार को सामने आई। घटना के दो दिन बाद नेवी चीफ एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी शुक्रवार को वेस्टर्न नेवल कमांड पहुंचे। अधिकारियों के साथ बैठक के बाद उन्होंने हादसे की जगह का भी जायजा लिया।

## केटीआर के खिलाफ मामले को लेकर विधानसभा युद्ध के मैदान में बदला

*✻ बीआरएस और कांग्रेस सदस्यों के बीच हाथापाई ✻ स्पीकर ने सदन स्थगित कर दिया*



हैदराबाद, 20 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना विधानसभा आज समय युद्ध के मैदान में बदल गया जब बीआरएस नेताओं ने स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा के लिए जोर दिया। बीआरएस विधायक काले बैज और तख्तियों के साथ विधानसभा में उपस्थित हुए। उन्होंने नारे लगाए कि सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा किए गए फर्जी वादों पर सवाल उठाने के लिए केटीआर के खिलाफ अवैध मामले दर्ज किए जा रहे हैं।

बीआरएस विधायकों ने आरोप लगाया कि कांग्रेस विधायक वीरलापल्ली शंकर ने उन्हें सदन में एक चप्पल दिखाई और उन्होंने पार्टी के दलित विधायकों को भी चप्पल दिखाई। उन्होंने मांग की कि शादनगर विधायक के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहदत मामला दर्ज किया जाए। इससे विधानसभा में अराजकता फैल गई। बीआरएस सदस्य स्पीकर के आसन की ओर दौड़े। हालांकि, उन्हें मार्शलों ने रोक दिया। इस अवसर पर बीआरएस और कांग्रेस सदस्यों के बीच हाथापाई भी हुई। उन्होंने एक-दूसरे पर पानी की बोतलें और कागज फेंके। अचानक सदन में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी। कांग्रेस सदस्यों ने कहा कि बोथ विधायक अनिल जाधव ने विधानसभा अध्यक्ष पर कागजों का बंडल फेंका। कोरुतला विधायक संजय कुमार ने भी कागज फाड़कर फेंक दिए। पूर्व मंत्री हरीश राव अध्यक्ष के आसन की सीढ़ियों पर चढ़ गए। कांग्रेस विधायक वीरलापल्ली शंकर ने अपना हाथ दिखाया और विधायक पाडी कौशिक रेड्डी को चेतावनी दी जब वे आसन की ओर बढ़े। बीआरएस सदस्यों ने मांग की कि शादनगर विधायक के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट में मामला दर्ज किया जाए। कांग्रेस विधायकों ने आरोप लगाया कि बीआरएस विधायक पाडी कौशिक रेड्डी ने सदन में दलित समुदाय के अध्यक्ष का अपमान करने वाला व्यवहार किया और रेड्डी से माफी मांगने की मांग की। इस अवसर पर हरीश राव ने विधानसभा में महत्वपूर्ण टिप्पणियां कीं। उन्होंने पूछा, सदन में एक भी मंत्री क्यों नहीं है। उन्होंने कहा, हम सदन के सुचारू संचालन में तभी मदद करेंगे, जब फॉर्मूला ई कार रेसिंग मुद्दे पर चर्चा के लिए स्पष्ट आश्वासन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सदन के सदस्य केटीआर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जबकि सदस्य को सच बोलने का मौका दिया जाना चाहिए था। हरीश राव ने कहा कि केटीआर के खिलाफ यह एक अवैध मामला है। इस बीच, अध्यक्ष गद्दाम प्रसाद कुमार ने हरीश राव की टिप्पणियों पर बात की। उन्होंने कहा कि कुछ मंत्री विधान परिषद में हैं। उन्होंने कहा कि भूभारती विधेयक पर चर्चा पूरी होनी चाहिए।

## शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत के बंगले की रेकी

मुंबई, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में शिवसेना (उद्धव) के नेता और राज्य सभा सांसद संजय राउत के बंगले की रेकी किए जाने का दावा किया गया है। बंगले पर तैनात कर्मचारियों ने शुक्रवार को भांडुप पुलिस थाने में शिकायत की। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार सुबह 9 बजे संजय के बंगले (मैत्री) पर बाइक सवार दो लोग पहुंचे। दोनों ने बंगले के कुछ फोटो खींचे, कुछ देर वहां रुके और चले गए। बंगले की सुरक्षा में तैनात कर्मचारियों और अन्य लोगों ने बाइक सवारों देखा तो इसकी जानकारी संजय के भाई सुनील राउत को दी। वे इलाके के विधायक हैं। जानकारी मिलने पर पुलिस को बंगले पर पहुंची। वहां लगे सीसीटीवी में बाइक सवार नजर आए हैं। पुलिस ने कहा- मामले की जांच शुरू की गई है। फिलहाल केस दर्ज नहीं कराया गया है। पुलिस ने कहा कि जांच में कुछ गंभीर पाया जाता है तो केस दर्ज किया जाएगा।

## 'यह झूठ है' पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने एनएचआरसी प्रमुख बनाए जाने के दावों को किया खारिज



नई दिल्ली, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को मीडिया में आई उन खबरों को 'झूठा' करार दिया, जिनमें यह दावा किया गया था कि उन्हें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) का अध्यक्ष बनाने पर विचार किया जा रहा है। जस्टिस चंद्रचूड़ सुप्रीम कोर्ट के 50वें सीजेआई रहे। 10 नवंबर को इस पद से वह सेवानिवृत्त हो गए थे। चंद्रचूड़ ने कहा, 'यह (एनएचआरसी के अध्यक्ष बनाने पर विचार) झूठ है। अभी मैं अपनी सेवानिवृत्त जिंदगी का आनंद ले रहा हूं।' सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज अरुण कुमार मिश्रा का एनएचआरसी के अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल एक जून को समाप्त हो गया था। तबसे यह पद खाली पड़ा है।

**पीएम मोदी ने बुलाई थी बैठक**

सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अध्यक्षता में 18 दिसंबर को एक उच्च स्तरीय समिति ने एनएचआरसी के नए अध्यक्ष का चयन करने के लिए बैठक की थी।

कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता और पार्टी नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में इस बैठक में भाग लिया था।

**विजया भारती एनएचआरसी की कार्यवाहक अध्यक्ष**

सेवानिवृत्त जज अरुण कुमार मिश्रा ने जून 2021 में एनएचआरसी प्रमुख का कार्यभार संभाला था।

एनएचआरसी के अध्यक्ष के चयन के लिए गठित चयन समिति की अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते हैं, जबकि इसमें लोकसभा अध्यक्ष, गृह मंत्री, लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष के नेता और राज्यसभा के उप सभापति भी सदस्य होते हैं।

जस्टिस मिश्रा के सेवानिवृत्त होने के बाद एनएचआरसी की सदस्य विजया भारती को कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

एनएचआरसी अध्यक्ष की नियुक्ति राष्ट्रपति एक चयन समिति की सिफारिश पर करते हैं। इससे पहले पूर्व सीजेआई एल.एच. दत्तू और के.जी.बालकृष्णन एनएचआरसी के अध्यक्ष रह चुके हैं।

## बांग्लादेशी नेता के विवादित पोस्ट पर एमईए की कड़ी आपत्ति

नई दिल्ली, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेशी नेता महफूज आलम के पोस्ट पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'हमने इस मुद्दे पर बांग्लादेश पक्ष के समक्ष अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया है। हम समझते हैं कि जिस पोस्ट का उल्लेख किया जा रहा है, उसे कथित तौर पर हटा दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि, हम सभी संबंधित पक्षों को याद दिलाना चाहेंगे कि वे अपनी सार्वजनिक टिप्पणियों के प्रति सचेत रहें। जबकि भारत ने बार-बार बांग्लादेश के लोगों और अंतरिम सरकार के साथ संबंधों को बढ़ावा देने में रुचि दिखाई है, ऐसी टिप्पणियां सार्वजनिक अभिव्यक्ति में जिम्मेदारी की आवश्यकता को रेखांकित करती हैं। वहीं अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा के खिलाफ सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह की तरफ से दी गई धमकियों पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हम इन धमकियों को बहुत गंभीरता से लेते हैं और हम इसे अमेरिकी सरकार के समक्ष उठाते हैं।

## आंध्र में महिला को पार्सल में मिली डेडबॉडी

### शव के साथ मिले नोट में लिखा था-1.30 करोड़ दो, वर्ना अंजाम ऐसा ही होगा

वेस्ट गोदावरी, 20 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के वेस्ट गोदावरी जिले में एक महिला को एक पार्सल मिला, जिसमें एक अज्ञात व्यक्ति का शव था। शव के साथ एक लेटर भी रखा हुआ था। इसमें लिखा था-1 करोड़ 30 लाख रुपए दो वर्ना अंजाम ऐसा ही होगा।

वेस्ट गोदावरी पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि यह पार्सल येंदागंडी गांव में रहने वाली महिला नागा तुलसी के निर्माणाधीन घर में गुरुवार रात को ऑटो रिक्शा के जरिए डिलीवर किया गया। महिला घर में अकेली रहती थी। उसका पति 10 साल पहले लापता हो गया था।

शव के साथ मिले नोट में लिखा है, 'आपके पति ने 2008 में 3 लाख रुपए का लोन लिया था। जो अब बढ़ते-बढ़ते 1.30 करोड़ रुपए हो गया है। अपने परिवार के साथ कुछ बुरा होते नहीं देखना चाहती तो पूरी रकम चुकानी होगी।' पुलिस ने बताया कि-शव को जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। शुरूआती जांच में पता चला है कि शव 45 साल के पुरुष का है। उसकी मौत 4-5 दिन पहले हुई है। यह हत्या का मामला है या नैचुरल डेथ है, इसकी जांच की जा रही है।

**पार्सल देने वाले ने कहा-बॉक्स में लाइट-पंखे हैं**

पुलिस ने बताया कि महिला के पति के लापता होने के बाद वह अपने परिवार के साथ रहने लगी थी। कुछ दिनों पहले ही महिला ने अकेले रहने का फैसला किया। महिला ने अपनी फैमिली के घर से 1 किलोमीटर दूर एक अन्य घर में रहने का फैसला किया। महिला इसी घर में कुछ कंस्ट्रक्शन कराना चाह रही थी। कुछ दिनों पहले क्षत्रिय सेवा समिति नाम के एक संगठन से जुड़े एक शख्स ने महिला की मदद करने की बात कही। उसने महिला से कहा- हम दोनों एक ही कास्ट के हैं। इसलिए तुम्हारी मदद कर रहा हूं। सेवा समिति ने महिला को कुछ दिनों पहले कंस्ट्रक्शन के लिए सितंबर 2024 में टाइल्स और पेंट भेजी थीं। महिला ने आगे की मदद के लिए फिर मदद मांगी। समिति ने महिला को वॉट्सऐप कर कहा था कि लाइट, पंखे और स्विच जैसी चीजें भेजी जाएगी। गुरुवार, 19 दिसंबर रात को आए पार्सल में महिला को लगा की इसमें लाइट पंखे ही होंगे। डिलीवरी बॉय ने भी यही बात कही। इसलिए महिला ने पार्सल स्वीकार कर लिया।

**पुलिस बोली-डिलीवरी बॉय की तलाश कर रहे हैं**

एसपी ने कहा कि पिछले हम पिछले तीन-चार दिनों में लापता हुए लोगों की जांच कर रहे हैं। साथ ही पार्सल पहुंचाने वाले शख्स और डिलीवरी बॉय की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं। जल्द ही दोनों को ढूंढ लिया जाएगा। क्षत्रिय सेवा समिति से जुड़े लोगों को भी पुलिस स्टेशन बुलाया गया है। इस बीच, असमी ने बताया कि परिवार का छोटा दामाद कल से लापता है।

सुविचार: अगर कोई आप से उम्मीद करता है, तो ये उसकी मजबूरी नहीं आपके साथ लगाव और विश्वास है।

## केटीआर ने अब तक फॉर्मूला-ई कार रेस पर चर्चा क्यों नहीं मांगी : रेवंत



हैदराबाद, 20 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सवाल उठाया है कि बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने अब तक विधानसभा में फॉर्मूला ई कार रेसिंग पर चर्चा क्यों नहीं मांगी है। शुक्रवार को विधानसभा में अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने उल्लेख किया कि फॉर्मूला ई कार रेस के प्रतिनिधियों ने बकाया 600 करोड़ रुपये के प्रावधान के संबंध में उनसे संपर्क किया था। उन्होंने मेरी मंजूरी के आधार पर कार रेसिंग कार्यक्रम आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की। रेवंत रेड्डी द्वारा बताए गए अनुसार यह मुद्दा प्रतिनिधियों द्वारा शेष धनराशि के अनुरोध के बाद ही स्पष्ट हुआ। उन्होंने विस्तार से बताया कि केटीआर द्वारा फॉर्मूला ई कार रेस प्रबंधकों के साथ हस्ताक्षरित समझौता 600 करोड़ रुपये का था, और उन्होंने व्यक्तिगत रूप से 100 करोड़ रुपये की सुरक्षा सुनिश्चित की। 450 करोड़ रुपये के सार्वजनिक धन की हेराफेरी की गई है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो वर्तमान में कार रेसिंग मामले की जांच कर रहा है, और उन्होंने संकेत दिया कि केटीआर द्वारा उच्च न्यायालय में दायर एक चल रही याचिका के कारण वह आगे के विवरण का खुलासा नहीं कर सकते। मुख्यमंत्री ने व्यक्त किया कि, यदि कोई कानूनी अड़चन नहीं है, तो सत्तारूढ़ पार्टी के नेता किसी भी समय और किसी भी स्थान पर इस मामले पर चर्चा करने के लिए खुले हैं। "यदि आवश्यक हुआ, तो हम तेलंगाना भवन के बीआरएस पार्टी कार्यालय जाएंगे और इस पर चर्चा करेंगे। 55 करोड़ रुपये कोई छोटी बात नहीं है।

## तेलंगाना मॉडल स्कूलों में प्रवेश की तिथि घोषित

हैदराबाद, 20 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। स्कूल शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए तेलंगाना मॉडल स्कूल प्रवेश परीक्षा - 2025 का कार्यक्रम जारी किया। कार्यक्रम के अनुसार, प्रवेश अधिसूचना 23 दिसंबर को जारी की जाएगी और आवेदन पत्र 6 जनवरी, 2025 से 28 फरवरी, 2025 तक वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा किए जा सकेंगे। ओसी छात्रों के लिए आवेदन शुल्क 200 रुपये और बीसी, एससी, एसटी, पीएचसी और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए 125 रुपये है। कक्षा VI में प्रवेश तथा कक्षा VII से X में बैकलॉग रिक्तियों के लिए प्रवेश परीक्षा 13 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए हॉल टिकट 3 अप्रैल से डाउनलोड किए जा सकेंगे। 6 जनवरी को वेबसाइट पर एक सूचना बुलेटिन उपलब्ध कराया जाएगा।

## लोकतांत्रिक व्यवस्था में संसद सर्वोच्च व्यवस्था : पोन्नम




हैदराबाद, 20 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। परिवहन और बीसी कल्याण विभाग मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में संसद सर्वोच्च व्यवस्था है।

विधानसभा मीडिया प्वाइंट पर उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि संसद के प्रवेश द्वार पर लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत विपक्षी सांसदों और अन्य नेताओं ने संसद में प्रवेश का रास्ता रोकने की कोशिश की।यदि वे एक तरफ हटकर संसद में प्रवेश करते हैं, भले ही कोई सांसद जो संसद सदस्य नहीं है, उनके ठीक बगल में है, गिर जाता है और उसे हल्का झटका लगता है, तो भाजपा राहुल को कलंकित करने के लिए षडयंत्रकारी तरीके से काम करेगी। उन्होंने कहा कि हम राहुल गांधी पर अपराधी के रूप में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज करने की कड़ी निंदा करते हैं।' उन्होंने कहा कि यदि वे संसद के दरवाजे को बाधित कर रहे हैं, जो लोकतंत्र में सार्वजनिक मुद्दों पर चर्चा का मंच है, तो उनकी अराजकता और तानाशाही की साजिशें स्पष्ट रूप से दिखाई देती हैं।

जब प्रधानमंत्री को संसद में आकर बोलना है तो संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान करने पर अमित शाह के खिलाफ कार्रवाई करने से राहुल गांधी को चुप कराने के लिए हत्या के प्रयास का मामला दर्ज करने की हम कड़ी निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि मुकदमा तुरंत वापस लिया जाए और अंबेडकर का अपमान करने वाले अमित शाह पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

## कैट 2025 के इच्छुक छात्रों के लिए की छात्रवृत्ति परीक्षा की घोषणा

हैदराबाद, 20 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। टाइम इंस्टीट्यूट ने कैट 2025 के इच्छुक छात्रों के लिए छात्रवृत्ति परीक्षा - टाइम टैलेंट सर्च परीक्षा (टीटीएसई) की घोषणा की है। यह परीक्षा 22 दिसंबर, 2024 को दो स्लॉट सुबह 10 बजे और शाम 6 बजे आयोजित की जाएगी। टाइम टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन (टीटीएसई) में क्वांटिटेटिव, लॉजिकल और वर्बल एबिलिटी पर बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। इस टाइम टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन (टीटीएसई) की अवधि 1 घंटे की होगी। परीक्षा ऑनलाइन मोड के माध्यम से आयोजित की जाएगी। 15 दिसंबर से 22 दिसंबर के बीच नामांकन करने वाले छात्रों को सीएटी 2025 कोर्स फीस पर 5000 रुपये की छूट मिलेगी। टाइम के मौजूदा छात्र और 15 दिसंबर से पहले नामांकित छात्र कैट टीटीएसई छूट के लिए पात्र नहीं होंगे।



मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बोलारम में राष्ट्रपति भवन के एट होम कार्यक्रम में भाग लिया।

## केटीआर के खिलाफ मामला वापस लिए जाने तक हम लड़ेंगे: मधुसूदन चारी

हैदराबाद, 20 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। परिषद में विपक्ष के नेता और बीआरएस पार्टी के एमएलसी मधुसूदन चारी ने आज कहा कि वे तब तक लड़ेंगे जब तक उनकी पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव के खिलाफ अवैध मामला वापस नहीं ले लिया जाता। उन्होंने कहा, "हम केटीआर के खिलाफ दर्ज अवैध मामले का कड़ा विरोध कर रहे हैं और मांग करते हैं कि इस पर सदन में चर्चा होनी चाहिए। केसीआर ने हैदराबाद को वैश्विक शहर बनाने के लिए कई पहल की हैं और केटीआर ने अपनी पूरी क्षमता से हैदराबाद में विश्व स्तरीय फॉर्मूला ई-कार रेस लाई है।" विधान परिषद के मीडिया प्वाइंट पर पार्टी एमएलसी महमूद अली और सत्यवती राठौड़ के साथ मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए यह रेस आयोजित की गई थी। उन्होंने आरोप लगाया, "पहली रेस सफल रही और दूसरी को राज्य सरकार ने रोक दिया।" उन्होंने कांग्रेस सरकार पर हैदराबाद शहर को नष्ट करने की साजिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया, "उसी के हिस्से के रूप में केटीआर के खिलाफ एक अवैध मामला दर्ज किया गया था।"

## निर्माण स्थल पर धमाके, पांच घायल

हैदराबाद, 20 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार को नरसिंगी के कोकापेट में निर्माण स्थल पर चट्टानों पर विस्फोट के दौरान बड़े-बड़े पत्थर गिरने से कम से कम 5 लोग घायल हो गए। एक रियल एस्टेट फर्म ने निओपोलिस के पास एक निर्माण स्थल पर डेटोनेटर लगाए थे। विस्फोटों से पत्थर और निर्माण मलबा उड़कर लोगों और आस-पास के वाहनों पर गिर गया। पता चला है कि निर्माण कंपनी द्वारा स्थानीय लोगों को बिना किसी पूर्व सूचना या कोई निवारक उपाय किए अचानक कम से कम 10 धमाके किए गए। स्थानीय लोग घबरा गए, जब उन्होंने धमाके की आवाजें सुनीं और ऊपर से पत्थर गिरते देखे, तो वे तुरंत सुरक्षित स्थानों की ओर भागे।

प्रारंभ में उन्हें संदेह था कि यह विस्फोट किसी फिल्म की शूटिंग का हिस्सा था, लेकिन बाद में पुष्टि हुई कि यह विस्फोट किसी निर्माण कंपनी द्वारा किया जा रहा था। अयप्पा स्वामी के कुछ भक्त और पास के श्रमिक शिविरों में काम कर रहे कुछ निर्माण श्रमिक उस समय घायल हो गए जब चट्टानों से बड़े-बड़े पत्थर उन पर गिरे। शिकायत के आधार पर नरसिंगी पुलिस ने विस्फोटक अधिनियम की धारा 125 और 91बी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




## किसानों के खिलाफ मामले वापस लेने की मांग

**बीआरएस सदस्यों ने विधान परिषद में किया प्रदर्शन**



हैदराबाद, 20 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस सदस्यों ने शुक्रवार को विधान परिषद में विरोध प्रदर्शन किया और 11 नवंबर को विकाराबाद जिला कलेक्टर और अन्य अधिकारियों पर कथित हमले में लागाचेरला के किसानों के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने की मांग की। बीआरएस सदस्यों के विरोध के कारण परिषद के अध्यक्ष गुथा सुकेन्दर रेड्डी को सत्र शुरू होने के 15 मिनट के भीतर ही सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी।

किसानों के खिलाफ दर्ज किए गए मामलों के विरोध में बीआरएस सदस्यों ने काली पट्टी बांधी। उन्होंने तख्तियां दिखाईं और किसानों के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने की मांग करते हुए नारे लगाए। सदस्य सदन के वेल में चले गए और सरकार से तत्काल मामले वापस लेने की मांग की। बीआरएस सदस्यों ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार बीआरएस को निशाना बना रही है क्योंकि वे सरकार के भ्रष्टाचार के बारे में सवाल कर रहे थे। विधायी कार्य मंत्री डी श्रीधर बाबू ने सदन में बीआरएस सदस्यों द्वारा तख्तियां दिखाने और नारे लगाने पर कड़ी आपत्ति जताई।

उन्होंने कहा कि यह सदन के नियमों के विरुद्ध है। बीआरएस सदस्यों ने लागाचेरला किसानों के मुद्दे को बिजनेस एडवाइजरी कमेटी के एजेंडे में शामिल नहीं किया है। आप सदन में इस मुद्दे पर अपनी मर्जी से चर्चा की मांग नहीं कर सकते। हालांकि, बीआरएस सदस्यों ने अपना विरोध जारी रखा, जिसके कारण अध्यक्ष को सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी।

## जगतियाल स्कूल में सांप का आतंक, आक्रोश

**कई बच्चों को काटने के बाद माता-पिता ने बच्चों को निकाला बाहर**

जगतियाल, 20 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। पेद्दूर गुरुकुलम स्कूल में सांप के काटने की लगातार घटनाओं के बाद अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल से घर ले गए। गुरुकुलम में कुल 550 छात्र हैं। इंटरमीडिएट को छोड़कर लगभग सभी छात्र स्कूल छोड़कर चले गए।

गौरतलब हो कि 26 जुलाई को राजरापु गणादित्य (13) और 9 अगस्त को येदामल्ला अनिरुद्ध (12) की मौत के बाद सभी छात्रों ने गुरुकुलम खाली कर दिया था। स्कूल के अधिकारियों ने स्कूल के लिए 20 दिन की छुट्टी की घोषणा की थी और झाड़ियों को साफ करने, सफाई में सुधार और कुछ मरम्मत कार्य शुरू किए थे। अभिभावकों और छात्रों के बीच विश्वास पैदा करने के लिए, उपमुख्यमंत्री मल्लू बट्टी विक्रमार्का ने भी स्कूल का दौरा किया और अभिभावकों से बातचीत की। बाद में, अभिभावकों के साथ कुछ बैठकें आयोजित करने के बाद स्कूल को फिर से खोल दिया गया।

बुधवार और गुरुवार को कक्षा 8 के दो छात्रों ओमकार अखी और यशविथ के बीमार होने के बाद गुरुवार को अभिभावक स्कूल पहुंचे। बार-बार होने वाली घटनाओं के लिए अधिकारियों से पूछताछ करने के अलावा, उन्होंने मारुतिनगर के पास निजामाबाद-जगतियाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर रास्ता रोको भी किया और स्कूल को दूसरी जगह शिफ्ट करने की मांग की। 8 घंटे तक आंदोलन करने वाले अभिभावकों ने अतिरिक्त कलेक्टर बीएस लता द्वारा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए कदम उठाने के आश्वासन के बाद विरोध वापस ले लिया। शुक्रवार को कलेक्टर बी सत्य प्रसाद ने स्कूल का दौरा किया और झाड़ियों को साफ करने, साफ-सफाई और अन्य कार्यों के लिए चल रहे कामों की निगरानी की। स्कूल परिसर में स्थित कुछ पुराने पेड़ों को भी काट दिया गया। बीआरएस के जिलाध्यक्ष के विद्यासागर राव ने भी स्कूल का दौरा किया और छात्रों से बातचीत करके घटना के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्कूल प्रशासन से भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सभी कदम उठाने की मांग की।

## हिट-एंड-रन में ट्रैफिक होमगार्ड घायल

हैदराबाद, 20 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार सुबह तेलुगु तल्ली फ्लाईओवर पर हुई एक हिट-एंड-रन घटना में एक ट्रैफिक होमगार्ड अधिकारी घायल हो गया। तेलुगू तल्ली फ्लाईओवर के नए सिग्नल पर ड्यूटी पर तैनात सैफाबाद ट्रैफिक होमगार्ड किश्तैया को रात करीब एक बजे एक अज्ञात बाइक ने टक्कर मार दी। अन्य वाहन चालकों के अनुसार, इकबाल मीनार से टैंक बंड पर डॉ. बीआर अंबेडकर प्रतिमा की ओर आ रहे बाइक सवार ने तेज गति से उन्हें टक्कर मार दी। बाइक सवार घायल किश्तैया की हालत देखे बिना ही भाग गया। अन्य वाहन चालकों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

## बीआरएस नेताओं के खिलाफ झूठे मामले दर्ज किए गए: पूर्व मंत्री प्रशांत रेड्डी

हैदराबाद, 20 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री वेमुला प्रशांत रेड्डी ने आज आरोप लगाया कि उनकी पार्टी के नेताओं के खिलाफ झूठे मामले दर्ज किए जा रहे हैं क्योंकि राज्य सरकार पिछले विधानसभा चुनावों के दौरान किए गए वादों को लागू करने में विफल रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के परिवार द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार को उजागर करने के लिए ऐसी चीजें की जा रही हैं। उन्होंने कहा, "हम स्पीकर से मांग करते हैं कि विधानसभा में फॉर्मूला वन ई-कार रेस मुद्दे पर चर्चा होनी चाहिए और अगर साजिश के तहत मामले दर्ज किए गए तो ऐसा नहीं होगा।" उन्होंने चेतावनी दी कि अगर राज्य सरकार इस मुद्दे पर चर्चा किए बिना भाग जाती है, तो वे इसे सार्वजनिक रूप से घेर लेंगे। पूर्व मंत्री और बीआरएस विधायक तलसानी श्रीनिवास यादव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनावों के दौरान जीत के लिए कई अटूट वादे किए थे और कहा कि अब वह उन वादों को पूरा करने में विफल रही है। उन्होंने कहा, "हमने उन आश्वासनों पर चर्चा करने के लिए कहा है।" उन्होंने कहा कि उनके पार्टी नेता केटीआर के खिलाफ फार्मूला वन ई-केयर रेस के आयोजन में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया गया है और मांग की कि इस मुद्दे पर विधानसभा में चर्चा होनी चाहिए।

**दक्षिण मध्य रेलवे**

हमें @SCRailwayindia पर फॉलो करें. द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

**सार्वजनिक नीलामी**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ विभागीय वाणिज्यिक प्रबंधक, हैदराबाद (सीनियर डीसीएम/एचवायबी) द्वारा मौलाली गूड्स केबिन में ढेर लगाये हुए, अनुमानित भार 70.38 टन वजनयुक्त उतारित कोयला या आफ्फलोडेड कोल (बिटुमिनस कोल/अन्य कोयला, ग्रेड/साइज जी-9-सीआरआर) की सार्वजनिक नीलामी की जा रही है तथा सार्वजनिक नीलामी द्वारा उपरोक्त सामग्री की, वरिष्ठ विभागीय वाणिज्य प्रबंधक, भूतल, हैदराबाद भवन, सिकंदराबाद के कार्यालय पर, दि.30-12-2024 के 11.00 बजे, बिक्री की जायेगी।

तत्संबंधित विस्तृत नीलामी, अधिसूचना हेतु कृपया हमारे **वेबसाइटः** www.scr.indianrailways.gov.in में tenders" में जाएं एवं विवरण प्राप्त करें।

PUB/1269/24

A1627 वरिष्ठ विभागीय वाणिज्य प्रबंधक/हैदराबाद

## कोदंडराम कलेश्वरम आयोग के समक्ष पेश हुए

हैदराबाद, 20 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। टीजेएस पार्टी के अध्यक्ष और एमएलसी कोदंडराम आज कलेश्वरम लिफ्ट सिंचाई घोटाले पर नियुक्त न्यायमूर्ति पीसी घोष आयोग के समक्ष पेश हुए। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि कलेश्वरम परियोजना की जांच के लिए आना पूर्व सीएम केसीआर की जिम्मेदारी थी। उन्होंने कहा कि कलेश्वरम परियोजना के डिजाइन में कमियों और नियमों के उल्लंघन को आयोग के समक्ष रखा गया था। उन्होंने यह भी कहा कि कलेश्वरम परियोजना के कारण राज्य को कर्ज के अलावा पानी नहीं मिला। उन्होंने बताया कि अलग तेलंगाना आंदोलन के अंतिम चरण से पहले गोदावरी नदी के पानी पर बहुत अध्ययन किया गया था। उन्होंने कहा कि प्राणहिता चेवेल्ला को कई इंजीनियरों ने सोच-समझकर डिजाइन किया है। उन्होंने यह भी कहा कि प्राणहिता चेवेल्ला परियोजना को तेलंगाना को कम लागत पर पानी उपलब्ध कराने के लिए डिजाइन किया गया था और उन्होंने कहा कि इंजीनियरों ने भी कलेश्वरम परियोजना का विरोध किया था। उन्होंने कहा, "सीएजी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि कालेश्वरम परियोजना में कई मानदंडों का उल्लंघन किया गया है। बीआरएस नेताओं का कहना है कि उन्होंने परियोजना बनाई है।



तेलंगाना सरकार के मंत्री दामोदर राजनरसिम्हा, पोन्नम प्रभाकर, पीसीसी अध्यक्ष, एमएलसी महेश कुमार गौड ने विधान परिषद के परिसर में कर्नूल जिले कोडुमुर के पूर्व विधायक, एपीपीएससी के पूर्व अध्यक्ष मदन गोपाल का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य जीवन रेड्डी, एमएमएस प्रभाकर, बसवाराजू सरैया और राघोतम रेड्डी ने भाग लिया। इस अवसर पर मंत्री दामोदर राजनरसिम्हा और पोन्नम प्रभाकर ने विधान परिषद के सदस्यों के साथ पूर्व मुख्यमंत्री और दिवंगत नेता कोटला विजयभास्कर रेड्डी की सरकार में एक साथ काम करने के अपने अनुभव साझा किए।



## मोहन भागवत के बयान पर पहली बार इत्तफाक रखती हूं: सपा सांसद इकरा हसन



लखनऊ, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने मंदिर और मस्जिदों के हालिया विवाद पर टिप्पणी की है। अब इस पर सियासी प्रतिक्रियाओं दौर जारी है। भागवत की टिप्पणी पर उत्तर प्रदेश स्थित कैराना से सांसद और समाजवादी पार्टी की नेता इकरा हसन ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि हैरानी है लेकिन उनके बयान का स्वागत है। इकरा ने कहा कि हम लोग आश्चर्य में हैं कि वहां से ऐसा बयान आया। पहली बार उनके बयान से इत्तेफाक रखती हूं लेकिन ये भी कहना चाहती हूं कि ये सब प्रयोग जो हुआ है उन्हीं के संघ द्वारा शुरू हुआ था, लेकिन देर आए दुरुस्त आए। बयान देर से आया है, लेकिन इसका स्वागत करते हैं।

**कांग्रेस ने भी दी प्रतिक्रिया**

सपा नेता और राज्यसभा सांसद रामगोपाल यादव ने भी भागवत के बयान पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भागवत जी का बयान सही है लेकिन उनके शिष्य ये बात नहीं मान रहे उनको कार्यवाही करनी चाहिए। वहीं कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि मोहन भागवत जी को ये सलाह उन लोगों को देनी चाहिए जो उनसे विचारात्मक रूप से इत्तेफाक रखते हैं और जो लोग कानून का उल्लंघन करते हैं, उनको सलाह दें।

## नोएडा में फेमस यूट्यूबर राजवीर सिसोदिया गिरफ्तार

नोएडा, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। नोएडा के थाना फेस-3 इलाके में सेक्टर 71 के पास रोडरेज के दौरान फेमस यूट्यूबर राजवीर सिसोदिया को गाड़ी चालक के साथ मारपीट के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सोमवार से वायरल हो रहा है। वीडियो में यूट्यूबर राजवीर एक व्यक्ति को बीच सड़क पर एक के बाद एक कई थप्पड़ मारते हुए और गाली-गलौज करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद नोएडा पुलिस ने यूट्यूबर पर कार्रवाई की और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। रोडरेज के बाद मारपीट के आरोपी सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर व यूट्यूबर राजवीर सिसोदिया को थाना फेज-3 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। राजवीर सिसौदिया ने बाइक सवार बैंक कर्मी के साथ बेरहमी से मारपीट की थी। जब उसकी बाइक राजवीर की कार टकरा गई थी।

## नायब तहसीलदार की गाड़ी ने युवक को कुचला 30 किमी घसीटा



बहराइच, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। बहराइच में नायब तहसीलदार की गाड़ी ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में युवक गाड़ी में फंस गया। ड्राइवर गाड़ी को रोकने के बजाया भगा ले गया। सरकारी वाहन में नायब तहसीलदार भी बैठे हुए थे, उन्होंने भी गाड़ी रोकने के लिए नहीं कहा। युवक 30 किमी तक घसीटता गया। गाड़ी तहसील में पहुंची तब खून देखकर घटना का पता चला। घटना थाना रामगांव क्षेत्र के चौपाल सागर के पास की है। हादसा गुरुवार देर रात बहराइच-नानपारा मार्ग पर हुआ। लोगों की सूचना पर पुलिस पीछा करते हुए नानपारा तहसील पहुंची। इसके बाद शव को गाड़ी के नीचे से निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। मृतक के परिवार वालों की शिकायत पर गाड़ी के ड्राइवर पर केस दर्ज किया गया है। घटना के बाद डीएम मोनिका रानी ने नायब तहसीलदार शैलेश अवस्थी को सस्पेंड कर दिया है।

# राहुल गांधी पर एफआईआर के बाद

## अखिलेश यादव ने स्पीकर से की मुलाकात, कहा- विवाद को सुलझाना चाहिए



लखनऊ, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने पर प्रतिक्रिया दी है।उन्होंने कहा कि गांव गांव में बाबा साहब को पूजने वाले लोग हैं। सरकार को माफ़ी माँगनी चाहिए और शब्द वापस लेने चाहिए । माफ़ी मांगने वाला व्यक्ति बड़ा होता है।

विवाद को स्पीकर के पास सुलझाना चाहिए था। सपा चीफ ने कहा कि एक बात तो हमें और आपको समझनी चाहिए मैं पिछले कई वर्षों से और खासकर यूपी में देख रहा हूं। बीजेपी का एक बहुत सोचा समझा मॉडल है। वह पहले असंवैधानिक और गैरकानूनी काम करते हैं। अगर आप विरोध करने आते हैं। तो शासन और प्रशासन से आपके खिलाफ कार्रवाई कराते हैं। बाबा साहेब न सिर्फ समाजवादियों बल्कि सभी के लिए वह पूजनीय हैं। आप किसी भी गांव में चले जाएं लोग बाबा साहेब को पूजते हैं। हर समाज के लोग उनको भगवान की दृष्टि से देखते हैं। इस तरह की भाषा गलत और अमित शाह माफी मांगनी चाहिए।

**जो माफी मांग लेता है वो बड़ा होता है- सपा चीफ**

कन्नौज सांसद ने कहा कि जो माफी मांग लेता है वह बड़ा होता है। यह जो कलियुग आया हुआ है लेकिन भगवान श्रीराम के अलावा हमारे जो भगवान है भगवान श्री कृष्ण हैं तब कलियुग शुरू हुआ। आखिरी वक्त जब उन्हें तीर लगा तो उन्होंने कहा था कि भूल जाना चाहिए। जिनके बयान से बाबा साहेब का अपमान हुआ, उसे वापस लेना चाहिए। राहुल गांधी पर एफआईआर के मामले पर अखिलेश ने कहा कि मैंने इसको लेकर स्पीकर से मुलाकात की। संसद परिसर में स्पीकर सुप्रीम होता है। अब सोचिए आप बीजेपी के लोग स्पीकर के ऊपर भी चले गए। यह लोकसभा का परिसर है। हम स्पीकर के पास बैठक मुद्दे को सुलझा सकते हैं।

## बड़े निजी स्कूल को मिला धमकी भरा मेल, बच्चों को घर भेजा गया

नोएडा, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों में धमकी भरे मेल मिलने का सिलसिला अभी भी जारी है। बीते कई दिनों से इस तरह के मेल दिल्ली के कई स्कूलों को मिल रहा है। शुक्रवार को भी दिल्ली और नोएडा के एक स्कूल को धमकी भरा मेल भेजा गया है। जिसके बाद स्कूल से सभी बच्चों को वापस घर के लिए रवाना कर दिया गया और पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। जानकारी के मुताबिक, नोएडा के लोटस वैली इंटरनेशनल स्कूल ने सुबह बच्चों को बस से पिकअप किया और जैसे ही बच्चे स्कूल के गेट पर पहुंचे तभी पेरेंट्स को मैसेज भेज कर उन्हें दोबारा रिसीव करने के लिए कहा गया। स्कूल की ओर से पेरेंट्स को भेजे गए मैसेज में लिखा गया था कि सुरक्षा के मद्देनजर बच्चों को वापस घर भेजा जा रहा है।

## खांसी का सिरप समझ सास बहू ने पी लिया कीटनाशक, सास की मौत, बहू गंभीर

बलिया, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। बलिया जिले में खांसी का सिरप समझ कर सास बहू ने कीटनाशक पी लिया। जिससे सास की मौत हो गई,वहीं बहू की हालत बेहद गंभीर हो गई है। जिसका इलाज बलिया जिला अस्पताल में चल रहा है। आपको बता दें कि बलिया जिले के बांसडीह तहसील के बडसरी जागीर गांव में खांसी का सिरप समझ कर कीटनाशक दवा पीने से सास और बहु की तबियत बिगड़ गई। दोनों को आनन फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां सास फूलबसिया देवी ( 80 वर्ष) की मौत हो गई। वहीं उसकी बहू धुनिया देवी(55वर्ष) की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद पुलिस ने सास के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की संदिग्धता को देखते हुए पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कुर्सी पर खतरा? हाईकोर्ट में याचिका दाखिल



प्रयागराज, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हटाने की मांग को लेकर एक जनहित याचिका दाखिल की गई है। ये याचिका पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज की यूपी शाखा की ओर से दाखिल की गई है जिसमें सीएम योगी द्वारा हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर कुमार यादव के समर्थन में की गई टिप्पणी का विरोध किया गया है और उन्हें पद से हटाने की मांग की है। पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज की यूपी शाखा की ओर से दाखिल की याचिका में कहा गया है कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने जस्टिस शेखर कुमार यादव द्वारा की गई टिप्पणी का खुलकर समर्थन किया था, जो धर्मनिरपेक्ष गणराज्य के विरुद्ध है और मुख्यमंत्री के पद की शपथ का उल्लंघन है क्योंकि उन्होंने भारत के संविधान के प्रति अपनी आस्था और निष्ठा को तोड़ दिया है। इसलिए सीएम योगी को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग की गई है।

**सीएम योगी पर लगाया ये आरोप**

याचिका में आरोप लगाया गया है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर कुमार यादव ने आठ दिसंबर को विश्व हिंदू परिषद की लीगल सेल की ओर से हाईकोर्ट बार के लाइब्रेरी हॉल में आयोजित कार्यक्रम में मुस्लिम समुदाय के खिलाफ टिप्पणी की थी। इसके अलावा यह भी कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले पर ध्यान दिया है और इलाहाबाद हाईकोर्ट से इस संबंध में रिपोर्ट मांगी है। यूपी के मुख्यमंत्री ने जस्टिस शेखर कुमार यादव की टिप्पणी का समर्थन किया जो मुख्यमंत्री के पद की शपथ का उल्लंघन है। क्योंकि उन्होंने भारत के संविधान के प्रति अपनी आस्था और निष्ठा को तोड़ दिया है इसलिए उन्हें पद से हटाया जाना चाहिए। बता दें कि जस्टिस शेखर ने समान नागरिक संहिता का समर्थन करते हुए कहा था कि ये हिन्दुस्तान है और हिन्दुस्तान में रहने वाले बहुसंख्यकों के अनुसार ही देश चलेगा। सीएम योगी ने जस्टिस शेखर के बयान का समर्थन किया और कहा कि भारत ऐसा देश है जहां बहुसंख्यक समाज सिर्फ समान नागरिक कानून मांग रहा है जिसमें कोई बुरी बात नहीं हैं। जस्टिस शेखर ने सिर्फ यूसीसी का समर्थन ही तो किया लेकिन विपक्ष ने उनके खिलाफ महाभियोग का नोटिस दे दिया।

## 3 करोड़ की ठगी करने वाले 4 साइबर अपराधी गिरफ्तार

पटना, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। साइबर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। रामकृष्णा नगर थाना क्षेत्र के जगनपुरा इलाके से सरगना समेत 4 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जो सोलर प्लांट का डिस्ट्रीब्यूटरशिप देने के नाम पर लोगों को शिकार बनाते थे। अब तक इस गिरोह ने करीब 3 करोड़ की ठगी की है। गिरोह का सरगना बिहार के शेखपुरा जिला का रहने वाला है। जबकि गिरोह में शामिल 3 अन्य सदस्य तेलंगाना के है। तलाशी के दौरान फ्लैट से लैपटॉप, 6 मोबाइल, फर्जी कपंनी का डिस्ट्रीब्यूटरशिप पेपर, लेनदेन का पेपर और एटीएम कार्ड बरामद हुआ है। साइबर थाने के डीएसपी राघवेंद्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि कुछ दिनों से फ्रॉड की शिकायत मिल रही थी। पुलिस को कुछ नंबर मिले थे। उन नंबरों को ट्रैक किया गया। एक नंबर को छोड़कर सभी लगातार बंद आ रहा था। एक नंबर कुछ देर के लिए चालू होता था, फिर बंद हो जाता था। ऑन मोबाइल का लास्ट लोकेशन रामकृष्णा नगर था। लोकेशन ट्रैक कर पुलिस शातिरों के ठिकाने पर पहुंची। देर रात फ्लैट की घेराबंदी कर सभी को गिरफ्तार कर लिया।

# पूर्व मंत्री कैलाश चौरसिया को राहत

## हाईकोर्ट ने रद्द की आपराधिक केस की कार्यवाही

प्रयागराज, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूर्व मंत्री कैलाश चौरसिया व अन्य के खिलाफ सीजेएम मिर्जापुर की अदालत में चल रही आपराधिक मुकदमे की कार्यवाही को विधि विरुद्ध करार देते हुए रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि आईपीसी की धारा 171एच व धारा 188 की कार्यवाही पुलिस की चार्जशीट पर नहीं चलाई जा सकती। यह कार्यवाही सक्षम अधिकारी के परिवाद पर ही की जा सकती है। कोर्ट ने कहा कि यदि यह कार्यवाही चलने दी गई तो यह न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा। यह आदेश न्यायमूर्ति राजबीर सिंह ने कैलाश चौरसिया के अधिवक्ता विनय कुमार तिवारी और सरकारी वकील को सुनकर दिया। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला दिया और कहा कि यह केस पुलिस की चार्जशीट पर चल रहा है। यह विधिक कानूनी प्रक्रिया नहीं है। याची के खिलाफ सहायक अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग मिर्जापुर ने कोतवाली शहर में एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने विवेचना कर चार्जशीट दाखिल की। अदालत ने संज्ञान लेकर सम्मन जारी किया। पूरी कार्यवाही की वैधता को 2017 के विधानसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी ने चुनौती दी। उनके अधिवक्ता विनय कुमार तिवारी ने कहा कि पुलिस की चार्जशीट पर आईपीसी की धारा 188 की आपराधिक कार्यवाही नहीं चल सकती। सक्षम अधिकारी की शिकायत पर ही इसका केस दर्ज हो सकता है। ऐसे में कानून के विपरीत कार्यवाही होने के कारण इसे रद्द किया जाए

# मंत्री नीरज की पोस्ट पर भड़के सहनी

## बोले- श्रीराम ने भी गंगा पार करने को मल्लाहों का सहारा लिया



पटना, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) के संस्थापक और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने मंत्री नीरज कुमार बबलू के इंटरनेट मीडिया के एक पोस्ट पर करारा प्रहार किया है। सहनी ने कहा कि राम का नाम लेकर राजनीति करने वाले यह भूल गए हैं कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने गंगा पार करने के लिए मल्लाहों का ही सहारा लिया था।

**मुकेश सहनी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर साधा निशाना**

पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके मंत्री नीरज कुमार पर निशाना साधा है। इस दौरान उन्होंने मंत्री नीरज कुमार द्वारा किए गए पोस्ट को शेयर करते हुए उन पर भगवान राम का नाम लेकर राजनीति करने का भी आरोप लगाया। जो लोग खुद को रामभक्त कहलाने से नहीं थकते, यदि उन्होंने वास्तव में श्रीराम के चरित्र से कुछ सीखा होता, तो ऐसी घटिया टिप्पणियां करने से पहले थोड़ी शर्म जरूर करते। राम का नाम लेकर राजनीति करने वाले यह भूल गए हैं कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने गंगा पार करने के लिए मल्लाहों का सहारा लिया

**मुकेश सहनी ने कसा तंज**

मंत्री नीरज ने एक पोस्ट किया जिसमें उन्होंने लिखा है कि 'तूफान से आंख मिलाओ, सैलाबों पर वार करो। मल्लाहों का चक्कर छोड़ो, तैर के दरिया पार करो।' पोस्ट के बाद सहनी ने कहा कि जो लोग खुद को रामभक्त कहलाने से नहीं थकते। यदि उन्होंने वास्तव में श्रीराम के चरित्र से कुछ सीखा होता तो ऐसी घटिया टिप्पणियां करने से पहले थोड़ी शर्म जरूर करते। राम का नाम लेकर राजनीति करने वाले यह भूल गए हैं कि भगवान राम ने मल्लाहों का सहारा लेकर नदी पार की थी।

## भागलपुर में इस जगह पर आज चलेगा बुलडोजर

भागलपुर, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। भागलपुर के पीरपैंती से गुजरने वाले एनएच 133 पर इशीपुर बाराहाट बाजार में अतिक्रमण के कारण सड़क निर्माण कार्य बाधित हैं। बाजार के मध्य केजरीवाल धर्मशाला से बाराहाट मेडिकल तक करीब 300 फीट सड़क के आधे भाग में पीसीसी ढलाई नहीं की गई है। सड़क के आधे भाग होकर ही दोनों तरफ से वाहनों के परिचालन के कारण नित्यदिन यहां महाजाम लगता है।जिससे लोग परेशान रह रहे हैं।अतिक्रमण के कारण ही सड़क निर्माण कार्य बाधित हैं। 21 दिसंबर को अतिक्रमण पर प्रशासन द्वारा बुलडोजर चलेगा। अंचल प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। सीओ मनोहर कुमार ने बताया कि 52 अतिक्रमणकारियो को एनएच 133 सड़क की जमीन को नापी कर चिन्हित कर अतिक्रमण मुक्त करने के लिए पूर्व में दो नोटिस भेजा जा चुका है। माइकिंग भी करवाई गई है। लेकिन लगातार चेतावनी के बाद भी सड़क से अतिक्रमण नहीं हटाया गया हैं। जिससे सड़क का निर्माण कार्य बाधित है।

# बिहार में जेट स्ट्रीम के कारण बदल रहा मौसम

## 22 दिसंबर तक इन जिलों के लिए अलर्ट जारी



पटना, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। बिहार में शीतलहर का प्रकोप जारी है, हालांकि राज्य सरकार की ओर से अब तक इसको लेकर अलर्ट नहीं जारी किया गया है। इधर, दिन में तापमाम बढ़ रहा है तो रात और सुबह में कनकनी वाली ठंड का अहसास हो रहा है। तापमान में काफी उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है। ऐसा जेट स्ट्रीम के कारण हो रहा है। 13 जिलों में अलर्टः मौसम विभाग ने कुछ जिलों में 22 दिसंबर तक अलर्ट जारी किया है। गोपालगंज, सिवान, सारण, वैशाली, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, सहरसा, खगड़िया, मधेपुरा, अररिया, पूर्णिया, किशनगंज और भागलपुर जिलों में 21 दिसंबर से 22 दिसंबर तक मध्यम से घना कोहरा छाए रहेगा। इन इलाकों में येलो अलर्ट जारी है। एक बार फिर रोहतास जिला का डेहरी इलाका राज्य में सबसे ठंडा रहा। हालांकि इसबार 2 डिग्री सेल्सियस तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गयी। पिछले सप्ताह यहां का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस था। मौसम विभाग की ओर से जारी 24 घंटे की रिपोर्ट में गुरुवार को डेहरी का तापमान 7 डिग्री सेल्सिय रहा। सबसे ज्यादा नूनतम तापमान भोजपुर में 14 डिग्री सेल्सिय रहा।

**रोहतास में ज्यादा ठंड क्यों?**

दरअसल, रोहतास पहाड़ी क्षेत्र आता में आता है। रोहतास और इसके आसपास कैमूर पहाड़ी, विंध्य पर्वत श्रृंखला का पूर्वी हिस्सा है। यहां काफी संख्या में झरना भी है। 90 किलोमीटर के दायरे में 12 झरना। यही कारण है कि गर्मी में सबसे ज्यादा गर्मी और ठंड में सबसे ज्यादा सर्दी इस इलाके में पड़ती है।

## शामली डीएसपी के आपत्तिजनक पोस्ट करने पर विवाद शिकायत के बाद की डिलीट, सोशल मीडिया पर हुईं ट्रोल



शामली, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। शामली में चर्चित डीएसपी श्रेष्ठा ठाकुर अपनी एक पोस्ट को लेकर सुर्खियों में आ गई। उन्होंने एक आपत्तिजनक पोस्ट अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की थी। इस पोस्ट के खिलाफ बीजेपी की ओर से एक्स पोस्ट पर शिकायत की गई थी, जिसके बाद डीएसपी ने अपनी पोस्ट को डिलीट कर दिया। हालांकि इस बीच उन्हें सोशल मीडिया पर भी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। खबर के मुताबिक डीएसपी श्रेष्ठा ठाकुर ने आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा द्वारा टैक्स को लेकर सरकार पर उठाए जा रहे सवाल को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के ऊपर मीम बनाकर डाली गई पोस्ट को शेयर किया था। जिसे लेकर सोशल मीडिया पर काफी तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली थी। डीएसपी की इस पोस्ट को लेकर उन्हें सोशल मीडिया पर काफी ट्रोलिंग का सामना करना पडा.। एक्स पोस्ट पर लोगों ने इस बात को लेकर आपत्ति जताई कि वर्दी में रहकर एक अधिकारी सरकार के खिलाफ कैसे इस तरह की पोस्ट शेयर कर सकता है। उन्होंने इसे अनुशासनहीनता बताया। भारतीय जनता पार्टी के नोएडा महानगर सोशल मीडिया हेड शिवांश श्रीजी ने इसकी एक्स पोस्ट पर शिकायत की, जिसके बाद डीएसपी को अपनी पोस्ट डिलीट करनी पड़ी।

## सहेली से हुआ प्यार, शादी के लिए एक बन गई लड़का 7.5 लाख रुपये में करवाया जेंडर चेंज; बने पति-पत्नी

कन्नौज, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। प्यार पाने के लिए लोग कुछ भी कर गुजर जाते हैं। कोई सरहदों को लांघ आता है तो कोई मजहब की दीवारों को तोड़ देते हैं। उत्तर प्रदेश के कन्नौज में प्यार में कुछ ऐसा हुआ जो लोगों के बीच चर्चा में बना हुआ है। यहां की रहने वाली एक लड़की को एक ब्यूटी पार्लर संचालिका से इश्क हो गया। दोनों के बीच प्यार हद से ज्यादा गुजर गया। दोनों ने एक-दूसरे के साथ जीने मरने का वचन लेकर शादी करने का फैसला लिया। जब दोनों के बीच उनके एक जैसे जेंडर बाधा बने तो इनमे एक लड़की ने अपना जेंडर बदल डाला। दोनों शादी के बंधन में बंधे और इसके गवाह उनके परिवार वाले बने। दोनों लड़कियों ने धूमधाम से शादी की। एक शूट-बूट और सेहरा बांध दूल्हा बनी तो दूसरी लड़की लहंगा पहनकर दुल्हन बनकर स्टेज पर पहुंची। दोनों ने विवाह की सभी रश्में निभाई। जयमाला प्रोग्राम हुआ, अग्नि के फेरे लिए गए। यह अनोखी शादी कन्नौज के सरायमीरा स्थित देविन टोला मोहल्ले में आयोजित हुई।

**पहले किया परिजनों ने विरोध**



जानकारी के मुताबिक, कन्नौज के देविन टोला निवासी एक सर्राफा कारोबारी की छोटी बेटी की साल 2020 में ब्यूटी पार्लर संचालिका से दोस्ती हो गई, जो बाद में प्यार में बदल गई। दोनों रिलेशनशिप में आ गईं। उनके प्यार के चर्चे लोगों के बीच होने लगे। परिवारवालों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने उनकी मोहब्बत का विरोध किया। लेकिन दोनों लड़कियों पर परिजनों की बात का कोई असर नहीं हुआ। सर्राफा कारोबारी की बेटी को बचपन से लड़के जैसा दिखने का शौक था। वह लड़कों की तरह दिखती थी और वैसे ही कपड़े पहनती थी।

# सीएम नीतीश की तबीयत बिगड़ी

## सारे कार्यक्रम कैंसिल:बिहार बिजनेस कनेक्ट में शामिल होने वाले थे



पटना, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। बिहार के सीएम नीतीश कुमार की अचानक तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें सर्दी-जुकाम और हल्का बुखार है। फिलहाल वो सीएम हाउस में रेस्ट कर रहे हैं। बिगड़ी तबीयत के कारण उनके आज सारे कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। डॉक्टर की सलाह पर नीतीश कुमार ने कार्यक्रम स्थगित किया है। पटना में हो रहे बिहार बिजनेस कनेक्ट में आज मुख्यमंत्री शामिल होने वाले थे। उनके सामने ही एमओयू साइन होने की बात थी, लेकिन फिलहाल मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। इसके अलावा राजगीर जाने का प्रोग्राम था। सीएम वहां सम्राट जरासंध स्मारक स्मृति पार्क का उद्घाटन करने वाले थे। साथ ही उद्यान में बनी सम्राट जरासंध स्मारक की मूर्ति के अनावरण का भी कार्यक्रम था। तबीयत खराब होने की वजह से सभी कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है। हालांकि, सूत्रों की माने तो उनकी तबीयत ठीक लगी तो वो बिहार बिजनेस कनेक्ट में शामिल हो सकते हैं।

**15 जून को हॉस्पिटल में भर्ती होना पड़ा था**

इससे पहले 15 जून की सुबह भी अचानक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तबीयत खराब हो गई थी। जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। बताया जा रहा था कि सुबह उठने पर उन्हें हाथों में तेज दर्द की शिकायत हुई थी। दर्द बढ़ने पर उन्हें पटना के मेदांता अस्पताल भर्ती कराया गया था।

**3 दिन बाद यात्रा पर जाने का है प्रोग्राम**

सीएम नीतीश कुमार प्रगति यात्रा पर निकलेंगे। पहले फेज की यात्रा 23 दिसंबर से शुरू होगी। जो 28 दिसंबर तक चलेगी। मुख्यमंत्री बेतिया से इस यात्रा की शुरुआत करेंगे। पहले चरण की यात्रा में सीएम 5 जिलों में जाएंगे। 25 दिसंबर को क्रिसमस की छुट्टी के कारण यात्रा स्थगित रहेगी।

## भारी मात्रा में अवैध हथियार के साथ दो तस्कर गिरफ्तार:6 हथियार और 180 कारतूस बरामद



नालंदा, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। नालंदा जिले में बीती रात बोधगया एसटीएफ ने दो हथियार तस्करों को भारी मात्रा में अवैध हथियारों और कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजेश कुमार और मोहम्मद नौशाद खान के रूप में हुई है। राजेश कुमार दीपनगर थाना क्षेत्र के जोरारपुर गांव का रहने वाला है, जबकि नौशाद खान मानपुर थाना क्षेत्र के पलटपुरा गांव का निवासी है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कारवाही में बोधगया एसटीएफ के एसआई नरेंद्र कुमार झा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने दीपनगर थाना क्षेत्र के न्यू बाईपास अस्थावां मार्ग से दोनों आरोपियों को धर दबोचा। आरोपियों के पास से एक एसबीबीएल गन, तीन देसी कट्टे, दो देसी पिस्तौल के साथ-साथ 315 बोर के 150 जिंदा कारतूस और 12 बोर के 30 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

## डीजे वाले ने बजाया लाउड म्यूजिक, बेटी का दावा-मां को हो गया माइग्रेन, एफआईआर दर्ज

गाजियाबाद, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के विजयनगर सेक्टर-9 में एक युवती ने डीजे की तेज आवाज से परेशान होकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। युवती का कहना है कि तेज आवाज में डीजे बजने से उसकी मां को माइग्रेन की समस्या हो गई। इस शिकायत के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और डीजे चलाने वालों को ट्रेस करने की कोशिश कर रही है। युवती का नाम प्रतिभा है और वह विजयनगर सेक्टर-9 में अपने परिवार के साथ रहती है। उन्होंने पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में बताया कि डीजे की आवाज इतनी तेज होती है कि वह न केवल उनके घर बल्कि आसपास के कई घरों के लिए भी परेशानी का कारण बन गई है। तेज आवाज और कम्पन के कारण कई घरों की खिड़कियों के शीशों में दरारें आ चुकी हैं। प्रतिभा ने इस संबंध में वीडियो भी उपलब्ध कराया है, जिसमें खिड़कियां और दरवाजे कंपन्न करते हुए दिखाए गए हैं। उन्होंने यह वीडियो एसीपी कोतवाली को शिकायत के साथ भेजा है, ताकि स्थिति की गंभीरता को समझा जा सके। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रतिभा ने यह भी बताया कि मंगलवार को एक और घटना में तेज डीजे की आवाज से उनका घर हिलने लगा था। इस समस्या से वह और आसपास के लोग लंबे समय से परेशान थे, लेकिन अब उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई की जा रही है और डीजे चलाने वालों को ट्रेस किया जा रहा है। प्रतिभा का कहना है कि उनका इलाका एक रिहायशी क्षेत्र है, जहां निर्धारित आवाज में ही डीजे बजाए जा सकते हैं।

# आखिरी दिन भी प्रदर्शन और हंगामा; शोर शराबे के बीच स्थगित हुई विधानसभा

भोपाल, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज 5वां और आखिरी दिन है। आज सदन में विपक्ष ने प्रश्नकाल के दौरान राज्य में जल जीवन मिशन में गड़बड़ियों का मुद्दा उठाया। इसके अलावा सदन में आज कांग्रेस के विधायकों ने अंबेडकर मामले पर भी जमकर हंगामा किया। शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर पर अमित शाह द्वारा की गई टिप्पणी को लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा परिसर में प्रदर्शन किया। वहीं शोर-शराबे के बीच विधानसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई है।



सभी कांग्रेस विधायक हाथों में संविधान की किताब लेकर विधानसभा पहुंचे। इसके साथ ही इन विधायकों ने 'बाबासाहेब का अपमान नहीं सहेंगे' की नारेबाजी भी की। इसके अलावा कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा परिसर में हाथों में पोस्टर लेकर भी प्रदर्शन किया है। इस दौरान पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक सचिन यादव ने कहा कि अमित शाह को बचाने के लिए लोकतंत्र को शर्मसार किया जा रहा है। भाजपा के सांसदों ने राहुल गांधी के साथ अभद्र व्यवहार किया, जो निंदनीय है। अब उन्होंने झूठी एफआईआर दर्ज करवाई है। राहुल गांधी देश के दलित, आदिवासी, पिछड़ों और कमजोर लोगों की आवाज बनकर उभर रहे हैं। उनकी इस आवाज को दबाने के लिए और अमित शाह को बचाने के लिए ये पूरी कवायद रची गई है।

**भाजपा विधायकों ने की राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी**

इसके साथ ही विधानसभा में फिर लोकसभा के धक्कामुक्की का मुद्दा उठा। जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच तीखी नोंकझोंक हुई। सदन में जहां कांग्रेस विधायकों ने भीमराव अंबेडकर जिंदाबाद के नारे लगाए, वहीं भाजपा विधायकों ने राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी की। भाजपा विधायकों ने राहुल गांधी पर बीजेपी सांसद पर हमले के आरोप लगाए। वहीं, शोर शराबे के बीच विधानसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई है।

## रेप कर 1500 किमी दूर भागा, कानून जागा और ऐसे पकड़ा गया 'रेपिस्ट'

नई दिल्ली, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता हाथ लगी है। रेप के 25 वर्षीय आरोपी को दिल्ली पुलिस ने गुजरात के सूरत से ढूंढ निकाला है। रेपिस्ट का पीछा करते हुए दिल्ली क्राइम ब्रांच के अफसर 1500 किलोमीटर दूर सूरत जा पहुंचे, जहां उन्होंने रेप के आरोपी को धर दबोचा। आइए जानते हैं दिल्ली पुलिस ने इस मिशन को कैसे अंजाम दिया? दिल्ली पुलिस के अनुसार 25 वर्षीय कुलदीप पर रेप का आरोप था। पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई शुरू की, लेकिन वो शहर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने जब कुलदीप की लोकेश खंगाली तो पता चला कि वो सूरत के जय अंबे नगर में छिपा हुआ था। दिल्ली पुलिस ने गुजरात पुलिस से संपर्क किया और कुलदीप को पकड़ लिया।

# 'किसान नेता डल्लेवाल को अस्थायी अस्पताल में शिफ्ट करें', पंजाब सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने दिया निर्देश



नई दिल्ली, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को खनौरी बॉर्डर पर पास के अस्थायी अस्पताल में स्थानांतरित करने को कहा है। बता दें कि डल्लेवाल लंबे समय से धरना कर रहे हैं और जिस वजह से उनके स्वास्थ्य में गिरावट दर्ज की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने ये निर्देश इसलिए दिया क्योंकि इससे डल्लेवाल के स्वास्थ्य की दिन-रात निगरानी की जा सके। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भूइयां की पीठ ने पंजाब सरकार के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह को ये निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने डल्लेवाल को खनौरी बॉर्डर पर प्रदर्शन स्थल के पास मौजूद अस्थायी अस्पताल में ट्रांसफर करने के संबंध में एक हलफनामा देने को कहा है। सिंह ने पीठ को सूचित किया कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल सहयोग कर रहे हैं और गुरुवार को उनकी ईसीजी एवं खून के नमूने की जांच समेत कई जांच की गईं। उन्होंने कहा कि डल्लेवाल की स्वास्थ्य की स्थिति फिलहाल स्थिर है। पीठ ने गुरुवार को नागरिक अधिकार कार्यकर्ता इरोम शर्मिला द्वारा चिकित्सा देखरेख में एक दशक से अधिक समय से जारी विरोध प्रदर्शन का उल्लेख किया और पंजाब सरकार से कहा कि वह डल्लेवाल को स्वास्थ्य जांच कराने के लिए राजी करे। पीठ ने पंजाब सरकार की इस बात के लिए खिंचाई की थी कि उसने आमरण अनशन कर रहे डल्लेवाल की चिकत्सीय जांच नहीं कराई।

**आमरण अनशन पर बैठे डल्लेवाल**

बता दें कि केंद्र पर फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी सहित आंदोलनकारी किसानों की मांगों को स्वीकार करने का दबाव बनाने के उद्देश्य से डल्लेवाल 26 नवंबर से खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन पर हैं। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले प्रदर्शन कर रहे किसान सुरक्षा बलों द्वारा उनके दिल्ली कूच को रोके जाने के बाद 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू एवं खनौरी बॉर्डर पर डेरा डाले हुए हैं। उपज के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी सहित अपनी मांगों के समर्थन में दिल्ली तक मार्च करने की किसानों की घोषणा के बाद हरियाणा सरकार ने फरवरी में अंबाला-नयी दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवरोधक लगा दिए थे।

## बीजेपी सांसद अपराजिता सारंगी ने प्रियंका गांधी को 1984 के दंगे लिखा बैग दिया

नई दिल्ली, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। संसद भवन परिसर में बीजेपी सांसद अपराजिता सारंगी ने प्रियंका गांधी को 1984 के दंगे लिखा बैग दिया। इस बैग पर दंगे की तस्वीरें थी। अपराजित ने जब प्रियंका गांधी की ओर बैग बढ़ाया तो उन्होंने उसे अपने रख लिया। यह बैग पहली नजर में ही 1984 के दंगों की याद दिलाता है। 1984 में देश की राजधानी दिल्ली में हुए भयावह दंगे में सैकड़ों लोगों की मौत हुई थी। दरअसल, प्रियंका गांधी इन दिनों अपने बैग को लेकर चर्चा में हैं। वह लगातार नए-नए बैग लेकर संसद भवन पहुंचती हैं। उनके बैग पर भी कुछ नया नारा लिखा होता है। कभी अडानी कभी बांग्लादेश तो कभी फिलिस्तीन लिखा हुआ बैग सुर्खियां बटोर रहा है। इस बीच आज बीजेपी सांसद अपराजिता सारंगी ने उन्हें 1984 दंगे की याद दिलाता हुए एक बैग दिया। अपराजिता सारंगी ने जो बैग प्रियंका गांधी को दिया है उस पर 1984 लिखा हुआ है। यह बैग 1984 के दंगों की याद दिला रहा है। अपराजिता ने कहा कि वह संसद में नए-नए बैग लेकर आती हैं तो मैंने भी सोचा कि उन्हें एक बैग गिफ्ट करूं। यह बैग 1984 के दंगों की याद दिलाता है।

## पत्नी और साली पर चाकू से किए थे कई वार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे

भोपाल, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में हुए डबल मर्डर की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट में सामने आया है कि एएसआई योगेश मरावी ने अपनी पत्नी विनीता और साली मेघा पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए थे। आरोपी योगेश का प्लान था कि वह एक एसआई की हत्या के बाद खुदकुशी कर लेगा। इसके लिए उसने बाकायदा एक सुसाइड नोट भी लिखा था। लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

**प्राइवेट पार्ट पर चाकू से वार**

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चला है कि आरोपी ने चाकू से साली मेघा के शरीर पर 14 और पत्नी विनीता पर 7 वार किए थे। इसमें से कई वार उनके प्राइवेट पार्ट पर किए गए थे। इसके अलावा कमर पर दो, पेट और बाएं हाथ के अंगूठे पर भी एक-एक वार किया था। आरोपी एएसआई योगेश ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि वह अपनी पत्नी से अलग नहीं होना चाहता था। जब पत्नी ने उसे तलाक के पेपर भेजे, तो यह देखकर उसका गुस्सा भड़क गया था। उसने अपनी साली मेघा पर पत्नी को उकसाने का आरोप लगाया है।

**ढाबे पर बैठकर लिखा सुसाइड नोट**

आरोपी एएसआई योगेश मरावी मंडला जिले में तैनात था। वह मंडला से भोपाल तक टैक्सी में आया था। इस दौरान उसने ढाबे पर बैठकर सुसाइड नोट भी लिखा था। टैक्सी ड्राइवर ने इसकी जानकारी अपने मालिक को दी थी। पड़ोसियों ने बताया कि आरोपी ने पहले पत्नी के फ्लैट पर पहुंचकर दरवाजा खटखटाया था, लेकिन अनहोनी की आशंका से किसी ने दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद उनसे एक दिन इंतजार किया।

**रेकी कर वारदात को अंजाम दिया**

काफी रेकी करने के बाद अगली सुबह वह अपार्टमेंट के पीछे गाड़ी खड़ी कर नौकरानी का इंतजार करने लगा। जब नौकरानी फ्लैट के गेट पर पहुंची, तो उसकी आवाज सुनकर दरवाजा खुल गया। इसके बाद आरोपी ने महज 6 मिनट के भीतर वारदात को अंजाम दिया। वह खून से सनी टी-शर्ट पहनकर की टैक्सी में बैठ गया और वापस मंडला लौट गया। फ्लैट के सामने ही जैन परिवार रहता है, जिन्होंने घटना पर कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया है।

## क्रिप्टो करेंसी घोटाले में 78 आरोपियों की हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तारी, अब तक 37 करोड़ की संपत्ति जब्त



शिमला, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश सरकार ने क्रिप्टोकरेंसी और एनडीपीएस के तहत दर्ज मामलों में बड़ी कार्रवाई की है. हिमाचल प्रदेश विधानसभा में गृह विभाग की ओर से इस संबंध में जानकारी मिली है. इस संबंध में शाहपुर से विधायक केवल सिंह पठानिया ने सवाल किया था. मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की ओर से बतौर गृह मंत्री दिए गए उत्तर में यह जानकारी मिली है. पठानिया के प्रश्न संख्या- 2289 के उत्तर में मिली जानकारी के मुताबिक, हिमाचल प्रदेश में बीते दो सालों में 30 नवंबर 2024 तक क्रिप्टो करेंसी घोटाले के 12 मामले और एनडीपीएस के तहत 3 हजार 779 मामले दर्ज किए गए हैं. इन मामलों में क्रिप्टोकरेंसी घोटाले में 78 आरोपियों और एनडीपीएस के तहत 5 हजार 717 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है.

## 'राजभवन चलो' प्रदर्शन को लेकर असम पुलिस ने कांग्रेस के खिलाफ दर्ज किया केस

### सीएम सरमा ने लगाए कार्यकर्ताओं पर आरोप

गुवाहाटी, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। असम पुलिस ने 18 दिसंबर को असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के राजभवन चलो विरोध प्रदर्शन के दौरान उत्पन्न कानून-व्यवस्था की स्थिति के संबंध में स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया है। इसकी जानकारी एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने दी। गुवाहाटी के पुलिस आयुक्त दिगंता बराह ने कहा, गुवाहाटी सिटी पुलिस ने 18 दिसंबर को असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के राजभवन चलो के दौरान उत्पन्न हुई कानून व्यवस्था की स्थिति के संबंध में स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया है। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बुधवार को जम्मू, चंडीगढ़, गुवाहाटी और पटना में राजभवनों तक मार्च सहित देशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया। गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बीआर अंबेडकर के बारे में की गई टिप्पणी, मणिपुर में चल रहे संकट, अडानी विवाद पर कथित निष्क्रियता और जम्मू-कश्मीर के राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। 19 दिसंबर को गुवाहाटी पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत दिसपुर इलाके में निषेधाज्ञा जारी की, जिसमें सार्वजनिक समारोहों पर सख्त प्रतिबंध लगाए गए। इस आदेश में सार्वजनिक समारोहों पर सख्त प्रतिबंध लगाए गए हैं, जिसमें कहा गया है कि क्षेत्र में ऐसी किसी भी गतिविधि के लिए सक्षम अधिकारियों से पूर्व अनुमति लेनी होगी। यह निर्णय कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मृदुल इस्लाम की दुखद मौत के बीच लिया गया है, जिनकी कथित तौर पर कांग्रेस पार्टी द्वारा राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन के दौरान गुवाहाटी में मृत्यु हो गई थी। गुरुवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, राज्यपाल की संस्था दलगत राजनीति से ऊपर है। कल, कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने पुलिस बैरिकेड्स तोड़कर राजभवन में जबरन घुसने की कोशिश की और आसपास के इलाकों में अराजकता फैलाई। उन्होंने कहा, पुलिस एफआईआर दर्ज करेगी और वीडियो रिकॉर्डिंग की समीक्षा सहित घटना की पूरी जांच करेगी।

# महाराष्ट्र चुनाव में हुई थी टेरर फ़ंडिंग? सीएम फडणवीस के बयान पर एमवीए ने किया पलटवार



नागपुर, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र विधानसभा में बयान देते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में टेरर फ़ंडिंग हुई और अब इसकी भी जांच होगी। देवेंद्र फडणवीस के इस बयान के बाद एमवीए ने पलटवार किया है। जानकारी के अनुसार, 2024 में मालेगांव में कुछ युवकों ने शिकायत दर्ज कराई कि करीब 114 करोड़ रुपए खातों में जमा किए गए हैं। आरोपी सिराज मोहम्मद ने 14 लोगों के आधार कार्ड और पैन कार्ड का इस्तेमाल करके नासिक सहकारी बैंक में 14 बैंक खाते बनाए और बाद में इन 14 खातों में 114 करोड़ रुपए जमा किए। जब पुलिस और इनकम टैक्स विभाग ने जांच की तो पता चला कि मामला सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं है। उन्हें समझ में आया कि 21 राज्यों में 201 बैंक खातों में 1 हजार करोड़ रुपए का लेनदेन हुआ है। मुंबई नासिक में पैसे भेजे गए और 600 करोड़ दुबई भेजे गए। 100 करोड़ का इस्तेमाल चुनाव में अलग तरीके से किया गया। सीएम ने कहा कि इस मामले की जांच फिलहाल एटीएस कर रही है लेकिन चुनाव जीतने के लिए लोग किस हद तक जा रहे हैं और सिर्फ यही नहीं चुनाव में विदेशी दखलंदाजी हो रही है। यह अब संसद को पता है कि हम सब एक दूसरे की विचारधारा के खिलाफ हैं। मुझे आपकी देशभक्ति पर शक नहीं है लेकिन दुख की बात है कि हमारे विपक्ष ने अपने कंधे किसी ऐसे व्यक्ति को दे दिए हैं जो गोली चलाए। इससे मैं परेशान हूं कि हमारे कंधों पर बंदूक कौन रख रहा है, हमें इस पर विचार करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस के इस बयान के बाद विपक्ष और कांग्रेस, एनसीपी शरद पवार, उद्धव ठाकरे की पार्टी की तरफ़ से प्रतिक्रिया आयी। महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि देवेंद्र फड़नवीस ने ख़ुद गृहमंत्री थे और केंद्र में उनकी सरकार थी तो वो जाँच क्यों नहीं करा पाए? अगर टेरर फंडिंग हो रही है वो क्या कर रहे थे? यह तो उनकी असफलता है। बीजेपी असल में मुद्दों को भटकाना चाहती है। नाना पटोले की बात को आदित्य ठाकरे ने भी आगे बढ़ाया और कहा कि देवेंद्र फड़णवीस का निशाना एमवीए पर नहीं बल्कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर है क्योंकि उनके गृह मंत्री रहते अगर कोई टेरर फंडिंग हो रही होगी तो ये काफ़ी गंभीर मामला है । जो बात फड़नवीस को पता है वह अमित शाह को क्यों नहीं पता ? यह तो उनकी असफलता है।

## 7 महीने की प्रेग्नेंट बीवी 'गर्लफ्रेंड' के साथ फरार 2 साल पहले की थी शादी; पति पहुंचा हाई कोर्ट

अहमदाबाद, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। गुजरात में हैरान कर देने वाला केस सामने आया है। एक शख्स ने अहमदाबाद स्थित हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। शख्स का कहना है कि उसकी सात महीने की गर्भवती बीवी घर से अपनी समलैंगिक सहेली के साथ फरार हो गई है। दो महीने से उसका कोई सुराग नहीं लग रहा है। अक्टूबर में वह घर से भाग गई थी। अब तक वापस नहीं लौटी है। उसने मामले की शिकायत पुलिस को भी दी थी। लेकिन पुलिस उसे ढूंढने में नाकाम साबित हुई है।

जिसके बाद अब कोर्ट की शरण ली है। पीड़ित ने बताया कि बीवी की गुमशुदगी की शिकायत उसने चांदखेड़ा पुलिस स्टेशन में दर्ज करवाई थी। अभी तक बीवी का कोई पता नहीं लग सका है। उसने 2022 में विवाह रचाया था। जिसके बाद वे हंसी-खुशी जीवन व्यतीत कर रहे थे। पुलिस जांच में पता लगा है कि पीड़ित की पत्नी का अपनी सहेली के साथ समलैंगिक संबंध था। शादी से पहले यह बात वर और वधू पक्ष को पता लग गई थी। पुलिस के अनुसार महिला की तलाश की जा रही है। हाई कोर्ट ने मामला सामने आने के बाद महिला का पता लगाने और 23 दिसंबर तक उसे कोर्ट में पेश करने के आदेश गुजरात पुलिस को जारी किए हैं।

**मेरठ में भी सामने आया था ऐसा मामला**

उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में भी कुछ दिन पहले ऐसा ही हैरान कर देने वाला मामला सामने आया था। यहां के पल्लवपुरम क्षेत्र की एक युवती अपनी सिविल लाइन क्षेत्र में रहने वाली सहेली के साथ फरार हो गई थी। इसके बाद बवाल हो गया था। युवती के परिजन भाजपा नेताओं के साथ सहेली के घर पहुंचे थे। परिजनों ने आरोप लगाया था कि उनकी बेटी को सहेली ने ड्रग्स देकर समलैंगिक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया था। उसका अपहरण किया गया है। पुलिस मौके पर आकर आरोपी सहेली के परिजनों को साथ ले गई थी। जिसके बाद थाने में भी जमकर हंगामा हुआ था।

# मणिपुर में फिर बिगड़ सकते हैं हालात! म्यांमार से लौटने लगे हैं मैतेई विद्रोही, क्यों है खतरे की घंटी



इंफाल, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। म्यांमार के गृह युद्ध में लड़ने वाले भारतीय विद्रोही गुट अब मणिपुर की सीमा की ओर लौट रहे है। इससे राज्य में पिछले 19 महीने चल रहा हिंसक संघर्ष और भड़क गया है। इस वजह से मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हिंसा की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। मई 2023 से अब तक, इस हिंसा में 260 लोगों की मौत हो गई है, वहीं 60 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं। सेना और पुलिस के अधिकारियों ने रॉयटर्स से बातचीत ने कहा कि विद्रोही गुटों के सीमा पार आने की वजह से नए इलाकों में भी संघर्ष फैल रहा है। ये विद्रोही रॉकेट लॉन्चर समेत कई आधुनिक हथियारों से लैस हैं। इसके मद्देनजर केंद्र सरकार ने राज्य में 10 हजार और सैनिकों की तैनाती का एलान किया है। अब राज्य में कुल 67 हजार सैनिकों के अलावा 30 हजार पुलिस बल के जवान भी तैनात रहेंगे। अधिकारियों ने बताया कि विद्रोही गुट अपने हथियारों की खरीद और ऑपरेशन को फंड करने के लिए वसूली और अवैध ड्रग्स का व्यापार कर रहे हैं, जिससे राज्य में क्राइम बढ़ रहा है। मणिपुर पुलिस के पूर्व चीफ यमनम जॉय कुमार सिंह ने इस मामले में कहा, 'पिछले 10 सालों में हमने जिन विद्रोहियों पर काबू पाया, वह अब फिर से पैर पसार रहे हैं। कुछ म्यांमार से वापस आ चुके हैं, कुछ लौट रहे हैं।'

मणिपुर की सीमा म्यांमार से लगती है। यहां की आबादी करीब 32 लाख है। पिछले साल मैतेई समुदाय को कुकी समुदाय को मिलने वाली सुविधाएं देने के कोर्ट के आदेश के बाद यहां हिंसा भड़क गई थी। दरअसल कई मैतेई ग्रुप म्यांमार में हुए सिविल वार में विद्रोही गुटों की तरफ से लड़ रहे थे। उनके कैडर में करीब 2000 लोग थे। उन्होंने बर्मी की कुकी नेशनल आर्मी और पीपल डिफेंस फोर्स के खिलाफ जंग छेड़ रखी थी। इसमें से कई मैतेई ग्रुप मिलिट्री की मदद से म्यामांर में बने कैंप से ही ऑपरेट करते थे। लेकिन अब ये बिखर गए हैं और वापस मणिपुर की तरफ लौट रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि लौट रहे विद्रोहियों की संख्या का अंदाजा अभी नहीं लगाया जा सकता। पिछले साल म्यामांर बॉर्डर से लौट रहे ऐसे ही 100 मैतेई विद्रोहियों को गिरफ्तार किया गया था। इस साल भी करीब 200 लोगों को पकड़ा गया है। इनके अलावा करीब 50 कुकी विद्रोहियों को भी गिरफ्तार किया गया है। फरवरी में ही भारत सरकार ने म्यांमार से लगती करीब 1600 किलोमीटर की सीमा पर फेंसिंग करने की घोषणा की थी। सुरक्षा बलों को अंदेशा है कि ये विद्रोही रॉकेट लॉन्चर, मशीन गन और असॉल्ट राइफल जैसे कई अत्याधुनिक हथियारों से लैस हैं।

## कल्याण की घटना पर भड़के मनसे प्रमुख राज ठाकरे, 'मराठियों, अब तो जाग जाओ



मुंबई, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के कल्याण में गैर मराठी और मराठी भाषी परिवार के बीच झगड़े के बाद मामला गरमा गया है. इस मसले को लेकर सियासत भी तेज हो गई है. महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने इस मसले को लेकर अपने गुस्से का इजहार किया है. साथ ही उन्होंने राज्य के नेताओं को घेरते हुए मराठियों से जागने की अपील की है. उन्होंने कल्याण मामले में आरोपियों गिरफ्तारी की मांग की है. मनसे प्रमुख ने कहा, "उन्हें दिखाओ कि कानून का डर क्या होता है और सरकार ऐसा नहीं कर पा रही है तो अगर महाराष्ट्र के सैनिक हमला करें तो हम पर उंगली न उठाएं."

# ममता बनर्जी की पुलिस से मिली थी 'चोट' अब सीबीआई ने भी किया निराश




कोलकाता, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में डॉक्टर बिटिया के साथ रेप के बाद हत्या की वारदात हुई तो इस वारदात ने पूरे देश को हिला कर रख दिया। देश का कोई अस्पताल ऐसा नहीं था जहां डॉक्टर्स हड़ताल पर ना बैठे हैं। ममता बनर्जी की पुलिस पर डॉक्टर के परिवार को जरा भी भरोसा नहीं था। यही वजह है कि बैकफुट पर नजर आ रही बंगाल सरकार से जांच लेकर इसे सीबीआई को सौंप दिया गया था। अब पीड़ित परिवार का भरोसा केंद्रीय जांच एजेंसी से भी उठता नजर आ रहा है। परिवार का दर्द अब खुलकर सामने आने लगा है। ऐसे में सवाल उठता है कि न्याय की गुहार लगा रहा परिवार अब जाए तो जाए कहां। माता-पिता ने गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। जज साहब से सीबीआई की जांच पर भरोसा नहीं होने की बात कही गई। फैमिली चाहती है कि बेटी के हत्यारे की नए सिरे से जांच करवाई जाए। हालांकि हाईकोर्ट ने चल रहे मुकदमे में तुरंत हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, लेकिन सीबीआई से 24 दिसंबर को स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा गया है। आज मुख्य आरोपी संजय रॉय सियालदह ट्रायल कोर्ट में गवाही देगा। वो जज के सामने इस पूरे घटनाक्रम पर अपना पक्ष रखेगा। एक दिन पहले पिता ने कहा था, "जहां भी विरोध प्रदर्शन होगा, हम उसमें हिस्सा लेंगे। अब यही एक रास्ता है। मैं बहुत दुखी हूं। हमें और मजबूती से विरोध करना होगा, तभी कुछ होगा। सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल नहीं की। जब हमने न्याय के लिए अदालत से गुहार लगाई तब उन्होंने केस सीबीआई को दे दिया, लेकिन सीबीआई ने अपना काम ठीक से नहीं किया।

जब विरोध प्रदर्शन चल रहे थे, तब सीबीआई अच्छा काम कर रही थी, इसलिए गिरफ्तारियां हुईं, लेकिन जैसे ही विरोध प्रदर्शन बंद हुआ, सीबीआई ने काम करना बंद कर दिया। अगर विरोध प्रदर्शन जारी रहता, तो सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल कर दी होती।" इसी साल आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 9 अगस्त को एक जूनियर डॉक्टर की रेप के बाद हत्या कर दी गई थी। यह वारदात आधी रात को हुआ। मामले की जांच पहले ममता बनर्जी की पुलिस कर रही थी, लेकिन किसी को भी कलकत्ता पुलिस पर विश्वास नहीं था। ममता बनर्जी ने तब कहा था कि अगर परिवार सीबीआई से जांच चाहता है तो हमें इससे आपत्ति नहीं है। फिर 13 अगस्त को हाईकोर्ट की एक बेंच ने जांच को केंद्रीय एजेंसी को सौंप दिया था।

स्वतंत्र वार्ता

शनिवार, 21 दिसंबर- 2024

# कानून बनाने वाले थाने में

विधानसभाओं और संसद के भीतर पहले भी झूमा झटकी होती रही है। दस्तावेज फाड़े जाते रहे हैं और कुर्सियों, डेस्कों पर चढ़ने की घटनाएँ तो आम हो चुकी हैं। लेकिन गुरुवार को संसद के मकर द्वार पर जो हुआ, वह इतना गड्ड- मड्ड है कि समझ में नहीं आ रहा, आख़िर हुआ क्या है? कांग्रेस वाले कह रहे हैं कि उन्हें भाजपा वालों ने धक्का दिया जबकि भाजपा वाले कह रहे हैं कि उन्हें खुद राहुल गांधी ने धक्का दिया। भाजपा के दो सांसद गिर गए। उन्हें चोटें आईं और वे राम मनोहर लोहिया अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हैं। इधर कांग्रेस कह रही है कि उसके अध्यक्ष एवं बुजर्ग मल्लिकार्जुन खडगे को भी धक्का दिया गया जिसकी वजह से वे ज़मीन पर बैठ गए थे। राहुल गांधी कह रहे हैं कि भाजपा सांसद लकड़ियां लेकर संसद परिसर में कैसे दाखिल हो गए? उन्होंने कहा कि भाजपा के सांसदों ने हमें घेर लिया था। भीतर नहीं जाने दे रहे थे। दूसरी ओर भाजपा के घायल सांसद प्रताप सारंगी कह रहे हैं कि कोई सांसद उनके ऊपर गिर गया था। फिर कहा कि उस सांसद को राहुल गांधी ने धक्का दिया था। कुल मिलाकर मामला इतना उलझ गया है कि अब यह थाने तक पहुंच चुका है। भाजपा ने राहुल गांधी के खिलाफ थाने में रपट लिखा दी है और कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। अब जो कुछ भी करना है वह पुलिस करेगी। दूसरी ओर वीडियो फुटेज देखकर सिर्फ़ ये नज़र आ रहा है कि प्रताप सारंगी घायल हुए हैं। कुछ सांसदों ने उनकी हालत देखने के लिए राहुल गांधी को बुलाया। वे आए भी लेकिन दूर से ही देखकर चले गए। राहुल को उनके पास जाना था। बात भी कर सकते थे। आखिर एक घायल बुजुर्ग को देखने में तो कोई दलीय राजनीति सामने नहीं ही आनी चाहिए। दूसरी ओर कांग्रेस का कहना है कि राहुल के वहां पहुंचते ही एक सांसद ने उन्हें गुंडा कह कर संबोधित किया जिसकी वजह से वे वहां से टल गए। कांग्रेस ने तो यह भी तोहमत लगाया है कि यह सब बाबा साहेब पर गृह मंत्री के बयान के बाद उठे विवाद से बचाने के लिए किया जा रहा है। जबकि भाजपा का कहना है कि मकर द्वार पर कांग्रेसी जानबूझ कर आए थे। वे चाहते तो बग़ल से निकलकर जा सकते थे, लेकिन वे भीड़ में ज़बर्दस्ती घुस आए। एक और संगीन बात यह सामने आई कि एक महिला सांसद श्रीमती कोन्याक जो नागालैंड की हैं ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी उनके बेहद क़रीब आकर चिल्लाए जिसकी वजह से वे असहज हो गई थीं। उन्होंने राज्यसभा के सभापति से भी शिकायत की है। यदि यह सच है तो मामला गंभीर हो सकता है। खैर, आज शुक्रवार को संसद का यह सत्र समाप्त हो गया है। इसके साथ ही यह उम्मीद की जा सकती है कि अब यह मामला भी शांत हो जाएगा। भाजपा ने तो यहाँ तक कह दिया है कि राहुल गांधी ने जिस तरह का बर्ताव किया, उसके बाद उन्हें नेता प्रतिपक्ष रहने का अधिकार नहीं है। बहरहाल, संसद अगर सीसीटीवी फ़ुटेज जारी कर दे तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। क्योंकि पूरी घटना व सच्चाई सीसीटीवी में जरूर कैद होगी।

# सांसद भी बिजली चोरी करेंगे तो जनता पर क्या असर होगा ?



**अशोक भाटिया**

संभल से समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ गुरुवार को यहां दीपा सराय इलाके में उनके आवास पर बिजली चोरी के आरोप में मामला दर्ज किया गया। देर रात उन पर एफआई की कार्रवाई होने के बाद उनके घर की बिजली भी काट दी गई और बिजली विभाग ने 1 करोड़ 91 लाख का लगा जुर्माना ठोक दिया। पुलिस ने बताया कि उनके पिता पर भी बिजली विभाग द्वारा घर के निरीक्षण के दौरान सरकारी अधिकारियों को धमकाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। सांसद के खिलाफ बिजली अधिनियम, 2003 की धारा 135 (बिजली की चोरी या बिजली का अनधिकृत उपयोग) के तहत मामला दर्ज किया गया है ।बिजली विभाग के एक अधिकारी की शिकायत पर दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि विद्युत परीक्षण प्रयोगशाला से प्राप्त उपभोक्ता के मीटर की जांच करने पर यह स्पष्ट हो गया है कि मीटर से छेड़छाड़ करके बिजली चोरी की गई है। बिजली विभाग ने इलाके में सुरक्षाबलों की तैनाती के बीच बृहस्पतिवार सुबह बर्क के आवास पर निरीक्षण शुरू किया था। बर्क उन लोगों में शामिल हैं, जिनके खिलाफ पुलिस ने 24 नवंबर को संबल में हुई हिंसा के सिलसिले में भी मामला दर्ज किया गया है। शहर के कोट गर्वी इलाके में अदालत के आदेश पर मुगलकालीन शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण का विरोध करने पर सुरक्षाकर्मियों के साथ हुई झड़प में चार स्थानीय लोगों की मौत हो गई थी। बर्क ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर कर अपनी गिरफ्तारी पर रोक लगाने और अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने की भी मांग की है।बर्क पर 24 नवंबर को लोगों को भड़काने का आरोप है। पुलिस ने आरोप लगाया है कि सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा का कारण उनका भड़काऊ भाषण था। रिट याचिका में सांसद ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा है कि उन्हें इस मामले में फंसाया गया है। उनके वकील के अनुसार, वह घटना स्थल पर मौजूद नहीं थे, फिर भी उन्हें प्राथमिकी में आरोपी बनाया गया है। इस बीच, बिजली विभाग के निरीक्षण के दौरान सरकारी अधिकारियों को धमकाने के आरोप में सांसद के पिता के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अधीक्षक (संभल) कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि सुबह साढ़े सात बजे बिजली विभाग के संतोष त्रिपाठी दीपा सराय में बिजली उपकरणों की जांच कर रहे थे, तभी वह ममलूकुर रहमान बर्क (सांसद के पिता) के घर गए और वहां बिजली उपकरणों की जांच की। इस दौरान ममलूकुर रहमान बर्क ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया, सरकारी काम में बाधा डाली और कहा कि सरकार बदल जाएगी और हम तुम्हें बर्बाद कर देंगे, उन्होंने अपशब्दों का प्रयोग किया, इसका वीडियो बिजली विभाग ने बनाया है।बिश्नोई ने बताया कि ममलूकुर रहमान बर्क, वसीम, सलमान के खिलाफ नखासा थाने में कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। संभल के दीपा सराय इलाके में बिजली विभाग ने समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद जियाउर रहमान बर्क के आवास की जांच की। इस दौरान इलाके में भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) शिरीष चंद्र ने संवाददाताओं से कहा कि बिजली विभाग ने दीपा सराय इलाके में सुरक्षित और सुचारू निरीक्षण के लिए पुलिस सहायता मांगी है। फिलहाल निरीक्षण जारी है। निरीक्षण किए जा रहे स्थान के बारे में विशेष रूप से पूछे जाने पर एएसपी ने कहा कि यह सांसद का आधिकारिक आवास है, जहां बिजली विभाग जांच कर रहा है। बिजली विभाग के उपमंडल अधिकारी संतोष कुमार त्रिपाठी ने कहा कि सांसद के आवास पर दो-दो किलोवाट के दो कनेक्शन और 10 किलोवाट का सोलर पैनल है। उन्होंने कहा कि हालांकि, उपयोग और उपकरणों के आधार पर आवश्यकता आठ से 10 किलोवाट के बीच होनी चाहिए। सांसद का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील कासिम जमाल ने अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि निवास में चार किलोवाट के दो कनेक्शन, 10 किलोवाट का सोलर पैनल और पांच किलोवाट का जनरेटर है। 'सेटअप' में दो 'एयर कंडीशनर', 6-7 'सीलिंग फैन (छत वाले पंखे)', एक रेफ्रिजरेटर और लाइट शामिल हैं। बिल बहुत कम है क्योंकि यहां परिवार के केवल चार सदस्य रहते हैं। सांसद, उनकी पत्नी, उनकी मां और उनके पिता। विद्युत विभाग का निरीक्षण जारी है क्योंकि अधिकारी अनुमानित खपत के मुकाबले मौजूदा कनेक्शन का मूल्यांकन कर रहे हैं। इलाके में पुलिस, पीएसी और त्वरित कार्रवाई बल के जवानों की तैनाती पर अधिवक्ता ने कहा कि यह परिवार की छवि को धूमिल करने का प्रयास है। लम्बे समय से चल रही बिजली चोरी पर इतना सब होने के बाद सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ बिजली चोरी का मामला दर्ज किया जा रहा है जबकि उनको हर सुविधा मुफ्त मिलती है । सांसद को सैलरी के साथ अलग-अलग तरह के भत्ते मिलते हैं। अगर सिर्फ भत्तों को जोड़ा जाए तो वो आंकड़ा सैलरी से कहीं ज्यादा होता है। एक सांसद को हर माह 1 लाख रुपए बतौर वेतन मिलते हैं। यह मूल वेतन है।इन्हें हर माह 2 हजार रुपए दैनिक भत्ता, 70 हजार रुपए निर्वाचन क्षेत्र भत्ता, 60 हजार रुपए कार्यालय व्यय भत्ता मिलता है। इसके अलावा आवास, निर्वाचन क्षेत्र आवास और इंटरनेट कनेक्टिविटी के लिए तीनों टेलीफोनों पर सालाना 1,50,000 फ्री कॉल की जा सकती हैं। किराया मुक्त सरकारी आवास मिलता है। जिसके लिए हर साल 50,000 यूनिट बिजली मिलती है।इस तरह सिर्फ भत्तों को ही जोड़ा जाए तो यह आंकड़ा वेतन से कहीं आगे निकल जाता है।सांसद को पास भी दिया जाता है, जो उन्हें मुफ्त रेल यात्रा करने का अधिकार देता है। वह किसी भी ट्रेन की फर्स्ट क्लास एसी या एग्जिक्यूटिव क्लास में यात्रा कर सकते हैं। सरकारी काम के सिलसिले में विदेश यात्रा करने पर भी सांसद को सरकारी भत्ता देने का नियम है। हर सांसद को इलाज की सुविधा भी मिलती है। सांसद किसी भी सरकारी अस्पताल या रेफर कराने के बाद किसी प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराते हैं तो उसका खर्च सरकार उठाती है। इतना ही नहीं सांसद को सरकारी खर्च पर सिक्योरिटी गार्ड मिलते हैं। इन सब सुविधाओं के होते हुए भी एक सांसद द्वारा बिजली चोरी करना न केवल आश्चर्जनक होने के साथ दुर्भाग्यूर्ण भी है क्युकि वित्तीय प्रभाव के अलावा, बिजली चोरी सार्वजनिक सुरक्षा के लिए भी एक गंभीर खतरा है। अवैध कनेक्शन और बिजली मीटरों के साथ छेड़छाड़ से आग लग सकती है, बिजली का झटका लग सकता है और अन्य दुर्घटनाएँ हो सकती हैं जो लोगों के जीवन और संपत्ति को खतरे में डाल सकती हैं। इसके अलावा, बिजली चोरी से अक्सर ब्लैकआउट और बिजली की कटौती होती है, जिससे अस्पताल, स्कूल और सार्वजनिक परिवहन जैसी महत्वपूर्ण सेवाएँ बाधित हो सकती हैं। बिजली चोरी का आम जनता पर भी असर काफी ज़्यादा है। जो उपभोक्ता विश्वसनीय और किफ़ायती बिजली तक पहुँच पाने में असमर्थ हैं, वे केरोसिन लैंप या लकड़ी के चूल्हे जैसे ऊर्जा के ख़तरनाक और प्रदूषणकारी स्रोतों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे गंभीर स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं, ख़ास तौर पर महिलाओं और बच्चों के लिए जो घर के अंदर वायु प्रदूषण से सबसे ज़्यादा प्रभावित होते हैं। बर्क के इस कारनामे से क्या आपको पता है उत्तर प्रदेश का संभल देश का नंबर वन बिजली चोर जिला बन गया है।जनता द्वारा जहां बिजली चोरी और बिजली के बकाया भुगतान को लेकर हैरान कर देने वाली जानकारी सामने आ रही है। बिजली विभाग के मुताबिक संभल शहर के बिजली उपभोक्ताओं पर बिजली का 123 करोड़ रुपये का भुगतान बकाया है। और हैरान कर देने वाली बात ये है कि संभल शहर में बिजली चोर हर महीने 11 करोड़ रुपये से ज्यादा की बिजली चोरी कर रहे हैं। इस लिहाज से संभल देश का सबसे बड़ा बिजली चोर जिला है। लेकिन आखिर संभल ने ये उपलब्धि कैसे हासिल की। संभल के बिजली चोरों ने कौन-कौन से जुगाड़ लगाए हुए हैं और कैसे संभल में बिजली चोरी का संगठित उद्योग चल रहा है।

# शिक्षा की कच्ची नींवों पर पसरते कोचिंग के कंगूरे



**कुलदीप सिंह**

यह सच है कि कोचिंग शिक्षण एक व्यवसाय है। उसमें गुरू शिष्य का संबन्ध न होकर के ग्राहक व्यापारी का संबन्ध ज़्यादा होता है। छात्र अपने हित के लिए पाठ्यक्रम (कॉर्स) खरीदता है उसका चयन संस्थान की गुणवत्ता में वृद्धि करता है अतः संस्थान मार्केटिंग के लिए राजनीतिक दलों से भी ज्यादा बड़े बड़े होर्डिंग हर गांव गली शहर चौराहे पर टांग दिया करता है।

प्रिंट मीडिया, प्रेस मिडिया और आज कल सोशल मीडिया को माध्यम बनाकर छात्र छात्राओं को लुभाने का पूरा प्रयास किया जाता है। सरकारी सेवा से प्राप्त सुविधाएं और समाज में इसकी प्रतिष्ठा के कारण विधार्थी भी येन केन तरीके से सफ़लता प्राप्त करने हेतू प्रयासरत रहता है। सफ़लता के होर्डिंग, सफ़लता के उत्सव और बड़े बड़े सेमिनार में सुनने को आएं हजारों हज़ार बेरोजगार छात्रों का बड़ा सा समूह, सम्मान समारोह और उनसे वायरल छोटी छोटी रील किसी को भी बहुत जल्दी सामाजिक प्रतिष्ठा दिला सकता हैं। इस समय हम सभी अपनी एक विशेष पहचान बनाने के लिए अधिक उत्सुक रहते है। इस कोचिंग संस्कृति के पनपने के कारणों की तलाश की जाएं तो हमें बहुत गहराई में उतरना होगा। आख़िर यह सब कुछ कैसे विकसित हुआ तो कुछेक कारण उल्लेखित हैः- विद्यालय स्तर पर हमारा शिक्षा तंत्र पूर्ण रूप से धराशाही हो चुका है। आज विद्यालय ज्ञान की गुणवत्ता की बजाय सुविधाओं पर अधिक ध्यान देने में व्यस्त है। बच्चों के लिए स्कूल का चयन करते समय हमारे मायने उसकी अवसंरचना, फेसिलिटी, पब्लिक इमेज, फैंसी ड्रेस आदि सब है। ऐसे में मांग के अनुसार शिक्षण संस्थानों ने भी अपनी आपूर्ति व्यवस्था में बदलाव कर दिया। आज स्कूल अध्यापकों के ज्ञान, शिक्षण विधियों और छात्र शिक्षक सवांद की बजाय सुविधाओं को बढ़ाने और उसके प्रचार प्रसार में व्यस्त है। बालक की नींव ही इतनी कमज़ोर रह जाती है कि कंगूरे का पहला पत्थर रखते ही परते उघड़ने लगती है। उसके बाद पासिंग मार्क्स के लिए रटंत विद्या के सहारे 90+ अंक लाकर भी बालक अपने फ़ैसले लेने में सक्षम नहीं होता है। उच्च शिक्षा में हालात इससे भी बदतर है। सरकारी कॉलेजों में शिक्षा ग्रहण करना तो खुद को भविष्य के लिए खतरे में डालने जैसा हो चुका है। कॉलेज में न तो व्यवस्थित रूप से कक्षाएं लगती है और न ही व्याख्याताओं को समय पर आकर व्याख्यान देने की आदत है। झूठे उपस्थिति रजिस्टर बनवा कर सभी छात्र अपनी शिक्षण योग्यताओं में प्रतिवर्ष एक कक्षा का इजाफा करते है। इतने सब के बावजूद रही सही कसर वन वीक ने पूरी कर दी है।

इससे भी बड़ा दुर्भाग्य तो यह है कि परीक्षा में 90 से 95% सवाल उसी वन वीक में से ही आते है। व्याख्यानों की बोझिल और बोरिंग यंत्रवत तकनीक, पढ़ाने के पुराने तरीके, 90/95 के बनाएं नॉट्स आज भी कामचलाऊ तौर ही प्रयुक्त होते है। इससे विद्यार्थी की रुचि जगा पाना मुश्किल है। बिना रुचि के वाद सवांद के नवीन ज्ञान का निर्माण असंभव है। B.Ed और BSTC डिप्लोमा कोर्स की तो बात करना ही व्यर्थ है। शिक्षक बनाने की ट्रेनिग कहे जाने वाले कॉर्स महज वन वीक आधारित हो चुके है। ऐसे में पास होकर निकले छात्र आख़िर कैसे अच्छे अध्यापक बनेंगे यह कल्पना करना मुश्किल है। PHD रिसर्च के लिए सरकार छात्रों पर लाखों करोड़ो रुपए ख़र्च करती हैं। विगत कुछ वर्षों में कितनी सार्थक नवीन रिसर्च सफ़ल हुईं यह सुनने में ही नहीं आता है। इतनी मोटी रकम डकार कर छात्र लुत्फ़ आनन्द का भोग कर रहे हैं। इतनी कमज़ोर नींव के बाद सरकारी सेवा में उतरने के लिए पुनः उसी ज्ञान के आधार पर परीक्षाएं उत्तीर्ण करनी होती है। ऐसे में कोचिंग संस्कृति का विकास होना कोई बड़ा आश्चर्य का विषय नहीं है। इस व्यवसायी दुनियां के लोग अधिक से अधिक कमाई के लिए हर संभव प्रयास करते है। उसमें पेपर चोरी से लगाकर झूठे विज्ञापन तक सब शामिल है। इस फलती फूलती संस्कृति को ख़त्म करने के लिए समाज और सरकार को मिलकर एक योजनाबद्ध तरीके से काम करना होगा। अन्यथा आज़ के मोटिवेट स्पीकर, रील हीरो, हमारे आने वाले कल को बर्बाद करने में कोई कसर बाकी नहीं रहने देंगे। सरकारी विज्ञप्ति या अधिसूचना जारी होने के तुरंत बाद यू ट्यूब पर ज्ञान बघारने वाले यह शिक्षक आज मुंह सिल कर चुप क्यों बैठे है। इस पर जरा विचार करना चाहिए। जिन छात्रों के दिए शुल्क से तुम लग्जरी लाइफ मेंटेंन करते हो, जिन लोगों ने आपको आदर्श बना रखा है, जो सम्मान में आपके चरण स्पर्श करते है। आज उन बेरोजगारों के हक़ में कोई आवाज़ क्यों नहीं सुनाई देती है। इसका अर्थ महज़ इतना है कि तुम सब मात्र उनकी आमदनी के माध्यम भर हो।

पुलिस सब इंस्पेक्टर भर्ती में कुछ अवांछित तरीकों से साक्षात्कार तक पहुंचे लोग जब मॉक इन्टरव्यू में साफ़ साफ़ कह रहे थे कि हमारी लेट्रल एंट्री है तो उस समय यह संस्थान आखिर मुक दर्शक क्यों बने रहें? इन्होंने सोशल मिडिया पर आकर ऐसे लोगों के विडीयो क्यों जारी नहीं किए?

कौनसी ऐसी नैतिक मर्यादाएं उन्हें बांधे हुए थी? यह सब हमारे सही गलत से ज्यादा खुद के हित में ध्यान में रखकर किया गया है ट्रेंड भर है।कोचिंग माफियों का पूरा समूह है और सब के सब आपस में मिले हुए है। अपवाद हर जगह होते है तो इस फील्ड में भी है । सरकार को इन पर सख्त होना पड़ेगा। पेपर सेटर लोगों की टीम बदलनी होगी, पेपर पैट्रन बदलने होंगे, उपस्थिति से लेकर मूल्यांकन तक हर क्षेत्र में तकनीक के प्रयोग को बढ़ावा देना होगा। पुरानी लचर व्यवस्था को जड़ से दूरस्थ करने की आवश्यकता है।एक समिति बनाकर अच्छा प्लान तैयार करना चाहिए इसके बाद क्रमश यह संस्कृति ख़त्म करने का काम करना होगा। यह बदलाव एक फ़ैसले और एक दिन से नहीं आने वाले है।

# अम्बेडकर के नाम पर राजनीति बंद होनी चाहिए

**राजेश कुमार पासी**

संविधान पर चर्चा के दौरान राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने एक घंटा चालीस मिनट का एक भाषण दिया । इस भाषण में उन्होंने कांग्रेस पर तंज किया कि अम्बेडकर-अम्बेडकर चिल्लाना एक फ़ैशन बन गया है। उन्होंने कहा कि इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक का स्वर्ग मिल जाता । इसके बाद उन्होंने कहा कि आप लोग अम्बेडकर का नाम लेते हो, हमें इसका आनंद है लेकिन आप लोग जो उनके प्रति भाव रखते हो, वो मैं आपको बताता हूं। इसके बाद उन्होंने बताया कि कैसे कांग्रेस ने बाबा साहब का उनके जीवन और उनके महानिर्वाण के बाद उनका अपमान किया है। इस भाषण के कई घंटों बाद कांग्रेस की मीडिया टीम ने इस भाषण की सिर्फ 12 सेकंड की एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया में जारी कर दी और आरोप लगाया कि अमित शाह ने बाबा साहब का अपमान किया है। कितनी अजीब बात है कि विपक्ष के सांसदों के सामने अमित शाह ने डेढ़ घंटे से ज्यादा देर तक अपना भाषण दिया लेकिन किसी भी नेता को यह अहसास तब नहीं हुआ कि अमित शाह ने बाबा साहब का अपमान किया है। जब कई घंटे बाद किसी व्यक्ति ने बताया कि अमित शाह के भाषण का 12 सेकंड का ये अंश राजनीतिक फायदा दे सकता है तो उसका इस्तेमाल शुरू कर दिया गया । वास्तव में यह सच है कि उस क्लिप को देखने से ऐसा लगता है कि अमित शाह बाबा साहब का अपमान कर रहे हैं। अमित शाह सही बोल रहे थे लेकिन उनके बोलने का तरीका गलत था । उनकी इसी गलती का कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दल फायदा उठाना चाहते हैं। अमित शाह की यह बात सही नहीं है कि अम्बेडकर की जगह भगवान का नाम लिया होता तो सात जन्मों का स्वर्ग मिल जाता। मेरा मानना है कि न सिर्फ अमित शाह और प्रधानमंत्री मोदी इस बात को समझ चुके हैं बल्कि पूरी भाजपा को यह समझ आ गया है कि उनसे बड़ी गलती हो गई है। मैं यह नहीं मान सकता कि अमित शाह बाबा साहब का अपमान करने की नीयत से ऐसा बोल गए हैं बल्कि भाषण की निरंतरता में बह कर उनसे यह गलती हो गई। वर्तमान भारतीय राजनीति का सच यह है कि कोई भी नेता और राजनीतिक दल बाबा साहब का अपमान करने की सोच भी नहीं सकता क्योंकि वो जानता है कि इस देश का दलित-आदिवासी और पिछड़ा समाज बाबा साहब का अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकता । बाबा साहब का अपमान करना अपनी राजनीतिक जड़े खोदने के बराबर है। विपक्ष ने मुद्दे को लपक लिया है तो भाजपा सतर्क हो गई है। उसे पता है कि ये बहुत संवेदनशील मुद्दा है, इसे हल्के में लेना घातक साबित हो सकता है । मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने पांच ट्वीट करके कांग्रेस पर हमला किया है। इसके अलावा अपनी बात रखने के लिए खुद अमित शाह प्रेस के सामने आए और उनके साथ कई मंत्री भी सामने आए। अमित शाह ने मीडिया से कहा कि वो जनता को पूरा वीडियो देखने को कहे । कांग्रेस झूठ फैला रही है, मैं कभी सपने में भी बाबा साहब का अपमान नहीं कर सकता । एक कहावत है कि दूध का जला, छाछ भी फूंक-फूंक कर पीता है, यह कहावत भाजपा पर चरितार्थ हो रही है। भाजपा पिछले लोकसभा चुनाव में अमित शाह और मोदी जी के भाषणों में फेरबदल करके बनाये गए वीडियो से नुकसान उठा चुकी है । 2015 में संघ प्रमुख भागवत के आरक्षण की समीक्षा वाले बयान का नुकसान भाजपा ने बिहार विधानसभा चुनाव में उठाया था। भाजपा नहीं चाहती कि इस क्लिप को वायरल करके विपक्ष उसे बाबा साहब का विरोधी साबित करने में सफल हो जाये। दूसरी तरफ भाजपा यह भी जानती है कि विपक्ष भाषण का गलत इस्तेमाल कर रहा है इसलिये वो इस मुद्दे पर रक्षात्मक होने की जगह कांग्रेस पर आक्रामक है। वो यह नहीं कह रही है कि उससे गलती हो गई है बल्कि वो कह रही है कि वो तो बाबा साहब का बहुत सम्मान करती है और इसके लिए वो बाबा साहब के लिए किये गए अपने कामों को गिना रही है। भाजपा देश को बता रही है कि कांग्रेस ने बाबा साहब का कितना अपमान किया है। नेहरू जी और इंदिरा जी ने खुद को ही भारत रत्न दे दिया था। राजीव गांधी की मौत के सिर्फ दो महीने बाद उन्हें भी भारत रत्न दे दिया गया था। जो कांग्रेस बाबा साहब को भगवान बनाने में लगी हुई है, उसकी सत्ता जाने के बाद बनी वीपी सिंह की सरकार ने बाबा साहब को भारत रत्न दिया था । इस सरकार को भाजपा बाहर से समर्थन दे रही थी। इस सवाल का जवाब आज तक कांग्रेस ने नहीं दिया है कि वो बाबा साहब को भारत रत्न के काबिल क्यों नहीं समझती थी । इसके अलावा भी बाबा साहब का अपमान नेहरू सरकार के दौरान कई बार हुआ था।

# महायुति में बगावत की आहट कैसी !

**रामस्वरूप रावतसरे**

महाराष्ट्र में चुनाव परिणाम के बाद लंबे इंतजार के बाद देवेंद्र फडणवीस की सरकार बनी। 10 दिन के अंतराल के बाद मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ। एक ओर दो दिनों से मंत्री अपने महकमे का इंतजार कर रहे हैं, दूसरी ओर महायुति के तीनों दलों भाजपा, शिवसेना और एनसीपी में गम, गुस्सा और बगावत की खबरें आने लगी हैं। फडणवीस मंत्रिमंडल में शिंदे सरकार के 11 सीनियर मंत्री ड्रॉप कर दिए गए। मंत्री पद के कई बड़े दावेदारों को भी ढाई साल की वेटिंग लिस्ट में भेज दिया गया। इसके अलावा तीनों दलों में कई विधायक ऐसे हैं, जिन्हें भी मायूसी मिली। अब वे बयानबाजी और बगावत के संकेत दे रहे हैं यानी महायुति सरकार में शामिल दलों के मुखिया के सामने महासंकट आने वाला है। नागपुर में देवेंद्र फडणवीस मंत्रिमंडल विस्तार में शिंदे सरकार के 11 मंत्रियों की छुट्टी हो गई और 25 नए चेहरे शामिल किए गए। अजित पवार की एनसीपी ने सर्वाधिक पांच पूर्व मंत्रियों को ड्रॉप किया। छगन भुजबल, संजय बनसोडे, अनिल पाटिल, धर्मराव बाबा आत्राम और दिलीप वाल्से पाटिल को मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली। भाजपा और शिवसेना ने तीन-तीन मंत्रियों को एक्स-मिनिस्टर बना दिया।

भाजपा के रवींद्र चव्हाण, सुधीर मुनगंटीवार और विजय कुमार गावित की छुट्टी हो गई। शिवसेना ने अब्दुल सत्तार, दीपक केसरकर और तानाजी सावंत को वेटिंग लिस्ट में डाल दिया। इस फैसले पर शिवसेना और एनसीपी में उम्मीद के मुताबिक प्रतिक्रिया भी आने लगी है। छगन भुजबल समर्थकों के साथ नासिक लौट गए। चर्चा है कि वह फिर शरद पवार के खेमे में जा सकते हैं। उन्होंने राज्यसभा के ऑफर को भी ठुकरा दिया है। शिवसेना में खाली हाथ रहने वाले नेताओं ने भी बयानबाजी शुरू कर दी है। उन्होंने अनदेखी के बाद एकनाथ शिंदे के नेतृत्व पर भी सवाल उठाए हैं। विधायक नरेंद्र भोंडेकर ने नागपुर में शपथ ग्रहण से पहले पार्टी के पदों से इस्तीफा देकर नाराजगी जाहिर दी थी। अब पुरंदर के विधायक विजय शिवतारे ने ऐलान किया है कि वह ढाई साल बाद भी मंत्री पद स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि मंत्री पद मिलने का मलाल नहीं है मगर वह अपने साथ हुए व्यवहार से दुखी हैं। शिवतारे ने एक और सख्त बयान दिया कि कार्यकर्ता किसी का गुलाम नहीं है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र को बिहार की राह पर धकेला जा रहा है, जहां क्षेत्रीय संतुलन के बजाय नेताओं की जाति देखी जा रही है। उद्धव के खिलाफ एकनाथ शिंदे की बगावत के साथी रहे विधायक प्रकाश सुर्वे भी आलोचकों में शुमार हो गए हैं।

सुर्वे ने कहा कि उन्होंने संघर्ष के बाद ही कुछ हासिल किया है और आगे भी संघर्ष करते रहेंगे। शिवसेना में खाली हाथ रहने वाले नेताओं ने भी बयानबाजी शुरू कर दी है। उन्होंने अनदेखी के बाद एकनाथ शिंदे के नेतृत्व पर भी सवाल उठाए हैं। विधायक नरेंद्र भोंडेकर ने नागपुर में शपथ ग्रहण से पहले पार्टी के पदों से इस्तीफा देकर नाराजगी जाहिर दी थी। अब पुरंदर के विधायक विजय शिवतारे ने ऐलान किया है कि वह ढाई साल बाद भी मंत्री पद स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि मंत्री पद मिलने का मलाल नहीं है मगर वह अपने साथ हुए व्यवहार से दुखी हैं। शिवतारे ने एक और सख्त बयान दिया कि कार्यकर्ता किसी का गुलाम नहीं है।

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र को बिहार की राह पर धकेला जा रहा है जहां क्षेत्रीय संतुलन के बजाय नेताओं की जाति देखी जा रही है। उद्धव के खिलाफ एकनाथ शिंदे की बगावत के साथी रहे विधायक प्रकाश सुर्वे भी आलोचकों में शुमार हो गए हैं। सुर्वे ने कहा कि उन्होंने संघर्ष के बाद ही कुछ हासिल किया है और आगे भी संघर्ष करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल में शामिल कई लोग बड़े नेताओं के बच्चे हैं, मैं नहीं हूं।

राजनीतिक जानकार मानते हैं कि मंत्री नहीं बनने की कसक महायुति के सभी दलों के नेताओं में है मगर इसका असर शिवसेना और एनसीपी में ज्यादा नजर आएगा। दोनों पार्टियां सरकार के दम पर आगे बढ़ सकती है।

# फर्जी नागरिक की खोज में सरकारी चमत्कार



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

एक दिन प्रधानमंत्री कार्यालय में अचानक एक अजीबोगरीब कॉल आया। किसी अजनबी ने फोन किया और कहा, "प्रधानमंत्री जी, एक बड़ी समस्या आन पड़ी है, हमें तुरंत किसी राहत कार्य की योजना बनानी होगी।" प्रधानमंत्री जी ने बड़े आराम से जवाब दिया, "क्या समस्या है?"कॉल करने वाले ने कहा, "हमारे देश के नागरिकों में से एक 'सजग नागरिक' नाम का व्यक्ति लापता हो गया है। यह वही सजग नागरिक है, जो हमेशा सरकार की योजनाओं के बारे में हर जानकारी रखता था और हर कदम पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराता था।" प्रधानमंत्री जी ने चाय की चुस्की ली और मुस्कराते हुए कहा, "अरे तो क्या हुआ? सजग नागरिक हैं तो कहां जाएंगे? वे तो सरकार के बिना काम नहीं कर सकते, यह तो तय है।"कॉल करने वाला थोड़ा और घबराया और बोला, "लेकिन प्रधानमंत्री जी, इसका नाम किसी फाइल में नहीं आ रहा, न ही किसी सरकारी डेटाबेस में। यह व्यक्ति हमेशा हमारे डिजिटल इंडिया और स्मार्ट सिटी के प्रोडक्ट्स का प्रमोशन करता था। अब यह नहीं मिल रहा। लगता है ये कोई खिचड़ी पका रहा है।"प्रधानमंत्री जी ने एक और चाय की चुस्की ली, फिर अपने सेक्रेटरी को बुलाया और बोले, "चलो, इस मामले को संभालो। यह शायद सरकारी योजनाओं के खिलाफ जा रहा होगा। तुम लोग उसे खोजो, और अगर ढूंढने में मुश्किल हो, तो एक नई योजना निकाल दो।" कुछ ही घंटों में एक न्यूज़ रिपोर्ट आईः "सजग नागरिक की खोज में सरकार ने एक नई योजना शुरू की है - 'सजग नागरिक पुनः रजिस्ट्रेशन योजना'। इस योजना के तहत हर सजग नागरिक को अपने पूरी डेटा के साथ रजिस्टर कराना होगा, ताकि सरकार को किसी भी समय उसका डेटा मिल सके और सरकार उसे कभी न खो सके।" अब यह योजना शुरू हो गई, और कुछ ही दिनों में, पूरे देश में सजग नागरिकों की लंबी लिस्ट बन गई। लेकिन यह लिस्ट देखकर सरकार को कुछ और ही खटका। उन्होंने पाया कि किसी भी सजग नागरिक ने अपनी नौकरी की जानकारी नहीं दी थी, न ही उन्होंने अपनी आयकर विवरणी दी थी। सभी सिर्फ योजनाओं के प्रचार में व्यस्त थे। प्रधानमंत्री जी को यह देख कर बड़ा संतोष हुआ, और उन्होंने एक राहत की सांस ली, "देखो, हमने कितना काम किया है, इस देश में सजग नागरिकों की पूरी लिस्ट तैयार कर दी है। अब कोई भी फर्जी नागरिक हमसे बचकर नहीं जा सकता। सभी को अपना योगदान करना होगा।" तभी एक और कॉल आया। यह एक कर्मचारी का था, जिसने प्रधानमंत्री को बताया, "सर, हमने सजग नागरिक का पता लगा लिया है। वह किसी सरकारी दफ्तर में नहीं, बल्कि एक कैफे में बैठा था और वहां लैपटॉप पर अपनी नई योजना बना रहा था - 'दस आसान तरीकों से फर्जी नागरिक कैसे बनें'।" प्रधानमंत्री जी का चेहरा उतर गया। "यह तो बहुत बुरा हुआ," उन्होंने कहा। "एक नागरिक जो केवल योजनाओं की बात करता था, अब खुद एक नई योजना बना रहा है! अब उसे ढूंढने के लिए एक और योजना शुरू करनी होगी।"अगले दिन, एक और योजना लाई गई - "फर्जी नागरिक पहचान योजना।" इसके तहत, हर नागरिक को एक प्रमाणीकरण प्रक्रिया से गुजरना था, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई फर्जी नागरिक ना हो। और यह सब डिजिटल इंडिया के तहत हुआ। अब हर व्यक्ति को अपना ऑल-इंडिया रेटेड सर्टिफिकेट्स में अपनी पहचान दर्ज करानी थी।इस योजना को लागू करने के बाद, सरकार ने खुद को सफल बताया, "अब कोई फर्जी नागरिक नहीं बच पाएगा। हमने उन्हें डिजिटल सर्टिफिकेट्स से टैग कर दिया है।

# शनिवार को शनिदेव को चढ़ाते हैं शमी के पत्ते



## भगवान शिव और गणेश को भी प्रिय है शमी, घर में भी लगा सकते हैं शमी का पौधा



भारतीय संस्कृति में देवी-देवताओं के साथ ही पेड़-पौधों की भी पूजा करने की परंपरा है। पूजनीय पेड़-पौधों में पीपल, आंवला, बरगद, आंकड़ा (मदार), तुलसी, अशोक और शमी का विशेष महत्व है। इनमें शमी के पत्ते के पत्ते बहुत खास हैं, क्योंकि ये पत्ते भगवान शिव, गणेश और शनि देव देव को प्रिय माने गए हैं। शनिवार है और इस दिन शनिदेव को खासतौर पर शमी की पत्ते चढ़ाते हैं।

ज्योतिष की मान्यता है कि हर शनिवार शमी के पत्ते शनिदेव को चढ़ाते हैं तो कुंडली के शनि दोष शांत हो सकते हैं।

**शमी से जुड़ी मान्यताएं**

पौराणिक कथा है कि त्रेतायुग में जब श्रीराम और रावण का युद्ध हो रहा था, तब श्रीराम ने शमी के पेड़ की पूजा की थी, पूजा के बाद श्रीराम ने रावण का वध किया था।

महाभारत काल में पांडवों को जब अज्ञातवास में जाना था, तब सभी पांडवों ने अपने अस्त्र-शस्त्र शमी के पेड़ में ही छिपाए थे।

वास्तु की मान्यता है कि शमी का पौधा घर में लगाने से घर के कई वास्तु दोष शांत हो जाते हैं। शमी की वजह से घर के वातारवण में पवित्रता और सकारात्मक बनी रहती है।

शमी का पूजनीय और पवित्र है। इसकी नियमित रूप से पूजा करने से विचारों में सकारात्मकता बनी रहती है। शिवलिंग पर सौभाग्य पाने की कामना से शमी के पत्ते चढ़ाते हैं। गणेश जी से सुख-समृद्धि पाने की कामना करते हुए शमी के पत्ते चढ़ाए जाते हैं।

**शनिवार के स्वामी हैं शनिदेव**

शनिदेव शनिवार के स्वामी माने गए हैं। इसी वजह से हर शनिवार शनि देव की विशेष पूजा की जाती है। शनि न्याय के देवता माने गए हैं। ज्योतिष में माना जाता है कि शनि देव ही हमारे कर्मों का फल प्रदान करते हैं, शनि की कृपा पाने के लिए तेल का दान, तेल से अभिषेक करने के साथ ही शनि देव को शमी के पत्ते, काले तिल, नीले फूल चढ़ाने की परंपरा है।

भगवान को शमी पत्ते चढ़ाते समय ये मंत्र बोलना चाहिए-

**अमंगलानां च शमनीं शमनीं दुष्कृतस्य च।**
**दुःस्वप्रनाशिनीं धन्यां प्रपद्येहं शमीं शुभाम।।**

**घर में किस दिशा में लगा सकते हैं शमी का पौधा**

घर की उत्तर-पूर्व दिशा के कोने में शमी का पौधा लगाना शुभ माना जाता है।

शनिवार को या किसी अन्य शुभ दिन शमी का पौधा अपने घर में लगा सकते हैं। इस पौधे की पूजा नियमित रूप से करनी चाहिए।

भगवान गणेश को हर बुधवार शमी के पत्ते चढ़ाना चाहिए। दूर्वा की तरह ही शमी पत्ते भी गणेश जी को प्रिय हैं। माना जाता है कि शमी में शिव जी का वास है, इसी वजह से ये पत्ते गणेश जी को प्रिय हैं।

आयुर्वेद में शमी के पौधे के कई उपयोग बताए गए हैं। इस पौधे का इस्तेमाल कई औषधियों में किया जाता है।

# भानुमती के एक बेटा और एक बेटी थी



क्या आपने कभी सोचा कि जिस तरह रामायण में रावण की पटरानी यानि मुख्य पत्नी मंदोदरी ने पति की मृत्यु के बाद विश्वासघाती भाई विभीषण से क्यों शादी कर ली थी। ठीक ऐसा ही उदाहरण महाभारत में देखने को मिलता है, क्योंकि इसमें दुर्योधन की खूबसूरत और चतुर पत्नी भानुमति ने युद्ध में पति के मारे जाने के बाद प्रबल शत्रु रहे पांडव भाइयों में से ही एक से शादी करके घर बसा लिया, फिर जिंदगीभर वह आराम से रही। आखिर किस वजह से भानुमति ने ऐसे काम किए कि एक मुहावरा ही उसके नाम पर पड़ गया।

महाभारत के मुख्य पात्र दुर्योधन के बारे में बहुत लिखा और कहा गया है लेकिन क्या आपको मालूम है कि उनकी पत्नी कौन थी, जिसे वह बहुत प्यार करते थे। उसका महाभारत के युद्ध में पति समेत कौरवों की मृत्यु के बाद क्या हुआ। दुर्योधन की पत्नी का नाम भानुमति था, जो अपूर्व सुंदरी थी।

आंचलिक कथाओं में ये कहा गया कि जब दुर्योधन नहीं रहा तो भानुमति ने अर्जुन से विवाह कर लिया। कहा जाता है कि दुर्योधन से विवाह करने से पहले वह मन ही मन अर्जुन को चाहती थीं। हालांकि अर्जुन से विवाह के कोई पुख्ता साक्ष्य महाभारत या उसकी उत्तर कथा वाले ग्रंथों में नहीं मिलते।

महाभारत के मुताबिक दुर्योधन की पत्नी का नाम भानुमति था। महाभारत में दुर्योधन की पत्नी का तीन बार ज़िक्र मिलता है। शांति पर्व में बताया गया है कि दुर्योधन ने कर्ण की मदद से राजा चित्रांगद की बेटी भानुमति का स्वयंवर से अपहरण करके विवाह कर लिया था।

बाद में, स्त्री पर्व में भी दुर्योधन की मां गांधारी ने भानुमति का ज़िक्र किया है। भानुमती के एक बेटा और एक बेटी थी।

शांति पर्व में ऋषि नारद दुर्योधन और कर्ण की मित्रता के बारे में एक कहानी सुनाते हुए बताते हैं कि किस तरह कर्ण की मदद से दुर्योधन ने कलिंग राजा चित्रांगद की बेटी का अपहरण कर शादी की थी।

भानुमति के बारे में उल्लेख किया गया है कि वह ताजिंदगी कृष्ण की पूजा करती रही। बेशक उसके पति दुर्योधन ने कई बार कृष्ण को खरीखोटी सुनाई, अपमान भी किया लेकिन भानुमति के लिए वह हमेशा आराध्य रहे। यहां तक कि पति के निधन के बाद भी वह उनकी भक्त बनी रही। महाभारत के स्त्री पर्व में दुर्योधन की मां गांधारी , कृष्ण से अपनी पुत्रवधू का वर्णन इस प्रकार करती हैं। भानुमति के बेटे का नाम लक्ष्मण था, जो खुद महाभारत के युद्ध में मारा गया। बेटी का नाम लक्ष्मणा था।

गांधारी कृष्ण से कहती हैं, हे कृष्ण! देखो, ये दृश्य मेरे पुत्र की मृत्यु से भी अधिक दुःखदायी है। दुर्योधन की प्रिय पत्नी महाबुद्धिमान कन्या है, देखो वह कैसे अपने पति और बेटे के लिए विलाप कर रही है। अब सवाल ये उठता है कि भानुमति ने पति दुर्योधन के सबसे बड़े दुश्मन पांडु पुत्र अर्जुन से क्यों विवाह कर लिया। भानुमति जितनी रूपवती थी, उतनी ही चतुर भी। कहा जाता है कि जब महाभारत का युद्ध तय हो गया, तब भानुमति को पता था कि कौरवों का सर्वनाश हो जाएगा। अपने कुनबे को बचाने के लिए उसने ही भगवान श्री कृष्ण के पुत्र साम्ब को अपनी पुत्री लक्ष्मणा को भगाकर ले जाने की युक्ति सुझाई।

एक अन्य कथा के अनुसार साम्ब जब लक्ष्मणा का अपहरण कर फरार हो गया तो भानुमति ने दुर्योधन को अपने अपहरण की याद दिलाई और साम्ब से लक्ष्मणा के विवाह में अहम भूमिका निभाई। भानुमति ने अपने कुनबे को बचाने के लिए हर वो असंगत कार्य किया, हर उस चीज को जोड़ा, जिसका जुड़ना संभव नहीं था। इसीलिए कहीं का ईंट, कहीं का रोड़ा, भानुमति ने कुनबा जोड़ा, संबंधित कहावत बनी।

**-समाप्त**

> मुश्किल समय में मित्र, युद्ध में वीर, एकांत में पवित्रता की परख होती है। मुश्किल समय में अच्छे मित्र साथ देते हैं। युद्ध में वही जीतता है जो वीर है। एकांत में जो व्यक्ति तन, मन और कर्म से पवित्र रहता है, वही श्रेष्ठ इंसान होता है।
>
> गरुड़ पुराण, नीतिसार

# इंटरव्यू में पाना है सफलता तो पॉकेट में डालें 1 खास चीज




वास्तु शास्त्र में कई नियम और उपाय बताए जाते हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपने जीवन में घटने वाली कई चीजों को पॉजिटिव कर सकते हैं। जिस तरह वास्तु शास्त्र में घर और घर में रखे सामान के लिए वास्तु टिप्स होते हैं उसी प्रकार इंटरव्यू में सफलता प्राप्त हो इसके लिए भी वास्तु के कुछ उपाय बताए जाते हैं। जी हां, कई बार अनेकों प्रयासों और अच्छे क्वालिफिकेशन के बाद भी लोगों को मनचाही नौकरी नहीं मिल पाती है। जिससे की लोग परेशान हो जाते हैं। लेकिन आपको बता दें कि वास्तु शास्त्र में इंटरव्यू पर जाने से पहले के कुछ ऐसे उपाय हैं जिन्हें कर लेने से इंटरव्यू में पॉजिटिव परिणाम मिलने की संभावनाएं बढ़ जाती है। तो आइए जानते हैं भोपाल निवासी ज्योतिषी एवं वास्तु सलाहकार पंडित हितेंद्र कुमार शर्मा से किन उपायों को करना शुभ रहेगा।

**करें गणेश जी की आराधना**

हिंदू धर्म के अनुसार गणेश जी की आराधना हर शुभ काम से पहले की जाती है। इसी तरह वास्तु के अनुसार अगर आप इंटरव्यू के लिए जा रहे हैं तो पहले गणेश जी का आराधना करें और उन्हें सुपारी और प्रसाद के रुप में मोदक का भोग लगाकर घर से जाएं। यह उपाय बहुत कारगार माना जाता है।

**घर से निकलते समय रखें ये पैर**

जब आप इंटरव्यू के लिए घर से निकल रहे हैं तो ऐसे में पहले अपना दायां पैर आगे रखें। वास्तु शास्त्र के अनुसार ऐसा करना काफी शुभ माना जाता है। इसके साथ ही आपके इंटरव्यू में सफलता मिलने के चांसेस भी बढ़ जाते हैं।

**अपनी पॉकेट में डाल लें ये चीज**

वास्तु शास्त्र के अनुसार अगर आप किसी इंटरव्यू के लिए जा रहे हैं तो ऐसे में आप पहले अपनी पॉकेट में पीले रंग का कोई रुमाल या फिर पीले रंग का कोई छोटा सा कपड़ा डाल लें। ऐसा करने से आपको इंटरव्यू में सफलता मिलने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी।

**पर्स में रखें ये चीजें**

वास्तु शास्त्र के अनुसार, जब भी आप इंटरव्यू के लिए जाएं तो जाने से पहले या तो पर्स में चावल के कुछ दाने डाल लें या फिर गोमती चक्र डाल लें। ऐसा करने से धन की देवी मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं।

# सांप काटे व्यक्ति को जिंदा कर देता है यह मंदिर

## चमत्कारिक है बैदेही बाबा की कथा!



जिले के महाराजपुर गांव में स्थित प्रसिद्ध मंदिर बिदेही बाबा जहां सर्पदंश के मरीज ठीक होते हैं। मान्यता है कि इस मेले पर जो भी व्यक्ति पहुंचता है उसे सबसे पहले मंदिर पर नारियल पान बताशा चढ़ाना होता है। इसके बाद ही वह मेला घूमता है और सामान खरीदकर घर जाता है।

यह स्थान राजाओं के जमाने का है। एक राजा ही यहां आए थे और एकांत इस जंगल में रहने लगे। कुछ समय पश्चात उन्होंने जिंदा समाधि ले ली। आज मंदिर भी इसी समाधि के ऊपर बना है। यहां जो भी सर्पदंश का मरीज आता है, ठीक होकर ही जाता है।आज भी उनका आशीर्वाद यहां आने वाले लोगों को मिलता है। बता दें, इस स्थान पर एक नाग देवता भी रहते हैं जिसकी पुजारी ही देखभाल करते हैं।

**100 साल से भी पुराना है मेला**

पुजारी बताते हैं कि यहां 100 साल से मेला लग रहा है। ये मेला पुरखों से लगता आ रहा है। हर दिन इस मेले में हजारों-लाखों श्रद्धालु आते हैं। इस स्थान की मान्यता मान्यता है कि यहां की धरती पर जो भी पग रखता है उसे सबसे पहले बिदेही बाबा महाराज के यहां परिक्रमा लगाना होता है। इसके बाद नारियल पान बताशा चढ़ने की परंपरा है। फिर यहां मेला घूमने की मान्यता है। मेला देखने से ज्यादा लोग यहां बिदेही बाबा महाराज के दर्शन करने आते हैं। इस मेले सिर्फ एमपी से ही नहीं बल्कि यूपी से भी लोग आते हैं।

**सांप काटे टे तो ऐसे होता है उपचार**

पुजारी राजकुमार तिवारी के मुताबिक यदि किसी को सांप काट ले तो सबसे पहले बैदेह बाबा की जय बोलकर बालों में गांठ लगा ले, इसके बाद घी-कालीमिर्च पी ले लेकिन पानी नहीं पीना हैं। इसके तुरंत बाद बैदेही बाबा मंदिर आना हैं और बाबा की जय बोलकर परिक्रमा लगाना हैं। कितना भी जहरीले सांप ने काटा हो बाबा उसे बचा लेंगे।

**यहां आने के बाद कोई भी सर्पदंश का व्यक्ति नहीं मरा**

पुजारी राजकुमार के मुताबिक यदि जिंदा हालत में यहां कोई सांप का मरीज आया है तो फिर यहां से जीवित ही गया है। हर दिन सर्पदंश के 20-25 मरीज़ आते हैं और ठीक होकर जाते हैं। कई बार तो रात में भी आते हैं फिर हम भी घर से भागकर मंदिर आते हैं और परिक्रमा लगवाकर उपचार करवाते हैं।

# नए साल में शनि होंगे वक्री

## 138 दिन चमकेगी इन राशियों की किस्मत

**मकर राशि**

नए साल 2025 में मकर राशि के जातकों के लिए शनि की वक्री चाल आर्थिक उन्नति के संकेत दे रही है। करियर में प्रमोशन या व्यापार में बड़ा मुनाफा हो सकता है। घर की आमदनी में इजाफा होगा। रुके हुए पैसे भी वापस मिल सकते हैं। निवेश के लिए यह समय शुभ साबित होगा। समाज में आपको भरपूर मान-सम्मान मिलेगा। इसके साथ ही करियर में नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

**कुंभ राशि**

शनि की उल्टी चाल कुंभ राशि वालों को सफलता के नए अवसर प्रदान कर सकती है। इन दिनों नौकरीपेशा लोग वेतन वृद्धि की उम्मीद रख सकते हैं। व्यापार में कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। भाग्य आपके साथ रहेगा और धन के योग बनेंगे। इस दौरान आपको आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। इन दिनों आपकी सोची हुई योजनाएं सफल हो सकती हैं। घर वालों के साथ आपके मधुर संबंध रहेंगे। इसके साथ ही जीवन साथी के साथ संबंध मजबूत होंगे। इसके अलावा व्यापार-करोबार, वाणी और मीडिया से जुडें हैं, तो आपको अच्छा लाभ मिल सकता है।

**मिथुन राशि**

मिथुन राशि के जातकों के लिए शनि की वक्री चाल की अवधि विशेष लाभकारी साबित हो सकती है। आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा और नई संपत्ति खरीदने के योग बन सकते हैं। निवेश और नए प्रोजेक्ट्स में सफलता मिल सकती है। इसके साथ ही जो लोग नौकरी की तलाश कर रहे हैं। उनकी ये तलाश पूरी हो सकती है। आपको कारोबार या बिजनेस के ऑफर मिल सकते हैं, जो लाभकारी सबित हो सकते हैं। परिवार के सदस्यों के साथ आपके संबंध मजबूत रहेंगे।

**इन बातों का रखें ध्यान**

शनि की वक्री चाल के दौरान लाभ पाने के लिए भगवान शनि की पूजा और दान करना बेहद लाभकारी माना जाता है। ऐसे में जरूरतमंदों को काला तिल, काले कपड़े और सरसों का तेल दान कर सकते हैं।

# शनिदेव को क्यों कहा जाता है न्याय का देवता, किसने दिया था वरदान



शनिदेव भगवान को न्याय का देवता कहा जाता है। क्योंकि वह मनुष्यों को उनके कर्मों के आधार पर न्याय देते हैं। शनिदेव को उनके न्यायप्रिय स्वभाव के कारण न्यायाधीश और कर्मफलदाता के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि कोई भी व्यक्ति गलत कार्य करके उनकी तीव्र दृष्टि से बच नहीं सकता। वह मनुष्य को उनके अच्छे और बुरे कर्मों के अनुसार तुरंत फल देते हैं।

**क्यों कहा जाता है न्याय के देवता**

भगावन शनिदेव का संबंध न्याय और कर्मफल से जोड़ा गया है। धार्मकि मान्यताओं के अनुसार वे व्यक्ति के अच्छे और बुरे कर्मों के अनुसार उचित दंड या शुभ फल प्रदान करते हैं। मान्यता है कि जब किसी मनुष्य के जीवन में बुरा समय चल रहा होता है, तो कहा जाता है कि शनिदेव उसकी परीक्षा ले रहे होते हैं। जो व्यक्ति को उसके कर्मों की सजा दे रहे होते हैं।

**शनिदेव रखते हैं कर्मों का लेखा-जोखा**

इसके साथ ही शनि की साढ़े साती और ढैया जैसे समय-चक्र के माध्यम से शनिदेव अपने उपासकों को उनके जीवन के कर्मों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हैं। यह समय गलत कर्म करने वाले जातकों के लिए कठिन हो सकता है। लेकिन यदि व्यक्ति अच्छे कर्म करता है और साथ ही भगवान शनिदेव की पूजा करता है, तो उसे शनिदेव का आशीर्वाद प्राप्त होता है। मान्यता है कि जो लोग धर्म और सत्य के मार्ग पर चलते हैं उनको भगवान शनिदेव की कृपा प्राप्त होती है साथ ही जीवन आनंदमय गुजरता है।

**किसने दिया शनि देव को वरदान**

धार्मिक ग्रंथों के अनुसार शनिदेव को भगवान शिव का वरदान प्राप्त है। जिसमें उन्होंने शनिदेव को मनुष्यों के कर्मों के अनुसार न्याय और फल देने का वचन दिया था । एक अन्य कथा के अनुसार यह भी माना जाता है कि शनिदेव भगवान सूर्य के पुत्र हैं। उन्होंने कठोर तपस्या करके यह शक्ति प्राप्त की कि वे संसार के हर प्राणी को न्याय दिलाएंगे। इसके अलावा शनिदेव को उनकी न्यायप्रियता के लिए मृत्यु के देवता यमराज से भी सम्मान मिला था। यही वजह है कि शनिदेव को न्याय का देवता और कर्मों का फल देने वाला माना जाता है।

# क्या महाकुंभ में नागा साध्वी भी करती हैं शाही स्नान



**नागा साध्वी करती हैं पवित्र शाही स्नान**

महिला नागा साधुओं को नागा साध्वी भी कहा जाता है। महिला नागा साध्वी पुरुष नागा साधुओं की तरह ही कठिन तपस्या और दीक्षा के बाद नागा संप्रदाय में शामिल होती हैं। महाकुंभ के दौरान महिला नागा साध्वी भी पुरुष नागा साधुओं की तरह ही अखाड़ों के साथ पवित्र स्नान करती हैं। गुरुओं की आज्ञा के अनुसार वे भी अपनी आस्था और परंपरा का ध्यान रखते हुए नग्न अवस्था में स्नान करती हैं और पूरे अनुशासन तथा मर्यादा का पालन करती हैं।

**महिला नागा साध्वियों के शाही स्नान का महत्व**

महाकुंभ के दौरान नागा साध्वियों के शाही स्नान का महत्व विशेष महत्व है। इसे पवित्रता, आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का संगम माना गया है। इसमें महिला नागा साध्वियां प्रमुख अखाड़ों के झंडे और हथियारों तलवार, त्रिशूल, चिमटा के साथ भव्य शोभायात्रा निकालती हैं। इसके बाद स्नान करती हैं। यह दृश्य न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि यह महिलाओं की आध्यात्मिक ताकत और उनके समर्पण को भी दर्शाता है।

**महिला नागा साध्वियों का समाज को संदेश**

महाकुंभ में महिला नागा साधुओं की उपस्थिति समाज को एक बड़ा संदेश देती है। इससे यह साफ होता है कि महिलाएं अध्यात्म और साधना में पुरुषों से पीछे नहीं हैं और दोनों के बीच में कोई भेद नहीं है। इन साध्वियों का शाही स्नान भारतीय संस्कृति में महिलाओं के समान अधिकार और सम्मान को दर्शाता है। इसके साथ ही यह नारी शक्ति के आत्मबल को प्रगाढ़ करता है।

# दिल चाहता है बनूं 'सुपरवुमन' : कृति सेनन

बॉलीवुड में अपने अभिनय करियर का एक दशक पूरा कर चुकी कृति सेनन का फिल्मी सफर बेहद सराहनीय और दिलचस्प रहा है। नॉन-फिल्मी बैकग्राऊंड से फिल्मों में कदम रखने वाली कृति ने अपने करियर में ज्यादातर सफल फिल्में दी हैं। टाइगर श्रॉफ के साथ फिल्म 'हीरोपंती' से 2014 में अपने करियर का आगाज करने वाली कृति ने फिल्म 'मिमी' के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीत कर यह साबित कर दिया कि उसमें अभिनय कूट-कूट कर भरा है।



फिल्म 'मिमी' के बारे में कृति कहती है कि यह फिल्म उसके अभिनय करियर में अब तक का सबसे साहसिक विकल्प रही और उस जोखिम का उसे अच्छा परिणाम भी मिला।

उसने कहा, मुझे कई लोगों ने इस फिल्म को न चुनने की सलाह दी थी। उन्हें डर था कि मुझे एक ऐसी अभिनेत्री का लेबल दिया जाएगा जो आर्ट हाऊस फिल्मों को पसंद करती है और इससे मेरे पास आने वाली अन्य फिल्में प्रभावित होंगी। फिर भी, मैंने इसे चुना क्योंकि इस कहानी ने मेरे दिल को छू लिया। फिल्में चुनते समय यह कारक सबसे अधिक मायने रखता है।

**भविष्य में एक सुपरवुमन का किरदार**

और कोई नकारात्मक किरदार निभाने की इच्छा जाहिर करते हुए कृति कहती है, फिल्म 'दो पत्ती' में मेरी भूमिका कई परतों वाली रही है। फिल्म का घरेलू हिंसा का विषय भी मार्मिक है। फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में सीधे- सादे रोबोट की भूमिका निभाना भी मुश्किल था और उस भूमिका को लोगों ने खूब सराहा।

हाल की फिल्मों में महिलाओं द्वारा निभाए जा रहे नकारात्मक किरदारों और भूमिकाओं के बारे में चर्चा के दौरान कृति ने कहा कि दर्शक अब 'ग्रे' किरदारों को पसंद करते हैं और उनसे अच्छी तरह जुड़ते हैं और आजकल 'पुरुषों की नजर' भी बदल रही है, इसके चलते 'परफैक्ट' लड़की या महिला पर निर्माता-निर्देशक उतना जोर नहीं देते।

फिल्म जगत में कृति की उपलब्धि इसलिए और भी खास हो जाती है क्योंकि उसके परिवार में से किसी का भी फिल्म जगत से संबंध नहीं था। फिल्म इंडस्ट्री में 'नेपोटिज्म' यानी ' भाई-भतीजावाद' को लेकर अक्सर बहस होती रही है लेकिन इसे लेकर कृति का अपना अलग ही नजरिया है।

हाल ही में उसने एक इंटरव्यू में वंशवाद पर चर्चा के दौरान कहा, मुझे लगता है कि' नेपोटिज्म' के लिए फिल्म इंडस्ट्री उतनी जिम्मेदार नहीं है। इसके लिए मीडिया और दर्शक भी जिम्मेदार हैं। दर्शक देखना चाहते हैं कि मीडिया कुछ स्टार किड्स के बारे में क्या दिखा रहा है? दर्शकों की उनमें रुचि है, इसलिए इंडस्ट्री को लगता है कि चूंकि दर्शकों की रुचि है, इसलिए उनके साथ फिल्म बनाई जानी चाहिए। यह एक चक्र है लेकिन अगर आप प्रतिभाशाली हैं, तो आप वहां पहुंच जाएंगे। अगर आप प्रतिभाशाली नहीं हैं और अगर दर्शकों के साथ आपका जुड़ाव नहीं है, तो आप वहां नहीं पहुंच पाएंगे।

इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने के बाद फिल्म जगत में आई कृति आगे कहती है, जब से मैं यहां आई हूं, इंडस्ट्री ने मेरा बहुत गर्मजोशी से स्वागत किया है। अगर कड़ी मेहनत करते रहें तो कोई आपको रोक नहीं सकता।

# गुनीत मोंगा की 'अनुजा' हुई 'ऑस्कर 2025' के लिए शॉर्टलिस्ट



अपनी शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'द एलीफेंट व्हिस्परर्स' के लिए साल 2023 का अकादमी पुरस्कार जीतने वाली गुनीत मोंगा एक बार फिर भारती



सिनेमा को गौरवान्वित करने के लिए तैयार हैं। उनके नए प्रोजेक्ट 'अनुजा' को 'ऑस्कर 2025' के लिए 'सर्वश्रेष्ठ लाइव-एक्शन शॉर्ट फिल्म' श्रेणी में चुना गया है, जिसकी वह कार्यकारी निर्माता हैं। यह गुनीत का अकादमी पुरस्कारों में तीसरा नामांकन है।

**180 क्वालीफाइंग एंट्री में चुनी गई 'अनुजा'**

ऑस्कर 2025 के लिए 'अनुजा' को चुना गया 180 क्वालीफाइंग एंट्री में से चुना गया। यह शॉर्ट फिल्म ऑस्कर के लिए 15 शॉर्टलिस्ट की गई फिल्मों में शामिल है। 'अनुजा' को एडम जे ग्रेव्स और सुचित्रा मट्टई द्वारा निर्देशित और हॉलीवुड स्टार और लेखिका मिंडी कलिंग द्वारा सह-निर्मित किया गया है। इस प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए गुनीत मोंगा ने कहा, ₹अनुजा दो बहनों की एक गहरी निजी कहानी है, जो जीवन में आगे बढ़ती हैं। फिल्म मानव आत्मा की अटूट आशा को दर्शाती है। यह टीम के समर्पण और इस मार्मिक कहानी की ताकत की विनम्र मान्यता है।

**'अनुजा' की कास्ट**

नई दिल्ली में सेट की गई इस फिल्म में अनुजा के किरदार में सजदा पठान और पलक के रूप में अनन्या शानबाग हैं। अन्य कलाकारों में नागेश भोंसले, गुलशन वालिया, सुशील परवाना, सुनीता भदौरिया, रुडोल्फो राजीव ह्यूबर्ट, जुगल किशोर और पंकज गुप्ता शामिल हैं।

**क्या है 'अनुजा' की कहानी?**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कहानी अनुजा के इर्द-गिर्द घूमती है। आधिकारिक सारांश के अनुसार, "जब एक नौ साल की लड़की जो एक गारमेंट फैक्टरी में काम करती है, उसे बोर्डिंग स्कूल में जाने का एक दुर्लभ मौका दिया जाता है, तो उसे एक ऐसे विकल्प का सामना करना पड़ता है जो उसके भविष्य और उसके परिवार के भाग्य का निर्धारण करेगा।"

# 'सिल्क स्मिता' बनेगी चंद्रिका रवि



साऊथ फिल्म इंडस्ट्री की 'क्वीन' के नाम से मशहूर सिल्क स्मिता के जन्मदिन पर उसके प्रशंसकों के लिए खास खबर सामने आई है। अभिनेत्री के जीवन पर फिल्म बनेगी। फिल्म में सिल्क का रोल करने जा रही अभिनेत्री चंद्रिका रवि ने इसकी पहली झलक भी दिखाई है।

एस.टी.आर आई. सिनेमाज ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर सिल्क की बायोपिक का ऐलान किया है। इसके साथ ही फिल्म में स्मिता का रोल करने के लिए तैयार चंद्रिका ने सोशल मीडिया पर फिल्म के टीजर को शेयर कर कैप्शन में लिखा, सिल्क स्मिता : क्वीन ऑफ द साऊथ सदाबहार खूबसूरत सिल्क स्मिता को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। उनके परिवार के आशीर्वाद और आभार के साथ उनकी बायोपिक 'सिल्क स्मिता क्वीन ऑफ द साऊथ' की एक झलक आप सभी के साथ शेयर कर रहे हैं।

टीजर की शुरूआत में देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी अखबार और मैग्जीन में हर जगह सिल्क स्मिता की खबर देखकर पूछती हैं, आखिर कौन है यह स्मिता ?

इसके बाद उनका असिस्टैंट कहता है, साऊथ ब्यूटी और फिर सिल्क की पहली झलक सामने आती है।

टीजर में स्मिता सड़क पर निकलती है और फिर उसे वहां पर खड़ी भीड़ देखने लगती है। टीजर में यह भी बताया गया है कि सिल्क ने अपने 17 साल के करियर में 5 भाषाओं में 450 से भी ज्यादा फिल्मों में काम किया। फिल्म के टीजर में अभिनेत्री को एक महिला नहीं, राजकुमारी बताया गया है।

सिल्क स्मिता का रोल करने जा रही चंद्रिका भारतीय मूल की ऑस्ट्रेलियाई अभिनेत्री है। उसने तमिल, तेलुगु और अंग्रेजी फिल्मों में काम किया है। वह एक अमरीकी टॉक शो की मेजबानी करने वाली पहली भारतीय महिला



है। इस शो में वह अपने अनुभवों और संघर्षों को सांझा करती है। अपनी पहचान बनाने के लिए उसने काफी संघर्ष किया है। उसके संघर्ष से प्रेरित होकर ही उसे यह मौका मिला था।

वैसे सिल्क स्मिता पर पहले भी 'द डर्टी पिक्चर' टाइटल के साथ फिल्म बन चुकी है। मिलन लूथरिया के निर्देशन में बनी उस फिल्म में विद्या बालन, नसीरुद्दीन शाह, इमरान हाशमी, तुषार कपूर लीड रोल में थे। साल 2011 में सिनेमाघरों में आई 'द डर्टी पिक्कर' बॉक्स ऑफिस पर काफी सफल रही थी और इसमें सिल्क स्मिता के रोल में विद्या बालन को काफी पसंद किया गया था।

**कौन थी सिल्क स्मिता**

सिल्क स्मिता का असली नाम विजयलक्ष्मी विदलपति था। उसका जन्म 2 दिसम्बर, 1960 को एलुरू (आंध्र प्रदेश) में हुआ और 23 सितम्बर, 1966 को महज 36 साल की उम्र में निधन हो गया था। उसे साऊथ की बेहद ग्लैमरस एक्ट्रैस माना जाता था।

## सोनू सूद को देखकर ऐश्वर्या को आती है अपने ससुर की याद

ऐश्वर्या राय बच्चन और सोनू सूद ने साथ में फिल्म 'जोधा अकबर' में काम किया है। फिल्म में सोनू, ऐश्वर्या को बचाने के लिए कई जोखिम भरे काम करते हैं। अब हाल ही में, अभिनेता ने सेट पर अभिनेत्री के साथ काम करने का अनुभव साझा किया है। इसके साथ ही बताया है कि ऐश्वर्या राय ने उनसे कहा था कि सोनू उन्हें अमिताभ बच्चन की याद दिलाते हैं। आइए जानते हैं कि अभिनेता ने और क्या कहा है।



सोनू ने मैशेबल इंडिया के साथ एक साक्षात्कार में कहा, 'उस समय हम फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। ऐश्वर्या एक सीन कर रही थीं। वह अचानक रुकीं और मुझसे बोलीं कि तुम मुझे पापा की याद दिलाते हो। ऐश्वर्या सच में एक उम्दा कलाकार हैं। अभिनेत्री का कहना है कि मैं अपने परिवार के साथ काफी अच्छा तालमेल रखता हूं। सोनू ने अभिषेक के साथ हैप्पी न्यू ईयर में काम किया था। यही नहीं, सोनू ने मिस्टर बच्चन के अलावा बुड्ढा होगा तेरा बाप में उनके बेटे का किरदार निभाया था।'

लोगों ने गलती से समझ लिया था अभिषेक

अभिनेता ने आगे बताया कि एक बार वह मिस्र की यात्रा कर रहे थे। इस दौरान, उन्हें कई लोगों ने उन्हें अभिषेक समझ लिया था। उन्होंने कहा, ₹जैसे ही मैं मिस्र पहुंचा, वहां लोगों ने मान लिया कि मैं आपका बेटा हूं। वे ' अमिताभ बच्चन के बेटे, अमिताभ बच्चन के बेटे' की तरह व्यवहार करने लगे। इसलिए, मुझे वीवीआईपी ट्रीटमेंट मिला, उन्होंने मुझे लाइन से बाहर निकाला और अलग ले गए, मुझे बहुत अच्छा लगा।

इसके अलावा सोनू ने 'बुड्ढा होगा तेरा बाप' में बिग बी को धक्का देने का एक सीन भी याद किया। उन्होंने कहा कि उस सीन को लेकर वह काफी झिझक रहे थे। इस सीन में सोनू ने शहंशाह को धीरे से धक्का दिया। हालांकि, बाद में अमिताभ बच्चन ने खुद कहा कि चिंता मत करो और मुझे जोर से धक्का दो, जिसके बाद मैंने उन्हें धक्का दिया और वह सीन काफी अच्छा निकला।

# बॉलीवुड में 'डेब्यू' सपना पूरा होने जैसा : हरनाज संधू

टाइगर श्रॉफ का समय पिछले कुछ अर्से से ठीक नहीं चल रहा। उसकी हालिया फिल्में टिकट खिड़की पर कोई खास - कमाल नहीं दिखा सकी हैं। ऐसे में टाइगर को अपनी एक सोलो हिट का बेसब्री से इंतजार है। इसके लिए वह अपनी हिट फिल्म सीरीज 'बागी' की चौथी किस्त की तैयारी में जुट गया है।

कुछ समय पहले उसने अपनी फिल्म से एक धमाकेदार लुक पोस्टर भी रिलीज किया था। फिल्म में टाइगर के साथ संजय दत्त को कास्ट कर लिया गया है। अब, फिल्म में एक हीरोइन की एंट्री होने जा रही है।

मिस यूनिवर्स 2021 हरनाज कौर संधू ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की है। फोटो में हरनाज के हाथों में फिल्म 'बागी 4' की स्क्रिप्ट मौजूद है जिसमें उसका नाम लिखा हुआ है। अपनी पोस्ट की कैप्शन में हरनाज ने लिखा, 12 दिसम्बर की तारीख मेरे दिल में हमेशा एक खास जगह बनाकर रहेगी। आज मैं अपने जीवन के एक नए चैप्टर 'बागी 4' में कदम रख रही हूं। आज से ठीक 3 साल पहले मुझे मिस यूनिवर्स का ताज भी पहनाया गया था और अब इस खास दिन पर मैं अपनी एक नई शुरूआत करने जा रही हूं।



हरनाज ने आगे लिखा, मैं मेरे मैंटर साजिद सर का तहेदिल से धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने मुझे यह बेहतरीन मौका दिया। नाडियाडवाला फैमिली को ज्वॉइन करना मेरे लिए सपना पूरा होने जैसा है और मैं दिल से नाडियाडवाला ग्रैंडसन प्रोडक्शन का धन्यवाद करती हूं जिन्होंने मुझमें भरोसा दिखाया और मेरे बॉलीवुड में आने के सपने को हकीकत में बदल दिया। यह मेरे लिए बड़ी सौभाग्य की बात है कि मैं इस जर्नी का हिस्सा बन पाई और उन लोगों के साथ रहने का मौका मिला जो बहुत प्रेरणादायी हैं। यह उस नई शुरूआत के लिए और अपने सपनों की तरफ कदम बढ़ाने का वक्त है।

हरनाज का इस फिल्म में क्या रोल होने वाला है, इस बात की अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है लेकिन उसका अब इस फिल्म में जुड़ना, फिल्म को लेकर दर्शकों के एक्साइटमेंट को और भी बढ़ा रहा है। अब देखना होगा कि कैसे हरनाज अपनी खूबसूरती का जलवा फिल्म में बिखेरती है और क्या वह लोगों को अपने काम से खुश कर पाएगी।

**सोनम बाजवा भी बनी फिल्म का हिस्सा**

हाल ही में साजिद की प्रोडक्शन कम्पनी ने फिल्म से एक और अपडेट शेयर किया था। उन्होंने पंजाबी एक्ट्रैस सोनम बाजवा को 'बागी 4' का हिस्सा बनाने की सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए घोषणा की थी। फिल्म में मुख्य खलनायक के तौर पर प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला ने दिग्गज एक्टर संजय दत्त को कास्ट किया है। उन्होंने फिल्म से उसका लुक भी शेयर किया था, जिसमें उसे 'आशिक' बताया गया था। देखना होगा कि क्या यह पिछली तीनों फिल्मों की ही तरह बॉक्स ऑफिस पर कमाई कर पाएगी या नहीं।

# रश्मिका की झोली बड़ी फिल्मों से भरी

रश्मिका मंदाना इन दिनों सबसे बिजी अभिनेत्रियों में से एक है। उसकी पिछली कुछ फिल्में ऐसी चली हैं, कि उसकी लोकप्रियता और डिमांड हर तरफ काफी बढ़ गई है। पिछले साल आई रश्मिका की फिल्म 'एनिमल' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाया था। अब उसकी नई फिल्म 'पुष्पा 2 : द रूल' ने बॉक्स ऑफिस के हर उस रिकॉर्ड को तोड़ दिया है, जिसे तोड़ना नामुमकिन था। ऐसे में रश्मिका शायद बहुत जल्द फिल्मों की सबसे ज्यादा कमाऊ एक्ट्रैस बन सकती है।

इन दिनों रश्मिका के सितारे काफी चमक रहे हैं। उसकी एक के बाद एक फिल्में हिट हो रही हैं तो उसकी झोली आगे भी बड़ी फिल्मों से भरी है। उसकी अगली फिल्मों में सलमान खान के साथ 'सिकंदर' भी शामिल है। यह फिल्म 2025 में ईद के मौके पर रिलीज की जाएगी। माना जा रहा है कि इस फिल्म में एक्शन जबरदस्त होने वाला है और यह एक ट्रेडमार्क सलमान खान फिल्म होगी। रश्मिका ने हाल ही में फिल्म 'सिकंदर' में काम करने के अपने अनुभव शेयर किए।

रश्मिका ने कहा कि सलमान खान के साथ काम करना उसके लिए सपना सच होने जैसा था। उसने फिल्म की शूटिंग करते वक्त एक वाकया याद करते हुए सलमान के स्वभाव के बारे में बताया।

वह सलमान खान के साथ पहली बार किसी फिल्म में काम करने वाली है। फिल्म में उनके अलावा काजल अग्रवाल और शरमन जोशी भी हैं। फिल्म की लगभग 90 प्रतिशत शूटिंग खत्म हो चुकी है। हाल ही में सलमान ने हैदराबाद में फिल्म की शूटिंग की थी, जहां उसने फिल्म के लिए एक गाना शूट किया था। इसको फिल्म 'गजनी' बनाने वाले प्रसिद्ध डायरैक्टर ए. आर. मुरुगादोस बना रहे हैं और इसे प्रोड्यूस साजिद नाडियाडवाला ने किया है।

'छावा' में भी आएगी नजर

रश्मिका की अगली फिल्मों में विक्की कौशल के साथ 'छावा' भी शामिल है। रश्मिका ने सलमान और विक्की के साथ अपने रिश्ते के बारे में कहा, ₹सलमान खान और विक्की कौशल दोनों ही पूरी तरह से अलग हैं, लेकिन वे दोनों ही दयालु हैं। उनके साथ काम करना बेहद खास अनुभव रहा है और वे वास्तव में अच्छे इंसान हैं, जो उनके लिए सबसे ज्यादा मायने रखता है।

सलमान का जिक्र करते हुए रश्मिका ने कहा कि वे दोनों जो भी आपस में बात करते हैं, वह हमेशा उन दोनों के बीच ही रहेगी। उसने सलमान के साथ हुई बातचीत को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि उनकी सलाह उसके लिए बहुत कीमती चीज है।



रश्मिका ने कहा कि सलमान और विक्की द्वारा उसके प्रति दिखाई गई दयालुता और गर्मजोशी खास रही है और वह उन रिश्तों के लिए आभारी है।

लक्ष्मण उतेकर द्वारा निर्देशित फिल्म 'छावा' में विक्की और रश्मिका के अलावा अक्षय खन्ना भी है। वे सभी इस ऐतिहासिक कहानी को बड़े पर्दे पर पेश करते नजर आएंगे। बॉक्स ऑफिस पर 'पुष्पा 2: द रूल' के साथ टकराव की वजह से 'छावा' की रिलीज डेट बदल दी गई थी। अब यह 14 फरवरी, 2025 को रिलीज होगी।

यूं आई फिल्मों में

फिल्मी पृष्ठभूमि न होने के बावजूद फिल्मों में रश्मिका का आना कैसे हुआ, पर वह कहती है, ₹पढ़ाई के दौरान ही मुझे मॉडलिंग के ऑफर मिलने लगे। कई प्रतिष्ठित ब्रांड्स में मेरा चेहरा नजर आने लगा और मुझे फिल्मों के ऑफर्स मिलने लगे लेकिन मैं एक सच बताती हूं कि पहले मेरे पास चुनने के लिए कोई और विकल्प नहीं था। मैं 11वीं और 12वीं में भी आर्ट की छात्रा थी, तो जब मैं साहित्य, मनोविज्ञान और पत्रकारिता की पढ़ाई करने लगी तब मुझे समझ में आया कि यह करने में तो मुझे बहुत मजा आ रहा है।

हीरोइन बनना मेरे सपनों से भी परे था। मैंने सोचा था कि मेरे ग्रैजुएशन की पढ़ाई के बाद मैं घर जाकर अपने पापा के बिजनैस में मदद करूंगी मगर किस्मत ने मुझे कहीं और ही पहुंचा दिया। शायद जिंदगी ऐसी ही होती है, आपको नहीं पता होता है कि आगे क्या होने वाला है लेकिन जो मिला, वह बहुत ही खूबसूरत है और मैं बहुत खुश हूं।

## 'वह खुद के दुश्मन हैं', विजय हजारे ट्रॉफी से बाहर किए जाने पर पृथ्वी शॉ के पोस्ट पर एमसीए का जवाब

विजय हजारे ट्रॉफी की टीम से बाहर किए जाने पर पृथ्वी शॉ के भड़ास भरे पोस्ट पर अब मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) का जवाब आया है। उन्होंने उस पोस्ट को तूल नहीं देते हुए कहा कि पृथ्वी लगातार अनुशासन तोड़ते रहे हैं और वह अपने दुश्मन खुद हैं। एमसीए के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि खराब फिटनेस, रवैये और अनुशासन मसले के कारण कई बार टीम को मैदान पर उन्हें या फिर उनकी हरकतों को छिपाने पर मजबूर होना पड़ता था।

पृथ्वी ने 16 सदस्यीय विजय हजारे ट्रॉफी टीम में जगह नहीं मिलने पर सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये गुस्सा निकाला था। वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतने वाली मुंबई टीम का हिस्सा थे। अधिकारी ने कहा, 'सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में हम 10 फील्डरों के साथ खेल रहे थे क्योंकि पृथ्वी को छिपाना पड़ता था। गेंद उनके पास से निकल जाती थी और वह पकड़ नहीं पाते थे।'

उन्होंने कहा, 'बल्लेबाजी के दौरान भी उन्हें गेंद तक पहुंचने में दिक्कत हो रही थी। उनकी फिटनेस, अनुशासन और रवैया खराब है और अलग अलग खिलाड़ी के लिए अलग नियम नहीं हो सकते। टीम में सीनियर खिलाड़ी भी उसके रवैये की शिकायत करने लगे थे।' सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान पृथ्वी नियमित तौर पर अभ्यास सत्रों से नदारद रहे और पूरी रात बाहर रहने के बाद सुबह छह बजे





टीम होटल पहुंचते थे।

अधिकारी ने कहा कि मैदान से बाहर की हरकतों के कारण अधिक चर्चा में रहने वाले शॉ अपनी प्रतिभा के साथ न्याय नहीं कर रहे हैं और इस तरह की सोशल मीडिया पोस्ट से उनका कुछ भला नहीं होने वाला। इससे पहले अक्तूबर में मुंबई की रणजी ट्रॉफी टीम से भी शॉ को इन्हीं कारणों से बाहर कर दिया गया था। पृथ्वी इस साल आईपीएल नीलामी में भी अनसोल्ड रहे थे। सैयद मुश्ताक में भी उनका खराब फॉर्म जारी रहा था।

### शॉ ने जताई थी निराशा

टीम से बाहर होने के बाद उन्होंने निराशा जताई थी। उन्होंने अपनी इंस्टा स्टोरी पर लिखा था, 'भगवान मुझे बताओ, मुझे और क्या देखना है? 65 पारियां, 55.7 की औसत और 126 के स्ट्राइक रेट से 3399 रन (विजय हजारे में) के बावजूद मैं काफी अच्छा नहीं हूं। लेकिन मैं आप पर अपना भरोसा बनाए रखूंगा और उम्मीद है कि लोग अब भी मुझ पर भरोसा करेंगे क्योंकि मैं निश्चित रूप से वापसी करूंगा। ओम साईं राम।'

### प्रवीण आमरे ने शॉ को लेकर क्या कहा था?

हाल में शॉ को अधिक वजन और अनफिट होने के कारण मुंबई रणजी टीम से बाहर कर दिया गया था। पृथ्वी के पतन पर बोलते हुए दिल्ली कैपिटल्स के पूर्व टैलेंड स्काउट और सहायक कोच प्रवीण आमरे ने अनुमान लगाया कि इतनी कम उम्र में 30-40 करोड़ रुपये के करीब कमाई ने शॉ को करियर की पटरी से उतार दिया होगा। शॉ को डीसी में लाने में बड़ी भूमिका निभाने वाले आमरे ने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने शॉ को विनोद कांबली का उदाहरण दिया था, लेकिन वह भी काम नहीं आया।

### 'कम उम्र में पृथ्वी ने कमा लिए ज्यादा पैसे'

आमरे ने कहा, 'दिल्ली कैपिटल्स की बदौलत शॉ ने 23 साल की उम्र तक 30-40 करोड़ रुपये कमा लिए होंगे। क्या आईआईएम ग्रेजुएट को भी इतना पैसा मिलेगा? जब आप इतनी कम उम्र में इतना कमाते हैं, तो आप पूरा ध्यान खो देते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि आप पैसे का प्रबंधन करना जानते हों, अच्छे दोस्त बनाएं और क्रिकेट को प्राथमिकता दें। अनुशासनहीनता ने पृथ्वी के करियर को बाधित किया। वापस आने पर अच्छा प्रदर्शन करने की भूख उनसे गायब थी।'

### 'विपरीत दिशा में जा रही उनकी प्रतिभा'

उन्होंने कहा, 'यह निराशाजनक है कि उनके जैसी प्रतिभा विपरीत दिशा में जा रही है। किसी ने मुझे बताया कि सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के लिए मुंबई रवाना होने से पहले पृथ्वी ने क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में अभ्यास मैच में शानदार शतक जड़ा था। शायद वह ग्लैमर और पैसे, आईपीएल के दुष्प्रभावों को संभाल नहीं सके। उनका उदाहरण भारतीय क्रिकेट में केस स्टडी हो सकता है। जो उसके साथ हो रहा है, वह अन्य क्रिकेटरों के साथ नहीं होना चाहिए। अकेले प्रतिभा आपको शीर्ष पर नहीं ले जा सकती। तीन डी - अनुशासन, दृढ़ संकल्प और समर्पण - महत्वपूर्ण हैं।' इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज केविन पीटरसन ने भी पृथ्वी को सलाह दी थी।

### विजय हजारे ट्रॉफी के लिए चुना गया मुंबई का स्क्वॉड

श्रेयस अय्यर (कप्तान), आयुष म्हात्रे, अंगकृष रघुवंशी, जय बिस्टा, सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे, सूर्यांश शेडगे, सिद्धेश लाड, हार्दिक तमोरे, प्रसाद पवार, अथर्व अंकोलेकर, तनुष कोटियन, शार्दुल ठाकुर, रॉयस्टन डियास, जुनेद खान , हर्ष तन्ना और विनायक भोर।

## अश्विन के बाद 2025 में कई और भारतीय सीनियर खिलाड़ी ले सकते हैं संन्यास ?

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 287 मैचों और 765 विकेट लेने के बाद दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने तीनों प्रारूप को अलविदा कह दिया है। हालांकि, वह घरेलू टूर्नामेंट्स और आईपीएल खेलते रहेंगे। अश्विन ने 106 टेस्ट में 537 विकेट चटकाए, जिससे उनका करियर दिग्गज अनिल कुंबले (619) के बाद भारत के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में समाप्त हुआ। अश्विन के संन्यास की घोषणा स्टार बल्लेबाज विराट कोहली सहित कई खिलाड़ियों के लिए चौंकाने वाली रही, जबकि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को ऑस्ट्रेलिया में मौजूदा सीरीज शुरू होने से पहले इस फैसले की जानकारी थी। हालांकि, अश्विन के अचानक संन्यास के फैसले के बाद निकट भविष्य में इस तरह की और घोषणाएं देखने को मिल सकती हैं।

### अगले साल बदलाव के दौर से गुजरेगी टीम इंडिया

क्रिकबज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय टीम के एक अगले साल बदलाव के दौर में प्रवेश करने की उम्मीद है। अगले साल जून में लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के बाद टीम इंडिया से कई और सीनियर खिलाड़ी संन्यास लेते दिख सकते हैं। हालांकि, तब तक इंतजार खिलाड़ी तभी करेंगे अगर भारत में पहुंचता है। अगर भारतीय टीम फाइनल में नहीं पहुंचती है तो उससे पहले भी कई खिलाड़ियों के संन्यास के फैसले आ सकते हैं।



### इंग्लैंड दौरे से पहले हो सकता है ऐसा

रिपोर्ट के मुताबिक, 'यह फैसला कितना योजनाबद्ध है या कितना अपनी इच्छा के अनुसार है, यह बताना मुश्किल है, लेकिन भारतीय टीम के जल्द ही बदलाव से गुजरने की उम्मीद है। संभवतः 2025 में टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड जाने से पहले ऐसा हो सकता है। पहले की तरह ही इसका श्रेय या वजह ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज को ही दिया जाएगा। पिछले कुछ वर्षों में ऑस्ट्रेलिया के दौरे ने कई भारतीय क्रिकेटरों के करियर को समाप्त करने में अहम भूमिका निभाई है।

### 2025 संन्यास का वर्ष हो सकता है

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2025 भारतीय क्रिकेट में संन्यास का वर्ष हो सकता है। ठीक उसी तरह जैसे 2008 में सौरव गांगुली और अनिल कुंबले ने इसी सीरीज के बाद संन्यास लिया था। इसके मुताबिक, 'यह संभावना नहीं है कि कोई भी खुले तौर पर स्वीकार करेगा कि यह किसी के कहने पर किया गया है, लेकिन अश्विन की घोषणा 2008 की तरह संन्यास की एक सीरीज की शुरुआत हो सकती है। 2008 में कई वरिष्ठ खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अचानक संन्यास ले लिया था। इसे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से एक संकेत माना जा रहा है और बदलाव के लिए मंच माना जा रहा है।

### अश्विन ने कही थी यह बात

हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि अगर भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचने में विफल रहता है तो क्या संन्यास की घोषणाएं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही सीरीज के बाद आएंगी या फिर कुछ समय बाद। अश्विन ने अपने आखिरी भाषण में बताया था कि वह टीम में कुछ अन्य सीनियर खिलाड़ियों के साथ हैं और उनके साथ लंबे समय तक ड्रेसिंग रूम शेयर करना अच्छा लगा। इनमें विराट कोहली, रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

### ये सीनियर खिलाड़ी हैं लाइन में

रोहित, कोहली और जडेजा जून में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं। अश्विन के विपरीत, रोहित और कोहली ने टेस्ट में काफी संघर्ष किया है। रोहित का 2024 का सबसे बड़ा आकर्षण टी20 विश्व कप में बल्ले से उनका सनसनीखेज प्रदर्शन था। हालांकि, कोहली ने टूर्नामेंट के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था और इसके बाद उन्होंने पिछले महीने पर्थ टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 100 रन की पारी खेली थी। पर इन दो पारियों के अलावा वह कुछ खास करने में कामयाब नहीं हो सके हैं।

## बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान संन्यास लेने वाले क्रिकेटर्स कुंबले-धोनी और अश्विन से जुड़ा 'तीन' का आंकड़ा

भारत के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। बुधवार को उन्होंने ब्रिस्बेन टेस्ट के खत्म होने के बाद इसकी घोषणा की। इसी के साथ वह उन क्रिकेटर्स की लिस्ट में शामिल हो गए, जिन्होंने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान ऑस्ट्रेलिया में संन्यास लिया। इनमें अश्विन के अलावा पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, राहुल द्रविड़ और दिलीप वेंगसरकर जैसे दिग्गज क्रिकेटर्स शामिल हैं। वहीं, अनिल कुंबले और सौरव गांगुली ने भारत में खेली गई बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था। हालांकि, कुंबले, धोनी और अश्विन से जुड़ा एक संयोग भी है कि तीनों ने भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज के तीसरे टेस्ट के बाद ही संन्यास लिया।

### 1992 में श्रीकांत का संन्यास

भारत के पूर्व ओपनर श्रीकांत ने फरवरी 1992 में ऑस्ट्रेलिया की धरती पर खेली गई टेस्ट सीरीज के बाद संन्यास लिया था। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई धरती पर ही अपना आखिरी टेस्ट खेला था। हालांकि, वह वनडे खेलते रहे थे, लेकिन वनडे से भी उन्होंने मार्च 1992 में संन्यास ले लिया था। पर्थ के वाका में श्रीकांत ने आखिरी टेस्ट खेला था। इस मैच में वह 34 और 38 का स्कोर बना पाए थे। पांच मैचों की यह टेस्ट सीरीज ऑस्ट्रेलिया ने 4-0 से अपने नाम की थी।

### 1992 भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज: दिलीप वेंगसरकर का संन्यास

सिर्फ श्रीकांत नहीं, 1992 की यह सीरीज महान दिलीप वेंगसरकर की भी आखिरी टेस्ट सीरीज साबित हुई थी। पर्थ में खेला गया पांचवां टेस्ट उनका आखिरी टेस्ट रहा। वनडे से वह पहले ही संन्यास ले चुके थे। इस तरह 1991/92 भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज भारत के दो महान बल्लेबाजों के लिए आखिरी टेस्ट सीरीज साबित हुई।

### 2012 राहुल द्रविड़ ने लिया था संन्यास

भारत ने 2011/12 में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था। इस सीरीज के चौथे टेस्ट के बाद भारत के पूर्व कप्तान और महान बल्लेबाज राहुल द्रविड़ ने भी टेस्ट से संन्यास ले लिया था। एडिलेड ओवल में खेला गया चौथा टेस्ट द्रविड़ का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच साबित हुआ। वनडे और टी20 से वह पहले ही संन्यास ले चुके थे। द्रविड़ ने अपने आखिरी मुकाबले में एक और 25 रन की पारी खेली।

### 2012 लक्ष्मण ने लिया था संन्यास

द्रविड़ के अलावा एक और महान बल्लेबाज ने 2012 बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को छोड़ दिया था। यह बल्लेबाज कोई और नहीं बल्कि वेरी वेरी स्पेशल वीवीएस लक्ष्मण हैं। एडिलेड टेस्ट उनके लिए भी आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच रहा। लक्ष्मण ने अपने आखिरी मुकाबले में 18 और 35 रन की पारी खेली। भारत चार मैचों की यह सीरीज 4-0 से हार गया था।



### 2014 बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी: एमएस धोनी ने लिया था संन्यास

भारत ने 2014/15 में चार मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था। जब इस सीरीज के लिए टीम का एलान हुआ तो धोनी कप्तान थे। किसी को कोई अंदाजा नहीं था कि इस सीरीज में कुछ ऐसा होने वाला है जो विश्व क्रिकेट को चौंका कर रख देगा। भारत एडिलेड और गाबा में खेले गए शुरुआती दो टेस्ट में बुरी तरह हार गया था। इसके बाद तीसरे टेस्ट में तब उपकप्तान रहे विराट कोहली को कमान सौंपी गई और धोनी ने चोट का हवाला देते हुए आराम का फैसला किया। मेलबर्न में खेला गया तीसरा टेस्ट ड्रॉ रहा और इस टेस्ट के खत्म होते ही धोनी ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया। इस फैसले ने दुनिया को चौंका दिया था। किसी को इसका अंदाजा नहीं था। हालांकि, धोनी इसके बाद 2019 तक सीमित ओवर क्रिकेट खेलते रहे थे।

### 2018 में मुरली विजय ने लिया था संन्यास

भारत ने 2018/19 में चार मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था। एडिलेड में खेले गए पहले टेस्ट में टीम इंडिया ने जीत हासिल की, जबकि पर्थ में खेले गए दूसरे टेस्ट को ऑस्ट्रेलिया ने अपने नाम किया था। इन दोनों टेस्ट में मुरली विजय ने ओपनिंग की, लेकिन उनका प्रदर्शन खराब रहा था। इसके बाद उन्हें तीसरे और चौथे टेस्ट के लिए ड्रॉप किया गया। तीसरा टेस्ट भारत ने जीता और चौथा टेस्ट ड्रॉ रहा। भारत ने 2-1 से सीरीज जीती और विजय के लिए यह आखिरी सीरीज साबित हुई। इसके बाद वह अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेल पाए। उन्होंने तब ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

### रविचंद्रन अश्विन ने लिया संन्यास

एक ऐसे समय में जब अश्विन अपने करियर के चरम पर थे, उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया। यह एक ऐसा फैसला है, जिसके पीछे की वजह शायद खुद अश्विन ही बता पाएं। टेस्ट में 537 विकेट, 37 फाइफर्स, 11 प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड्स, छह टेस्ट शतक, 14 अर्धशतक...ऐसा कौन सा रिकॉर्ड है जिससे अश्विन पीछे रहे, लेकिन उन्होंने इससे दूर जाने का फैसला लिया। वह शुरू में एक बल्लेबाज थे, जो कि आगे चलकर एक महान स्पिनर बना। वह आमतौर पर ऑफ स्पिन गेंदबाजी करते थे, लेकिन उनकी कैरम बॉल ने दुनिया में तहलका मचा दिया था। हालांकि, उनके 'रिटायरमेंट का समय' एक ऐसी अनसुलझी गेंद है, जिसका किसी के पास कोई जवाब नहीं है।

### 2008 में अनिल कुंबले और सौरव गांगुली ने लिया था संन्यास

2008 में ऑस्ट्रेलिया ने चार मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारत का दौरा किया था। यह सीरीज भी भारत के दो दिग्गजों के लिए आखिरी अंतरराष्ट्रीय सीरीज साबित हुई। अनिल कुंबले और सौरव गांगुली ने इसी सीरीज के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। कुंबले ने दिल्ली में खेले गए तीसरे टेस्ट और गांगुली ने नागपुर में खेले गए चौथे टेस्ट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। इन दोनों का क्रिकेट को छोड़ना कई फैंस के लिए भावुक कर देने वाला पल था।

## पाकिस्तान से भी किसी तटस्थ स्थान पर भिड़ेगा भारत, 2027 तक लागू रहेगा नियम

चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन अगले साल फरवरी और मार्च में होना है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने साफ कर दिया कि भारत और पाकिस्तान के सभी मुकाबले न्यूट्रल वेन्यू (तटस्थ स्थल) पर खेले जाएंगे। इसका अर्थ है कि अब दोनों टीमें किसी भी आईसीसी टूर्नामेंट में एक-दूसरे के देश के दौरे पर नहीं जाएंगी और दोनों टीमों के बीच किसी तटस्थ स्थान पर मुकाबले खेले जाएंगे। यह नियम 2024-2027 तक लागू रहेगा। इससे एक बात साफ हो गई है कि चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन हाइब्रिड मॉडल में ही होगा।

### इन टूर्नामेंट में लागू रहेगा नियम

आईसीसी ने बताया कि 2024-27 के बीच किसी भी आईसीसी टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के मुकाबले तटस्थ स्थल पर खेले जाएंगे। यह नियम आगामी चैंपियंस ट्रॉफी, महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 (भारत की मेजबानी) और पुरुष टी20 विश्व कप 2026 (भारत और श्रीलंका करेंगे मेजबानी) पर लागू रहेगा। इसके अलावा आईसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को 2028 में होने वाले महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी के अधिकार दिए हैं। इस दौरान भी भारत और पाकिस्तान के मुकाबले न्यूट्रल वेन्यू यानी तटस्थ स्थल पर ही खेले जाएंगे।



### जल्द होगा चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम का एलान

आईसीसी ने अब तक चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम की पुष्टि नहीं की है। आईसीसी ने बताया कि जल्दी ही आगामी टूर्नामेंट के कार्यक्रम का एलान किया जाएगा। माना जा रहा है कि भारत के सभी मुकाबले दुबई में खेले जा सकते हैं। इस टूर्नामेंट में कुल आठ टीमें शामिल होंगी जिनमें भारत और पाकिस्तान के अलावा अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका हैं।

## 5 करोड़ सैलरी पाने वाले अश्विन की नेटवर्थ 132 करोड़ रुपये आंकी गई

भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया। उन्होंने गाबा टेस्ट के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने फैसले की जानकारी दी। वह एडिलेड डे नाइट टेस्ट में टीम इंडिया का हिस्सा रहे थे। 38 वर्षीय स्पिनर ने अपने करियर के दौरान तमाम कीर्तिमान स्थापित किए। वह टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में सातवें पायदान पर हैं। क्रिकेट की दुनिया में जैसे-जैसे अश्विन का कद बढ़ा उनकी कमाई भी सातवें आसमान को छूने लगी। हम यहां उनकी नेटवर्थ पर चर्चा करेंगे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, साल 2024 में अश्विन की नेटवर्थ 132 करोड़ रुपये आंकी गई है। इसमें भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से मिलने वाली सैलरी, आईपीएल कॉन्ट्रेक्ट और विज्ञापनों से होने वाली कमाई शामिल है। बता दें कि, महान स्पिनर अश्विन बीसीसीआई की ग्रेड ए का हिस्सा हैं। इसके लिए उन्हें पांच करोड़ रुपये मिलते हैं। अश्विन आईपीएल 2022 से राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा थे। हर साल फ्रेंचाइजी उन्हें पांच करोड़ रुपये देती थी। हाल ही में दुबई में हुई मेगा नीलामी में उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स ने 9.75 करोड़ रुपये में खरीदा।

विज्ञापनों से भी अश्विन अच्छी खासी कमाई कर लेते हैं। इनमें मिंत्रा, बॉम्बे शेविंग कंपनी, मान्ना फूड्स, एरिस्टोक्रैट बैग्स, ओप्पो, मूव, स्पेक्समेकर्स, जूमकार, कोको स्टूडियो तमिल और ड्रीम 11 शामिल हैं। इसके अलावा अश्विन का चेन्नई में एक बड़ा घर है, जिसकी कीमत लगभग नौ करोड़ रुपये है।

अश्विन के नाम टेस्ट में 37 फाइव विकेट हॉल है, जो कि किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा सबसे ज्यादा है। उनके बाद कुंबले का नंबर आता है। कुंबले ने टेस्ट में 35 बार पारी में पांच विकेट लिए थे। ओवरऑल सबसे ज्यादा पारी में पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन के नाम है। उन्होंने 67 बार ऐसा किया था। अश्विन शेन वॉर्न के साथ संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर हैं। अश्विन 106 टेस्ट खेलने के अलावा 116 वनडे और 65 टी20 में भी टीम इंडिया का हिस्सा रहे। उन्होंने वनडे में 156 विकेट और टी20 में 72 विकेट लिए थे। वनडे में उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी 25 रन देकर चार विकेट और टी20 में आठ रन देकर चार विकेट है। वनडे में उनकी इकोनॉमी 4.93 की और टी20 में 6.90 की रही है।

## चौथे टेस्ट से पहले इन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को करनी होगी फॉर्म में वापसी

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज जारी है। तीन मुकाबले खेले जा चुके हैं, चौथा मैच 26 दिसंबर से मेलबर्न में शुरू होगा जबकि आखिरी मुकाबला तीन जनवरी से खेला जाएगा। फिलहाल सीरीज 1-1 की बराबरी है। चौथे टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज इयान हीली ने ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों की फॉर्म को गंभीर बताया है। उन्होंने कहा कि इन तीनों अपने बेसिक्स पर ध्यान देने की जरूरत है।



### इन तीन बल्लेबाजों को करना होगा फॉर्म में सुधार

हीली ने ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाज जिनमें उस्मान ख्वाजा, नाथन मैकस्वीनी और मार्नस लाबुशेन की फॉर्म पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि, मुझे नहीं लगता कि ऑस्ट्रेलिया मेलबर्न टेस्ट से पहले उन पर किसी तरह का दबाव बनाएगा, लेकिन वे फॉर्म में नहीं है। वे गंभीर रूप से फॉर्म से बाहर हैं। सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा और नाथन मैकस्वीनी तथा तीसरे नंबर के बल्लेबाज मार्नस लाबुशाने रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

### चयन समिति के अध्यक्ष पर भी बरसे हीली

इस दौरान हीली ने ऑस्ट्रेलिया टीम के चयन समिति के अध्यक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि, चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली से पूछा जाना चाहिए कि क्या यह तीनों बल्लेबाज फॉर्म में वापसी कर सकते हैं। क्या उन्हें विश्वास है कि हमारे शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाज फॉर्म में वापसी करेंगे। मेलबर्न के विकेट से बल्लेबाजों को भी मदद मिलती है और यहां उनके पास फॉर्म में वापसी करने का सर्वश्रेष्ठ मौका होगा। इसके लिए उन्हें अपने बेसिक्स पर ध्यान देना होगा।



# सिगरेट से लेकर सेकेंड-हैंड कार की सवारी होगी महंगी

## जीएसटी बैठक में हो सकता है बड़ा फैसला

नई दिल्ली,20 दिसंबर (एजेंसियां)। जीएसटी काउंसिल की 55वीं बैठक आज से जैसलमेर में शुरू हो गई है और कल यानि 21 दिसंबर को कॉउंसिल अपना फैसला सुनाएगी। जीएसटी काउंसिल की बैठक में पुरानी कारों और यूज्ड इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर जीएसटी बढ़ाने पर विचार कर रही है। इसके अलावा तंबाकू और सिगरेट जैसे उत्पादों पर भी जीएसटी को 7% बढ़ाकर 35% किए जाने के उम्मीद है। गाड़ियों पर जीएसटी को बढ़ाकर 12% से 18% किया जा सकता है। काउंसिल के इस फैसले से सेकंड हैंड गाड़ियां महंगी हो जाएंगी।



**इन मुद्दों पर चर्चा हो सकती है**

जीएसटी काउंसिल की बैठक में पुरानी कारों, ईवीएस, तंबाकू और सिगरेट पर जीएसटी बढ़ाने पर चर्चा होगी। इन बदलावों का सीधा असर आम आदमी पर पड़ेगा और गाड़ियों की कीमतें बढ़ेंगी। वहीं, सिगरेट और तंबाकू खाने वालों को भी झटका लगेगा।

**फिटमेंट कमेटी ने दिया प्रस्ताव**

पुरानी कारों और ईवीएस पर जीएसटी बढ़ोतरी का प्रस्ताव जीएसटी फिटमेंट कमिटी ने दिया है। अभी ज्यादातर पुरानी गाड़ियों पर 12% जीएसटी लगता है। अगर यह प्रस्ताव मंजूर हो गया तो पुरानी गाड़ियां महंगी हो जाएंगी।एसयूवी पर भी 22% का कम्पेन्सेशन सेस लगता है। इस बारे में भी काउंसिल बैठक में स्पष्टीकरण आ सकता है। यह सेस अभी तक पूरी तरह से लागू नहीं हो पाया है।

**बीमा प्रीमियम और घड़ियां होंगी महंगी**

बैठक में जीवन और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर कर की दर कम करने, महंगी कलाई घड़ियों, जूतों और परिधानों पर कर की दर बढ़ाने तथा अहितकर वस्तुओं के लिए अलग से 35 प्रतिशत कर लगाने पर विचार कर सकती है।केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक में करीब 148 वस्तुओं में दर फेरबदल पर चर्चा होने की संभावना है। इसके अलावा, विमानन उद्योग की परिचालन लागत के एक प्रमुख घटक एविएशन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लाने पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।स्विगी और जोमैटो जैसे खाद्य वितरण मंचों पर जीएसटी दर को वर्तमान 18 प्रतिशत (आईटीसी के साथ) से घटाकर पांच प्रतिशत (इनपुट टैक्स क्रेडिट के बिना) करने का प्रस्ताव है।

# लेट-फीस के साथ 31 दिसंबर तक फाइल करें आईटीआर न करने पर नोटिस भेज सकता है

नई दिल्ली,20 दिसंबर (एजेंसियां)। फाइनेंशियल ईयर 2023-24 के इनकम टैक्स रिटर्न भरने की आखिरी तारीख 31 जुलाई थी, जो कि निकल चुकी है।अगर आप इनकम टैक्स रिटर्न भरने से चूक गए हैं तो टेंशन लेने की जरूरत नहीं है।दरअसल लेट फीस के साथ इनकम टैक्स का रिटर्न फाइल किया जा सकता है। आपको बता दें फाइनेंशियल ईयर 2023-24 के लिए लेट फीस के साथ आप 31 दिसंबर 2024 तक रिटर्न फाइल कर सकते हैं।यहां हम आपको बताएंगे कि ये लेट फीस कितनी होगी और आप कैसे आईटीआर फाइल कर सकते हैं।अगर आप इनकम टैक्स रिटर्न जमा करना भूल गए हैं तो 31 दिसंबर तक लेट फीस के साथ आप आईटीआर फाइल कर सकते हैं। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने देरी से रिटर्न भरने वालों के लिए दो कैटेगरी में लेट फीस रखी है।अगर आपकी कुल सालाना इनकम 5 लाख रुपए तक है तो आपको 1000 रुपए लेट फीस देनी होगी।वहीं अगर आपकी सालाना इनकम 5 लाख रुपए से ज्यादा है तो आपको 5000 रुपए लेट फीस देनी होगी।लेट फीस के साथ इनकम टैक्स रिटर्न भरने की आखिरी तारीख 31 दिसंबर 2024 है।अगर आप इस दिन तक भी आयकर रिटर्न नहीं भरते हैं तो आपके पास इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से नोटिस आ सकता है।साथ ही इनकम टैक्स डिपार्टमेंट आपके ऊपर पेनल्टी भी लगा सकता है।इसके अलावा इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के पास कई सोर्सों से आपकी आय की जानकारी पहुंच जाती है, आईटीआर दाखिल नहीं करने पर आयकर विभाग उन जानकारियों के आधार पर आपको नोटिस भेज सकता है।नोटिस की परेशानियों से बचने के लिए आईटीआर फाइल करना फायदेमंद है।

# सुप्रीम कोर्ट का क्रेडिट कार्ड पर बड़ा अपडेट

## टाइम पर नहीं करते पेमेंट तो हो जाएं सावधान

नई दिल्ली,20 दिसंबर (एजेंसियां)। क्रेडिट कार्ड यूजर्स के लिए निराश करने वाली खबर है, सुप्रीम कोर्ट ने आज क्रेडिट कार्ड बकाया पर ब्याज की सीमा 30% तय करने के एनसीडीआरसी के फैसले को रद्द कर दिया है। जिसके बाद अगर आप समय पर क्रेडिट कार्ड का भुगतान नहीं करते हैं तो आपको मोटी ब्याज देनी पड़ सकती है। 2008 के फैसले में एनसीडीआरसी ने क्रेडिट कार्ड बकाया पर 36 प्रतिशत से 49 प्रतिशत के बीच ब्याज दर वसूलने के लिए बैंकों को कड़ी फटकार लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के 2008 के फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें कहा गया था कि बैंक क्रेडिट कार्ड बकाया पर 30 प्रतिशत से अधिक ब्याज वसूलना अनुचित व्यापार व्यवहार के समान होगा।

**दो जजों की बेंच ने कही ये बात**

जस्टिस बेला त्रिवेदी और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने एचएसबीसी बनाम आवाज फाउंडेशन मामले में फैसला देते हुए कहा पूर्ववर्ती कारणों के मद्देनजर एनसीडीआरसी के फैसले को रद्द किया जाता है। फैसले की विस्तृत प्रति की प्रतीक्षा है। 2008 में एनसीडीआरसी ने क्रेडिट कार्ड बकाया पर 36 प्रतिशत से 49 प्रतिशत के बीच ब्याज दर वसूलने के लिए बैंकों की कड़ी आलोचना की थी। उपभोक्ता फोरम ने माना था कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इस प्रथा को विनियमित करने में विफल रहा है।

**एनसीडीआरसी ने पाया कि भारतीय रिजर्व बैंक**

(आरबीआई) ने क्रेडिट कार्ड सहित क्रेडिट सुविधाओं पर बैंकों द्वारा ली जाने वाली ब्याज दरों को सीमित करने के लिए विशिष्ट दिशानिर्देश जारी नहीं किए हैं। विनियमन की इस कमी ने बैंकों को उच्च-ब्याज दरें निर्धारित करने की अनुमति दी, जिससे संभावित रूप से उपभोक्ताओं, विशेषकर कमजोर वित्तीय स्थितियों में उपभोक्ताओं का शोषण हुआ। आयोग ने कहा कि ऐसी प्रथाओं को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत अनुचित व्यापार अभ्यास माना जा सकता है। एनसीडीआरसी ने वित्तीय संस्थानों को अत्यधिक ब्याज दरें वसूलने से रोकने के लिए नियामक निरीक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया, जिससे उपभोक्ता शोषण हो सकता है। इसमें इस बात पर प्रकाश डाला गया कि एक कल्याणकारी राज्य में, वित्तीय संस्थानों को उपभोक्ताओं की वित्तीय कमजोरियों का फायदा उठाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। आयोग ने यह भी बताया कि हालांकि कुछ राज्यों में साहूकारों को एक विशेष ब्याज दर से अधिक शुल्क वसूलने से रोकने वाले कानून थे, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के लिए ऐसा कोई विनियमन नहीं था।

# 20000 करोड़ का निवेश, 12 हजार को नौकरी एक और पावर प्लांट लगाएंगे अडानी




नई दिल्ली,20 दिसंबर (एजेंसियां)। अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी अपने एनर्जी सेक्टर को लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। अब उनकी कंपनी एक और थर्मल पावर प्लांट लगाने जा रही है। यह पावर प्लांट बिहार में लगाया जाएगा। इसके लिए 20 हजार करोड़ रुपये निवेश किए जाएंगे। इससे 12000 से ज्यादा को नौकरी मिलने की संभावना है। इसके अलावा यह ग्रुप बिहार में सीमेंट, फूड प्रोसेसिंग और लॉजिस्टिक्स में भी विस्तार करेगी। इन प्रोजेक्ट की घोषणा शुक्रवार को अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के निदेशक प्रणव अडानी ने बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 शिखर सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि अडानी ग्रुप पहले से ही तीन प्रमुख क्षेत्रों- लॉजिस्टिक्स, गैस वितरण और एग्रीकल्चर लॉजिस्टिक्स में शामिल है, जिसमें अब तक 850 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है।

**क्या है कंपनी का प्लान?**

अडानी ग्रुप ने घोषणा की है कि वह बिहार में एनर्जी सेक्टर में 20 हजार करोड़ रुपये निवेश करेगा। इसके तहत यह ग्रुप बिहार में एक सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट का निर्माण करेगा। प्रणव अडानी ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि इस विशाल परियोजना से प्री-कमीशनिंग चरण में कम से कम 12 हजार नौकरियां पैदा होंगी। साथ ही इसके परिचालन चरण के दौरान 1500 कुशल नौकरियां पैदा होंगी।'

**और किसमें निवेश करेगा ग्रुप?**

अडानी ग्रुप बिहार में और भी कई सेक्टर में निवेश करेगा। प्रणव अडानी ने कहा, 'हम लॉजिस्टिक्स, गैस डिस्ट्रीब्यूशन और एग्रीकल्चर लॉजिस्टिक्स में 2300 करोड़ रुपये का और निवेश करने जा रहे हैं। इस निवेश से न केवल हमारी वेयरहाउसिंग और हैंडलिंग क्षमता में भारी वृद्धि होगी, बल्कि ईवी, सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) और कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) क्षेत्र में हमारी उपस्थिति का भी विस्तार होगा।'

इसके अलावा अडानी ग्रुप सीवान, गोपालगंज, वैशाली, सारण और समस्तीपुर जैसे शहरों में 28 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर बनाने और स्थापित करने के लिए 2100 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इससे इस सेक्टर में कम से कम 4000 स्थानीय नौकरियां पैदा होंगी। इसके अलावा ग्रुप सीमेंट प्लांट का भी विस्तार करेगा।

**अडानी पावर के शेयरों में आई तेजी**

ग्रुप की इस घोषणा के बाद अडानी पावर के शेयरों में तेजी देखी गई। शुक्रवार को दोपहर करीब दो बजे अडानी पावर लिमिटेड के शेयर 0.67% की तेजी के साथ 511.70 रुपये पर थे। हालांकि अडानी इंटरप्राइजेज के शेयरों में गिरावट देखने को मिली। दोपहर करीब दो बजे इस कंपनी के शेयर एक फीसदी से ज्यादा गिरावट के साथ 2,392.10 रुपये पर थे।

# डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ का भारत और चीन पर क्या असर होगा?

## रघुराम राजन ने बताया

नई दिल्ली,20 दिसंबर (एजेंसियां)। आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन अक्सर चर्चा में रहते हैं। उन्हें मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों का आलोचक माना जाता है। फिलहाल वह अमेरिका के शिकागो बूथ विश्वविद्यालय में पढ़ा रहे हैं। एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में राजन ने चुनावी रेवड़ियों पर चिंता जताई। साथ ही उन्होंने अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस धमकी के बारे में बात की जिसमें उन्होंने भारत पर टैरिफ लगाने की धमकी दी है। राजन ने कहा कि अगर भारत आयात पर टैरिफ कम करता है तो इसमें कोई बुराई नहीं है। पेश है इस इंटरव्यू का संपादित अंशः

**बढ़ती राजनीतिक और आर्थिक उथलपुथल के बीच आप ग्लोबल इकॉनमी को कैसे देखते हैं, खासकर ट्रंप प्रशासन के आने की पृष्ठभूमि में?**

यह उथलपुथल अब तक हल्की रही है। अमेरिका ने 2018 से चीनी सामान पर टैरिफ लगा दिया था लेकिन उसने वियतनाम और मैक्सिको में आने के तरीके खोज लिए। चिंता यह है कि इस बार अमेरिका गंभीर लग रहा है। इसके तीन कारण है। पहला, डोनाल्ड ट्रंप वैचारिक रूप से मानते हैं कि व्यापार घाटा एक बुरी चीज है और अगर वह इसे खत्म कर देते हैं, तो अमेरिका में अधिक नौकरियां मिलेंगी। दूसरा, उन्हें लगता है कि टैरिफ उनके लिए रेवेन्यू बढ़ाने का एक तरीका होगा। तीसरा, अमेरिका की सरकार



में कई लोग चीन पर सख्ती करने के समर्थक हैं। उन्हें लगता है कि जब चीन कमजोर होगा तो उसे पटकने का यह एक तरीका होगा। जब आप तीनों को एक साथ रखते हैं, तो आपको यह मानना होगा कि जब वह 60% टैरिफ की बात करते हैं तो वह मजाक नहीं कर रहे होते हैं। हो सकता है कि तुरंत 60% न हो, लेकिन कुछ गंभीर टैरिफ लागू होने जा रहे हैं। अगर ऐसा होता है, तो चीन अपना माल कहां भेजेगा? यूरोप भी टैरिफ के बारे में सोचना शुरू करने जा रहा है। चीन से आयात करने वाले बहुत से देशों को लगता है कि हमारे पास बहुत सारा माल आने वाला है। एक तरफ अमेरिका कह रहा है कि भारत के टैरिफ बहुत ज्यादा हैं, उन्हें कम करें। भारत के साथ अमेरिका का व्यापार घाटा बहुत अधिक है। दूसरी तरफ, हमारे पास दुनिया भर में चीनी सामान की बाढ़ आ गई है। हम चुनिंदा टैरिफ लगाना शुरू कर देते हैं। हम क्या करते हैं? चीन प्लस वन में हमारे पास मजबूत मौका हो सकते है। लेकिन अभी तक हमें इससे बहुत ज्यादा फायदा नहीं हुआ है। हमें लाल कालीन बिछाना चाहिए और इसके लिए तैयार रहना चाहिए।

# महंगाई रोकने के लिए वोटर्स पर 'मक्खन' लगा रहा पोलैंड, 1,000 टन फ्रोजन बटर बेचने की तैयारी

नई दिल्ली,20 दिसंबर (एजेंसियां)। यूरोपीय देश पोलैंड में अगले साल मई में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं लेकिन देश में बटर की बढ़ती कीमतों ने सरकार की नींद हराम कर रखी है। चुनावों से पहले कीमतों को काबू में करने के लिए सरकार अपने फ्रोजन बटर के भंडार में से 1,102 टन तक बेचने की तैयारी में है। सरकार की स्ट्रैटजिक रिजर्व एजेंसी ने मक्खन की नीलामी की घोषणा की है। उसने कहा कि दूध की कमी के कारण दुनियाभर में मक्खन की कीमतों में तेजी आई है। इस कारण उसे यह कदम उठाना पड़ रहा है। एजेंसी ने उम्मीद जताई है कि फ्रोजन बटर की नीलामी से देश में मक्खन की कीमतों को स्थिर करने में मदद मिलेगी। नीलामी की प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई है। एजेंसी ने कहा कि वह



25 किलोग्राम के ब्लॉक में बिना नमक वाले फ्रोजन बटर को $7 प्रति किलो की न्यूनतम कीमत पर बेचेगी। यह पोलैंड की प्रमुख सुपरमार्केट चेन में से एक बिड्रोनका की कीमतों से काफी कम है। कंपनी के स्टोर्स में ताजा मक्खन की कीमत $9.84 से $12.32 प्रति किलो के बीचे है। हालांकि नीलामी में अंतिम बिक्री मूल्य न्यूनतम मूल्य से अधिक हो सकता है। सरकारों के आपूर्ति बढ़ाने और कीमतों को कम करने के लिए एमरजेंसी रिजर्व का यूज करना असामान्य नहीं है। हालांकि आमतौर पर विदेशी मुद्रा, तेल और सोने जैसी वस्तुओं के रिजर्व बनाए जाते हैं। कुछ देश खानेपीने की चीजों का भी भंडारण करते हैं।पोलैंड में हाल के वर्षों में मक्खन की आसमान छूती कीमत महंगाई के प्रतीक बन गई है। प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क की सत्तारूढ़ पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार राफेल ट्रजास्कोव्स्की ने हाल ही में देश के केंद्रीय बैंक पर महंगाई को गलत तरीके से मैनेज करने का आरोप लगाया और गवर्नर को सबूत के तौर पर कुछ मक्खन भेजने की पेशकश की। इस बीच, दक्षिणपंथी विपक्षी पार्टी लॉ एंड जस्टिस के नेता जारोस्लाव कासिंस्की ने इस महीने की शुरुआत में एक्स पर एक तस्वीर पोस्ट की। इसमें मक्खन को तिजोरी में रखा गया था। इसका मकसद यह दिखाना था कि देश में मक्खन कितना महंगा हो गया है। बुधवार को आए आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक नवंबर में पोलैंड में महंगाई 3.9% रही जो यूरोपीय यूनियन की तुलना में काफी ज्यादा है। रिटेल स्तर पर मक्खन की कीमतें पिछले साल की तुलना में लगभग 20% बढ़ी हैं जबकि थोक कीमतें 50% चढ़ गई हैं। यूरोपीय आयोग के अनुसार इस साल यूरोपीय संघ में मक्खन की कीमतों में लगभग 44% की वृद्धि हुई है। इसकी वजह यह है कि दुनिया भर में डेयरी की कीमतें बढ़ी हैं। पिछले महीने संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन द्वारा प्रकाशित डेयरी मूल्य सूचकांक एक साल पहले के स्तर से 20% ऊपर था।

# क्रिसमस से पहले ठंडा पड़ा बाजार

## सेसेक्स 1100 अंक टूटा, निफ्टी 23600 से नीचे आया

नई दिल्ली,20 दिसंबर (एजेंसियां)। घरेलू शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक लगातार पांचवें दिन गिरावट के साथ बंद हुए। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स 1,176.46 (1.48%) अंक टूटकर 78,041.59 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,343.46 अंक या 1.69 प्रतिशत गिरकर 77,874.59 अंक पर आ गया था। दूसरी ओर, निफ्टी 364.21 (1.52%) अंक फिसलकर 23,587.50 पर बंद हुआ। हालांकि, शुक्रवार को रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से 10 पैसे तक रिकवर कर 85.03 रुपये पर बंद पर बंद हुआ। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख के बाद वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति के कारण शुक्रवार को प्रमुख शेयर सूचकांकों में बड़ी बिकवाली दिखी। सेंसेक्स की 30 प्रमुख कंपनियों में से टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टूब्रो, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अल्ट्राटेक सीमेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे ज्यादा पिछड़े। इसके विपरीत, जेएसडब्ल्यू स्टील, नेस्ले और टाइटन को लाभ हुआ।

एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग में गिरावट रही।

यूरोप के शेयर बाज़ार नकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे। वॉल स्ट्रीट गुरुवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुआ। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 4,224.92 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.96 प्रतिशत घटकर 72.18 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। गुरुवार को लगातार चौथे दिन गिरावट के साथ 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 964.15 अंक या 1.20 प्रतिशत टूटकर 79,218.05 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी 247.15 अंक या 1.02 प्रतिशत लुढ़ककर 24,000 अंक से नीचे 23,951.70 अंक पर बंद हुआ था।

**1061 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 2929 शेयर टूटकर बंद हुए**

बीएसई पर करीब 4085 शेयरों में कारोबार हुआ, जिसमें 1061 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 2929 शेयर टूटकर बंद हुए। 95 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

शुक्रवार के कारोबार के दौरान 229 शेयर 52 हफ्तों के ऑल टाइम हाई पर कारोबार करते जबकि 68 शेयर 52 हफ्तों के ऑल टाइम लो पर रहे। निफ्टी ऑटो, बैंक, एफएमसीजी और आईटी लगभग सभी सेक्टर में बिकवाली दिखी।

# सुंदर पिचाई ने गूगल में छंटनी का किया ऐलान

## डायरेक्टर्स-वाइस प्रेसिडेंट्स समेत मैनेजरियल रोल्स में से 10% एम्प्लॉइज की नौकरी जाएगी

मुंबई,20 दिसंबर (एजेंसियां)। गूगल के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर सुंदर पिचाई ने घोषणा की है कि कंपनी डायरेक्टर्स और वाइस प्रेसिडेंट्स समेत मैनेजरियल रोल्स में 10% जॉब्स में कटौती करेगी। ओपनएआई जैसे कॉम्पिटिटर्स से एआई में बढ़ते कॉम्पिटिशन के बीच कंपनी अपने एम्प्लॉइज की संख्या में कटौती कर रही है। बिजनेस इनसाइडर की रिपोर्ट के अनुसार, पिचाई ने कहा है कि गूगल ने पिछले कुछ सालों में कंपनी को एफिशिएंट बनाने और इसके स्ट्रक्चर को सरल बनाने के लिए बदलाव किए हैं। गूगल अब मैनेजर, डायरेक्टर और वाइस प्रेसिडेंट जैसे पदों पर नौकरियों में कटौती करेगी। गूगल के स्पोक्सपर्सन के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि 10% में से कुछ जॉब्स को इंडिविजुअल कंट्रीब्यूटर के रोल्स में बदल दिया गया, जबकि कुछ रोल्स को खत्म कर दिया गया है।

**जनवरी 2022 में गूगल ने 12,000 नौकरियों में कटौती की थी**

पिछले दो सालों में गूगल ने एफिशिएंसी बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इससे पहले सितंबर 2022 में पिचाई ने कहा था कि वे चाहते हैं कि गूगल 20% ज्यादा एफिशिएंट बने। इसके बाद जनवरी 2022 में गूगल ने 12,000 नौकरियों में कटौती की थी। गूगल ने अब फिर से छंटनी का कदम अपने ओपनएआई जैसे एआई कॉम्पिटिटर्स की वजह से उठाया है, जो नए प्रोडक्ट्स ला रहे हैं। यह प्रोडक्ट्स गूगल के सर्च बिजनेस को प्रभावित कर सकते हैं।




**गूगल ने अपने कोर बिजनेस में जनरेटिव एआई फीचर्स शामिल किए**

ओपनएआई से कॉम्पिटिशन के जवाब में गूगल ने अपने कोर बिजनेस में जनरेटिव एआई फीचर्स शामिल किए हैं। कंपनी ने कई नए एआई फीचर्स भी लॉन्च किए हैं। जिसमें ओपनएआई से मुकाबला करने के लिए एक नया एआई वीडियो जनरेटर और जेमिनी मॉडल का एक नया सेट भी शामिल है।

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य -दक्षिणायन- ऋतु -हेमन्त
महावीर निर्वाण संवत -2051,हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
सूर्योदय - 06-45
सूर्यास्त. -17-43
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत-1955885125

| ग्रह स्थिति | | |
|---|---|---|
| सूर्य- | धनु | मे |
| चंद्र- | सिंह | मे |
| मंगल | कर्क | मे |
| बुध- | वृश्चिक | मे |
| गुरु- | वृष | मे |
| शुक्र- | मकर | मे |
| शनि- | कुंभ | मे |
| राहु- | मीन | मे |
| केतु- | कन्या | मे |

| लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|
| धनु---- | 06-21 | बजे |
| मकर... | 08-27 | बजे |
| कुंभ - | 10-18 | बजे |
| मीन- | 11-56 | बजे |
| मेष--- | 13-32 | बजे |
| वृष--- | 15-17 | बजे |
| मिथुन | 17-18 | बजे |
| कर्क... | 19-30 | बजे |
| सिंह--- | 21-42 | बजे |
| कन्या--- | 23-49 | बजे |
| तुला---- | 01-54 | बजे |
| वृश्चिक.. | 04-04 | बजे |

दिशाशूल -- पूर्व - अदरक खाकर घर से निकले
तिथि- षष्ठी . 12-21 तक उपरान्त सप्तमी
मास - पौष कृष्ण , शनिवार 21 December
नक्षत्र - पूर्वाफाल्गुनी 03-46 पूर्ण दिनरात तक
योग - प्रीति 18-22 तक उप आयुष्मान
करण- वणिज 12-21 तक उप विष्टी
विशेष:- रवि उत्तरायणे
व्रत -त्योहार - शिशिर ऋतु प्रा.

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए ।

**राहुकाल 09:29 से 10:52 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल. | 06:45 - 08:06 | अशुभ | लाभ. | 17:43 - 19:23 | शुभ |
| शुभ. | 08:06 - 09:29 | शुभ | उत्पात | 19:23 - 21:00 | अशुभ |
| रोग | 09:29 - 10:52 | अशुभ | शुभ. | 21:00 - 22:37 | शुभ |
| उत्पात | 10:52 - 12:14 | अशुभ | अमृत. | 22:37 - 00:15 | शुभ |
| चंचल. | 12:14 - 13:37 | शुभ | चंचल. | 00:15 - 01:52 | शुभ |
| लाभ | 13:37 - 15:00 | शुभ | रोग | 01:52 - 03:29 | अशुभ |
| अमृत. | 15:00 - 16:23 | शुभ | काल | 03:29 - 05:06 | अशुभ |
| काल | 16:23 - 17:43 | अशुभ | लाभ. | 05:06 - 06:45 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
आज अपने सम्बन्ध के अलग अलग रूपों को एक्स्प्लोर करें । आपको अचरज भी होगा और ख़ुशी भी । उद्यम पूंजीपतियों के लिए आज का दिन शुभ हो सकता हैं! लोग आपकी विचारधारा से प्रभावित होंगे लेकिन अपनी बातो को उनके ऊपर न थोपे । हालांकि आपको धन मिलने में देरी हो सकती है परन्तु ये धन आपको मिलने की उम्मीद है ।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
दिन की शुरुआत में ही अपने सभी कार्य खत्म करने की कोशिश करे ! आपको दिन के उत्तरार्द्ध में काम करने का मौका नहीं मिलेगा । किसी भी क्रय या विक्रय में सावधानी बरते अन्यथा आप धोखाधड़ी के शिकार हो सकते है । आपको अपनी इच्छा शक्ति पर एक मजबूत नियंत्रण करना होगा , ताकि आप अपने खर्च को संतुलित कर पाए ।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आपको अपने काम से प्यार है और आप अच्छा कार्य कर रहे हैं। हालांकि, विपरीत ग्रह आपके कार्यस्थल में अस्थायी गड़बड़ी का कारण बन सकते है। इन क्षणिक भावनाओं के आधार पर किसी भी आवेगी निर्णय लेने से बचे । आप अपने कार्यस्थल पर अपने गुस्से को काबू रखे और विचलित करने वाली स्थितियों को दरकिनार करे अन्यथा आप एक ऐसी नौकरी को त्याग सकते है।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आज उत्तरार्द्ध में एक व्यापारिक यात्रा आपको करनी पड़ सकती है । यह बौद्धिक विवेक को बढ़ाने के लिए एक महान अवसर होगा। अगर आप अपने आप को बोझिल महसूस कर रहे है , तो पूर्वाद्ध में अवकाश लेकर अपने आप को तैयार करे की किस तरह से आप अपने आप को औरो के सामने प्रस्तुत करेंगे ।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आप अपने को शांत रखे क्यों की कुछ स्थितियों में आप अपना आपा खो सकते है । कुछ भी क्रोधित तरीके से न बोले की किसी को वो आक्रामक या गलत लगे । इस समय इस बिंदु पर अनभिज्ञ रहे और बाद में एक परिष्कृत तरीके से अपना रोष बाहर निकाले । आप खुश रहे क्योकि आपने काफी धन एकत्रित कर लिया है ,जो की आप विलासिता से भरी वस्तु पर खर्च कर सकते है ।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
हालाँकि , आप ईमानदार और मेहनती हैं पर आज सफलता आपकी पहुंच से दूर रह सकती है । कुछ मामूली गलतियाँ आपको परेशान कर सकती है । आप अपने कार्यस्थल पर किसी भी विवाद से बचे । आज का दिन निवेश के लिए उपयुक्त नहीं है। हालांकि, ये दिन अपने दोस्तों के साथ आराम करने के लिए काफी ठीक रहेगा ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
कुछ बड़ी चीजे आपके कार्य क्षेत्र में आपका इंतजार कर रही है । आपको कुछ समय से अपने कार्य के प्रति प्रशंसा नहीं मिल रही थी ,ये पूरी तरह से आज गायब हो जाएगा और आपको उच्च वेतन और अधिक भत्तों के साथ एक दूसरी जगह नौकरी मिल सकती है जो आपकी सोच से परे थी , हालांकि इस नौकरी के लिए आपका स्थानांतरण हो सकता है।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
कुछ दिनों से आपके कार्य क्षेत्र में चीज़े आपके अनुसार नहीं चल रही थी परन्तु अब कुछ सुधार आने की उम्मीद है । आपको ये याद रखना होगा की कार्य क्षेत्र के मित्रो के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार रखने से आप शांति से काम में सामंजस्य स्थापित कर सकते हैं । अगर आप थोड़ी सी नरमी दिखाए तो कार्य क्षेत्र के मित्रो के साथ आप शांत माहौल का मजा ले सकते है ।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
कुछ भ्रम की स्थिति आज आपके कार्य क्षेत्र में आने की संभावना है। आप अपने कार्य क्षेत्र में काफी अच्छे तरीके से कार्य कर रहे है , साथ ही साथ आपको एक व्यापार में शामिल होने के लिए एक प्रस्ताव मिल सकता है जो काफी भरोसेमंद है और पुरस्कार से भरपूर भी परन्तु इस तरह का प्रस्ताव आप ने पहले न देखा न सुना इसलिए आप अनिर्णय की स्थिति में रहेंगे ।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आज आपको छिपे हुए शत्रु से सावधान रहने की जरुरत है जो की आपके कार्य क्षेत्र में आपको नुकसान पंहुचा सकते है। वे आपके बारे में अति गोपनीयता से आपके बारे में गलत बाते आपके मालिक तक पंहुचा सकते है जिसका साक्ष्य भी आपको मिल सकता है अंत सावधान रहने की जरुरत है ।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आप समय के महत्व को जानते हैं और आप आज एक लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में काम करेंगे। आप सही रास्ते पर हैं। कड़ी मेहनत करे , सफलता आप से दूर नहीं है। आपकी वित्तीय स्थिति स्थिर है और इसलिए आप व्यापार और शेयरों में कुछ जोखिम ले सकते हैं । आय के नए अवसर आज दिखाई दे सकते हैं। आगे जाने से पहले अपने शुभचिंतकों से परामर्श करें।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
काम के प्रयोजन के लिए आप यात्रा कर सकते है । विदेश यात्रा का भी योग है। आपकी कंपनी आपको दूसरे देश में भेज सकती हैं , या कार्य प्रयोजनों के लिए आपके वीजा को मंजूरी आज मिल सकती है। हालांकि अगर आप पहले से ही अपने कैरियर के लिए एक विदेशी देश में तैनात हैं , तो निकट भविष्य में अपने गृहनगर या देश में लौटने की उम्मीद कम है।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# भूपेश बोले- पुलिस भी सुरक्षित नहीं, हिरासत में हुए डेथ

## विधानसभा में कवासी लखमा ने कहा- आदिवासी बच्चे मर रहे, इसलिए घट रही संख्या

रायपुर, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतसत्र के आखिरी दिन आश्रम और छात्रावासों में बच्चों की मौत को लेकर विपक्ष ने सरकार को जमकर घेरा। कवासी लखमा ने कहा कि छात्रावास में भूख से भी बच्चों की मौत हुई है। आदिवासी बच्चे मर रहे हैं, जिससे दिनों-दिन इनकी संख्या घट रही है।



भूपेश बघेल ने लॉ एंड ऑर्डर पर स्थगन प्रस्ताव लाकर बिगड़ते कानून व्यवस्था पर चर्चा कराने की मांग की। प्रदेश में लगातार आपराधिक घटनाएं बढ़ी हैं, जिससे लोग डरे-सहमे हैं। अपराधियों के हौसले बढ़े हुए है। चाकूबाजी की घटनाएं लगातार हो रही हैं। पुलिस के लोग भी सुरक्षित नहीं हैं। कस्टोडियल डेथ भी हुए हैं। वहीं चरणदास महंत ने कहा कि इस सरकार में आम लोग परेशान है तो वहीं, चोर, अपराधी, भ्रष्टाचारी सुखी हैं।

पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने उत्तरी जांगड़े के सभा में दिए बयान पर तंज करते हुए कहा कि- एक स्लीप ऑफ टंग की वजह से विधायक उत्तरी जांगड़े पर ईएफआईआर दर्ज किया जाता है। विपक्ष के नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। उमेश पटेल के इतना कहते ही सदन में जमकर हंगामा हो गया। पक्ष-विपक्ष में तीखी नोक-झोंक के बीच सदन की कार्यवाही 5 मिनट के लिए स्थगित की गई। 5 मिनट स्थगित रहने के बाद फिर से सदन की कार्यवाही शुरू हुई। कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने कहा- सरकार सतनामी समाज के लोगों को टारगेट कर रही है। विधायक उत्तरी जांगड़े भी सतनामी हैं। कुछ दिन पहले उत्तरी जांगड़े के पति पर भी मामला दर्ज हुआ है, अब क्या उनके बच्चों पर होगा?

उमेश पटेल के ये कहने के बाद भाजपा विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने उमेश पटेल को घेरना चाहा, फिर सदन में हंगामा हो गया। भाजपा-कांग्रेस विधायकों की ओर से जमकर सदन में नारेबाजी की गई। कांग्रेस विधायक लखेश्वर बघेल ने सालभर में अलग-अलग घटनाओं में 25 से 30 बच्चों की मौत होने की जानकारी दी थी। जिसके जवाब में रामविचार नेताम ने मामले की जांच कराने की बात कही।

रामविचार नेताम ने बच्चों की मौत के मामले में संबंधित जिलों के कलेक्टर को निर्देश जारी कर छात्रावास में रखरखाव, बच्चों की सेहत का ध्यान रखने को कहा है। प्रश्नकाल में भाजपा के सदस्य मोतीलाल साहू ने न्याय योजना की कम राशि देने का मुद्दा उठाया। कहा- 2020-21 के मुक़ाबले 2021-22 में इस योजना के तहत किसानों को राशि कम क्यों दी गई? इस कमी का क्या कारण है? जबकि राशि बढ़नी चाहिए थी।

जवाब में रामविचार नेताम ने कहा कि राशि कम और ज़्यादा दी गई है। राशि में कमी होने का प्रमुख कारण था कि सरकार ने किसानों के मेड़ का रकबा काटा और राशि घटाई।

एक साल के भीतर 17 हज़ार करोड़ रुपये किसानों को दिया गया है। इसीलिए ऑटो मोबाइल सेक्टर में बूम है।

# बस्तर के 13 बेस्ट टूरिस्ट स्पॉट, मजे में बीतेंगी छुट्टियां

## दर्शन-ट्रैकिंग और एडवेंचर्स का एक साथ रोमांच, खाने-पीने और ठहरने की भी शानदार जगह

जगदलपुर, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। आप सर्दियों में या फिर न्यू ईयर में परिवार या दोस्तों के साथ घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो बस्तर आप को बुला रहा है। यहां ट्रैकिंग, एडवेंचर्स से लेकर दार्शनिक और वॉटरफॉल का आनंद एक साथ मिलेगा।

**ये हैं बस्तर के प्रमुख पर्यटन स्थल**

**चित्रकोट-** बस्तर के संभागीय मुख्यालय जगदलपुर से महज 39 किमी की दूरी पर चित्रकोट जल प्रपात स्थित है। जानकार बताते हैं कि वॉटरफॉल का आकार घोड़े की नाल की तरह है। यहां इंद्रावती नदी का पानी लगभग 90 फीट की ऊंचाई से नीचे गिरता है। बारिश के दिनों में 7 से ज्यादा धाराएं नीचे गिरती हैं, तो वहीं अभी ठंड के समय में 2 से 3 धाराएं गिर रही हैं, जिसकी खूबसूरती देखने और प्रपात के नीचे बोटिंग करने की सुविधा है। चित्रकोट वाटर फॉल के नीचे एक छोटी सी गुफा में चट्टानों के बीच शिवलिंग स्थित है। जल प्रपात से नीचे गिरने वाले पानी से सालभर शिवलिंग का जलाभिषेक होता है। कहा जाता है कि नाविक यहां भोलेनाथ की पूजा अर्चना करते हैं। हालांकि बारिश के दिनों में शिवलिंग तक पहुंचा नहीं जा सकता। लेकिन सर्दियों में पर्यटकों के कहने पर ही नाविक शिवलिंग तक लेकर जाते हैं।

चित्रकोट वॉटरफॉल तक पहुंचना पर्यटकों के लिए काफी आसान है। रायपुर से जगदलपुर और हैदराबाद से जगदलपुर तक हवाई सेवा भी शुरू हो चुकी है। इसके अलावा किरंदुल-विशाखापट्नम रेल मार्ग, सड़क मार्ग से भी पर्यटक पहुंच सकते हैं।

**तीरथगढ़-** तीरथगढ़ जल प्रपात बस्तर के कांगेर घाटी नेशनल पार्क में स्थित है। इस जल प्रपात की खास बात है कि इसमें पानी सीढ़ी नुमा आकार में नीचे गिरता है। अभी ठंड के समय पानी का रंग सफेद मोतियों की तरह दिखता है, जो बेहद आकर्षण का केंद्र है। बस्तर की हसीन वादियों के बीच तीरथगढ़ प्रपात है।





**धुड़मारास-** बस्तर के धुड़मारास गांव ने कयाकिंग, बैंबू राफ्टिंग और होम स्टे ईको टूरिज्म से अंतरराष्ट्रीय पहचान बना ली है। यूएन के 60 देशों के बेस्ट गांव की लिस्ट में धुड़मारास देशभर में इकलौता है। यूएन टूरिज्म ने बेस्ट टूरिज्म विलेज के लिए 55 गांवों का चयन किया है। इसके अपग्रेडेशन (उन्नयन) लिस्ट में 20 गांव शामिल हैं।

**मट्टी मरका -** यह स्पॉट बीजापुर जिले के भोपालपट्नम ब्लॉक में है। भोपालपट्नम से लगभग 20 किमी दूर मट्टी मरका गांव में इंद्रावती नदी किनारे दूर तक बिछी सुनहरी रेत और पत्थरों के बीच से कल-कल बहती इंद्रावती नदी का सौंदर्य देखते ही बनता है। नदी छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की सीमा बनाते हुए बहती है। मट्टी मरका को बीजापुर जिले का गोवा भी कहा जाता है।

**नीलम सरई जल प्रपात-** बीजापुर जिले के उसूर ब्लॉक में स्थित नीलम सरई जलधारा हाल ही के कुछ साल पहले सुर्खियों में आई है। स्थानीय युवाओं की टीम ने इस नीलम सरई जल प्रपात को लोगों के सामने लाया। उसूर के सोढ़ी पारा से लगभग 7 किमी दूर तीन पहाड़ियों की चढ़ाई को पार कर यहां पहुंचा जा सकता है।

**नंबी जल प्रपात-** बीजापुर जिले के उसूर ग्राम से 8 किमी पूर्व की ओर नड़पल्ली ग्राम को पार करने के बाद नंबी ग्राम आता है। इस गांव से तीन किमी जंगल की ओर दक्षिण दिशा में पहाड़ पर बहुत ही ऊंचा जलप्रपात है। जिसे नीचे से देखने पर एक पतली जलधारा बहने के समान दिखाई देती है। इसलिए इसे नंबी जलधारा कहते हैं।

**पत्थरों का परिवार दोबे-** नीलम सरई से मात्र तीन किमी की दूरी पर एक बेहद शानदार पर्यटन स्थल दोबे स्थित है। दोबे को पत्थरों का परिवार या फिर पत्थरों का गांव भी कहा जाता है। क्योंकि यहां चारों तरफ पत्थरों से बनी हुई अद्भुत कलाकृतियां देखी जा सकती है। बड़े-बड़े पत्थरों से बनी हुई कलाकृतियां किसी किले के समान लगती है। अमूमन शिकार के समय ग्रामीण यहां पहुंचते हैं। चट्टानों की खोह रात गुजारने के लिए बेहद सुकून दायक जगह मानी जाती है। 2 साल पहले इस इलाके की खोज स्थानीय युवाओं ने की थी।

**लंका पल्ली जल प्रपात -** बीजापुर जिला मुख्यालय से 33 किमी दूर दक्षिण दिशा की ओर आवापल्ली गांव है। यहां से पश्चिम दिशा में लगभग 15 किमी पर लंकापल्ली गांव बसा हुआ है। जो यहां साल के 12 महीने निरंतर बहने वाले जलप्रपात के लिए प्रसिद्ध है। प्रकृति की गोद में शांत एवं स्वच्छंद रूप से अविरल बहते इस जलप्रपात को लोग गोंडी बोली में बोक्ता बोलते हैं।

**इंचमपल्ली बांध -** तारलागुड़ा क्षेत्र के चंदूर-दुधेड़ा गांव की सीमा से लगे गोदावरी नदी पर इंचमपल्ली बांध परियोजना अपने आप में ऐतिहासिक है। जिसका सर्वेक्षण एवं निर्माण कार्य 1983 में शुरू होना बताया जाता है।

**झारालावा जल प्रताप -** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के झिरका के जंगल में खूबसूरत झारालावा जल प्रपात स्थित है। जानकार बताते हैं कि यह बस्तर का पहला ऐसा जल प्रपात है जिसके पास जाने से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस काम करना बंद कर देता है, जिसकी मुख्य वजह यहां स्थित चट्टानों की चुम्बकीय शक्ति है। इस जल प्रपात तक पहुंचने के लिए कोई सुगम रास्ता भी नहीं है।

**मिचनार हिल टॉप -** जगदलपुर से 40 तो वहीं चित्रकोट जल प्रपात से 25 किमी की दूरी पर मिचनार की खूबसूरत पहाड़ी स्थित है।

**हांदावाड़ा जल प्रपात-** दंतेवाड़ा-नारायणपुर जिले की सीमा पर अबूझमाड़ में खूबसूरत हांदावाड़ा जल प्रपात स्थित है। साल 2004 के बाद हांदावाड़ा जलप्रपात के बारे में लोगों को जानकारी लगी थी। लेकिन यहां पहुंचने की राह आसान नहीं है। इंद्रावती नदी के पाहुरनार घाट में अब पुल निर्माण का काम हो चुका है।

**ढोलकल शिखर-** दंतेवाड़ा जिले के ढोलकल शिखर पर करीब ढाई से तीन हजार फीट की ऊंचाई पर गणपति विराजे हैं। गणपति जी से लोगों की आस्था जुड़ी है।

साथ ही कई किवदंतियां भी हैं। बताया जाता है कि भगवान परशुराम और गणेश जी का यहां युद्ध हुआ था।इसके बाद यहां एक दंत वाले गणेश जी की मूर्ति स्थापित की गई थी।

# 200 लोगों से 5 करोड़ की ठगी

## 5 गुना रिटर्न के चक्कर में फंसे, कई ने ब्याज पर पैसा उठाकर निवेश किया

गरियाबंद, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में 5 गुना मुनाफे के चक्कर में करीब 200 लोगों से 5 करोड़ से ज्यादा की ठगी हो गई। लोगों ने ट्रेड एक्सपो ऐप के जरिए रुपए निवेश किए थे। लेकिन अब वे पैसे नहीं निकाल पा रहे हैं। राजिम पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज की है। पीड़ित संतोष देवांगन ने बताया कि राजाराम तारक, शरद चंद शर्मा और पीपरछेड़ी हॉस्टल अधीक्षक यशवंत नाग ने रकम पांच गुना करने की बात कही थी। झांसे में आकर सैकड़ों लोगों ने 5 करोड़ से ज्यादा की रकम निवेश कर दी।



एडिशन एसपी जितेंद्र चंद्राकर ने बताया कि राजिम पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। 3 लोगों को पुलिस ने हिरासत में भी ले लिया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

साल भर पहले ट्रेड एक्सपो नाम के एक ट्रेडिंग ऐप को लॉन्च किया गया। इन सक्रिय एजेंटों ने विभिन्न माध्यमों से प्रचार किया। लोग ऐप में ज्वॉइन करा कर दिए गए। निवेश के रकम के आधार पर निवेशकों के खाते में रोजाना आधा से एक प्रतिशत ब्याज दर के आधार पर रकम भी डालते गए।

निवेश का रकम सीधे दुबई जा रहा था, रिटर्न डॉलर में मिल रहे थे। इसी रिटर्न का प्रचार कर कारोबार को बढ़ाया गया। तीन माह तक रिटर्न दिया जाता रहा। फिर निवेश करने वालों की संख्या और निवेश रकम का आंकड़ा भी बढ़ने लगा। लोग मार्केट से ब्याज में पैसे उठाकर भी पैसे डालने लगे। शिक्षकों ने अपनी बचत पूंजी को निवेश किया। आकर्षक पैकेज में जिले के दर्जन भर पुलिस वाले भी झांसे में आ गए। परिवार के अन्य सदस्यों के नाम पर रुपए लगाए गए हैं। सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक जिले के 93,598 लोगों ने अलग-अलग चिट फंड कंपनियों में 7 साल पहले 181 करोड़ गंवा चुके हैं। सबसे ज्यादा राजिम अनुविभाग में 100 करोड़ का निवेश हुआ। ट्रेडिंग ऐप में फंसे ज्यादातर लोग भी इसी राजिम इलाके से आते हैं।

# यात्रियों से भरी बस और ट्रक में टक्कर

## ड्राइवर और कंडक्टर गंभीर, रिम्स रेफर, यात्रियों को आई हल्की चोटें

लातेहार, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। लातेहार में शुक्रवार को यात्रियों से भरी बस और ट्रक में टक्कर जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बस का ड्राइवर और कंडक्टर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जबकि 9 यात्री घायल हैं। यात्रियों को हल्की चोटें लगी हैं। हादसा सदर थाना क्षेत्र के उदयपुरा के पास एनएच-39 पर सड़क बस और ट्रक के बीच आमने-सामने हुई।

यात्रियों ने बताया कि पम्मी बस लातेहार से हजारीबाग जा रही थी। जबकि ट्रक रांची से पलामू की ओर आ रहा था। इसी बीच उदयपुरा के पास यह हादसा हो गया।

बस ड्राइवर अनिल भुइयां, कंडक्टर अजय कुमार को गंभीर चोट लगी है। जबकि घायल अन्य यात्रियों में देवलाल राम, एमडी मेराज (लोहरदगा), अहमद अंसारी, रितु कुमारी (बालूमाथ), विनी लाल मिंज, रीता देवी फिजियान अंसारी, मिराज मियां, मिनकू प्रसाद, परी कुमारी शामिल हैं। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में डॉ अरुण कुमार शरण द्वारा किया गया।

डॉ अरुण कुमार शरण ने बताया कि इस दुर्घटना में बस के चालक अनिल भुईयां व कंडक्टर अजय कुमार को गंभीर चोट लगी है। कंडक्टर का दोनों पैर टूट गया है। जबकि बस चालक को सिर, शरीर में गंभीर चोट आई है। दोनों को रिम्स रेफर कर दिया गया है। बाकी सभी घायल यात्रियों का इलाज चल रहा है। बस में बैठे यात्री देवलाल राम ने बताया कि ट्रक और बस के चालकों द्वारा तत्परता दिखाई जाती, तो दुर्घटना टल सकती थी। उन्होंने बताया कि बस 12 से 15 यात्री बैठे थे। इस दुर्घटना में ट्रक चालक पूरी तरह सुरक्षित है।

इधर, घटना का सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और अग्रतार कार्रवाई में जुट गए हैं। उन्होंने सदर अस्पताल पहुंचकर भी मामले की जानकारी ली। थाना प्रभारी ने कहा कि दुर्घटना हुई है। दोनों वाहनों को जब्त कर कार्रवाई की जाएगी।

# आईईडी ब्लास्ट, 2 जवान जख्मी

## सड़क निर्माण की सुरक्षा में लगे थे, मौके से निकालकर लाया जा रहा अस्पताल

जगदलपुर/नारायणपुर, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में नक्सलियों की लगाई आईईडी की चपेट में आने से 2 जवान घायल हो गए हैं। दोनों जवानों को मौके से निकालकर जिला अस्पताल लाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि सड़क निर्माण कार्य की सुरक्षा देने के लिए ये निकले थे। इसी दौरान बम फटा और 2 जवान जख्मी हो गए।

दरअसल, पुलिस ने हाल ही में नक्सलियों के गढ़ कच्चापाल में सुरक्षाबलों का नया कैंप स्थापित किया है। अब उस पूरे इलाके को सड़क मार्ग से जोड़ा जा रहा है। आज शुक्रवार को भी यहां कैंप के जवान सड़क निर्माण की सुरक्षा के लिए निकले हुए थे। हालांकि, यहां पहले से ही नक्सलियों ने आईईडी प्लांट कर रखी थी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सड़क निर्माण की सुरक्षा के दौरान 2 जवानों का पैर प्रेशर आईईडी पर आ गया। जिसके बाद जोर का धमाका हुआ। जिसमें 2 जवान जख्मी हो गए हैं। जिन्हें मौके से निकाला जा रहा है। घटना की पुष्टि नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने की है।

# मंदिर की दीवार तोड़ने वाले कर्मी निलंबित

पलामू, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में नगर निगम की कार्यशैली के खिलाफ व्यवसायियों ने शुक्रवार को अपनी दुकानें बंद रखी। गुरुवार को अतिक्रमण हटाने के दौरान मंदिर की दीवार गिराए जाने से व्यवसायी और आम लोग आक्रोशित हैं।

इधर, सहायक नगर आयुक्त ने कहा कि जिसने भी दीवार गिराया है, उसे निलंबित कर दिया गया है। सैकड़ों की संख्या में लोगों का हुजूम नगर निगम तेरी मनमानी नहीं चलेगी जैसे नारे लगाते हुए मुख्य मार्ग से नगर निगम कार्यालय पहुंचा और अपना विरोध प्रकट किया। पूर्व डिप्टी मेयर मंगल सिंह के नेतृत्व में व्यवसायियों ने प्रदर्शन किया। स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया भी इसमें शामिल हुए। जुलूस की शक्ल में नगर निगम कार्यालय पहुंचे लोगों की वार्ता सहायक नगर आयुक्त से हुई। लोगों ने पूछा कि मंदिर की दीवार किसके आदेश पर तोड़ी गई। सहायक नगर आयुक्त ने कहा कि जिसने भी दीवार गिराया है, उसे निलंबित कर दिया गया है।

लोगों ने नगर निगम के कर्मी सिटी मैनेजर पर बिना किसी जानकारी के दीवार गिराने का आरोप लगाया और इन्हें बर्खास्त करने की मांग की। व्यवसायियों की मांग है कि दोषी कर्मियों पर कारवाई किया जाए। रोड के दोनों तरफ व्हाईट लाइनिंग होने तक निगम का अभियान स्थगित रहे।

# वर्चस्व में की गई थी कांग्रेस कार्यकर्ता आलोक की हत्या

## शादी के 27 वें दिन हुआ था मर्डर, भाजपा कार्यकर्ता समेत 5 गिरफ्तार

जमशेदपुर, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। जमशेदपुर में टाइगर क्लब के संचालक सह कांग्रेस कार्यकर्ता आलोक भगत उर्फ आलोक मुन्ना (27) की हत्या मामले का पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा कर दिया। आलोक की हत्या वर्चस्व को लेकर की गई थी। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में भाजपा कार्यकर्ता विकास सिंह, साजिशकर्ता आकाश सिंह उर्फ छोटू बच्चा, विशाल कुमार उर्फ भीखे बाबा, पंकज साव उर्फ बच्चा और शक्ति विभर शामिल है। आलोक की 22 नवंबर को शादी हुई थी और 27 वें दिन उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त तीन देसी कट्टा, एक गोली ओर तीन खोखा बरामद किया है। वहीं, एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि आलोक और आरोपी आकाश के बीच काफी दिनों से विवाद चला आ रहा था। काली पूजा विसर्जन के दिन भी दोनों के बीच झड़प हुई थी। इसी के बाद आकाश ने आलोक की हत्या की योजना बनाई थी। आरोपी विकास सिंह और शक्ति ने आलोक की रेकी की। घटना के दिन आकाश ने पहली गोली चलाई जो आलोक को लगी और वो सड़क पर गिरकर घायल हो गया। आलोक ने खुद को संभाला और पास ही एक घर में जा घुसा। विशाल और पंकज ने आलोक का पीछा किया और घर में घुसकर उसे फिर से गोली मारी। सभी गली के अंदर से होते हुए मौके से फरार हो गए।

कदमा शास्त्रीनगर ब्लॉक नंबर चार में घर से कुछ दूरी पर 18 दिसंबर की सुबह 10 बजे आलोक भगत उर्फ आलोक मुन्ना की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आलोक बुधवार सुबह 9.15 बजे बुलेट बाइक लेकर बाजार गया था। कदमा बाजार से पूजा के लिए फूल-माला लेकर घर लौट रहा था, तभी अपराधियों ने उसे घेर लिया। जान बचाने के लिए वह बाइक से उतरकर पड़ोसी बिल्लू के घर घुस गया, लेकिन बदमाश वहां भी पहुंच गए। आलोक के सीने में गोली मारी और बाइक से फरार हो गए थे। इधर, कदमा थाना के बाहर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विकास सिंह की गिरफ्तारी का विरोध शुरू कर दिया।

# दो छात्रों का झारखंड वॉलीबॉल स्टेट टीम में हुआ चयन

## 22 को हैदराबाद में आयोजित प्रतियोगिता में झारखंड का करेंगे प्रतिनिधित्व

लातेहार, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। लातेहार जिला मुख्यालय के जिला स्टेडियम के पास स्थित जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ठ विद्यालय (एसओई) के छात्र न सिर्फ शिक्षण में वरन खेलकूद में भी आगे हैं। विद्यालय के कक्षा 11वीं के छात्र अंकित कुमार और कक्षा 9वीं के छात्र सागर कुमार का चयन स्कूल गेम्स फेडेरेशन (एसजीएफआई) द्वारा आयोजित वॉलीबॉल झारखंड स्टेट टीम के लिए किया गया है। ये दोनों आगामी 22 दिसंबर को हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

दोनों छात्र झारखंड की टीम के साथ रांची से हैदराबाद रवाना हो चुके हैं। विद्यालय की प्राचार्य तृप्ति भारती ने इसे विद्यालय के गर्व की बात बताया। उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ स्कूल बल्कि पूरे लातेहार के लिए सौभाग्य की बात है कि यहां के छात्रों को झारखंड का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है।



उन्होंने इसका श्रेय दोनों खिलाड़ियों के मेहनत को दिया और कहा कि अगर मन में कुछ करने की ठान ली जाए तो सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व भी विद्यालय के कक्षा आठवीं के छात्र शशि कुमार का चयन एसजीएफआई द्वारा कबड्डी झारखंड स्टेट टीम के लिए किया गया था। शशि कुमार ने गत दिनों तमिलनाडु में आयोजित प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व कर जिले का नाम रौशन किया था।

# 16 साल के नाबालिग ने चुराई 3 स्कूटी

## बेचने निकला तो पकड़ा गया, सभी गाड़ियां एक ही इलाके से की चोरी

रायपुर, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। रायपुर पुलिस ने एक 16 साल के नाबालिग को चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। नाबालिग ने एक के बाद एक तीन स्कूटी चोरी की। जब उसे वह बेचने के लिए निकला तो पुलिस को सूचना मिल गई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूरा मामला गुढ़ियारी थाना क्षेत्र का है।




अमित अग्रवाल ने थाना गुढ़ियारी में एफआईआर दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि वह 2 अक्टूबर को रात साढ़े 10 बजे अपनी होंडा एक्टिवा को गुढ़ियारी पड़ाव के पास खड़ी किया था। अगले दिन सुबह जब देखा तो वहां पर गाड़ी मौजूद नहीं थी। उसने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस जांच पड़ताल कर रही थी। तभी सूचना मिली कि एक नाबालिग खालबाड़ा के पास एक स्कूटी बेचने की फिराक में घूम रहा है। पुलिस ने आरोपी की घेराबंदी करके उसे पकड़ लिया। उससे वाहन के संबंध में पूछताछ करने व कागजात दिखाने की बात पर वह गुमराह करने लगा। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा वाहन को पड़ाव गुढियारी से चोरी करना बताया गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के पास से तीन गाड़ियां बरामद की है जिसे उसने गुढ़ियारी इलाके से ही चोरी की थी।

# पुलिस पर युवक की बर्बरता से पिटाई का आरोप

## युवक रांची रेफर, थाना प्रभारी ने कहा- मिर्गी का दौरा पड़ा था

गिरिडीह, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। गिरिडीह में पुलिस पर युवक की बर्बरता से पिटाई का आरोप लगा है। युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रांची स्थित रिम्स रेफर किया गया है। मामला पचंबा थाना क्षेत्र का है। इधर, पचंबा थाना प्रभारी राजीव कुमार ने कहा है कि युवक को मिर्गी का दौरा पड़ा था। इसलिए उसे हॉस्पिटल लाना पड़ा।

पचंबा थाना क्षेत्र के करहरबारी निवासी प्रेम कुमार पासवान को चोरी के आरोप में पचंबा थाना की पुलिस पूछताछ के लिए गुरुवार की शाम थाना ले गई थी। इसके बाद प्रेम कुमार को अचानक सदर अस्पताल लाया गया, जहां से उसे



रोते बिलखते परिजन

बेहतर उपचार के लिए रांची रेफर कर दिया गया है। वहीं, पचंबा पुलिस पर आरोपी की बहन संध्या देवी ने बर्बरता से मारपीट करने का आरोप लगाया है। संध्या देवी ने बताया कि अचानक गुरुवार शाम कुछ पुलिसकर्मी उसके घर आए और प्रेम को अपने साथ लेकर पचंबा थाना ले गए। पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि गाड़ी चोरी के आरोप में वे उसे पूछताछ के लिए ले जा रहे हैं। इसके बाद जब वे थाना पहुंची तो देखा कुछ पुलिसकर्मी उसके भाई की बेरहमी से पिटाई कर रहे हैं। विरोध करने पर उसके साथ भी महिला पुलिसकर्मियों ने मारपीट किया। संध्या देवी ने बताया कि जब प्रेम की तबीयत बिगड़ी तो पुलिस उसे सदर अस्पताल ले गई। जहां उसकी और तबीयत बिगड़ता देख उसे रांची रेफर कर दिया गया है।

# बैंक का फर्जी अधिकारी बनकर करते थे ठगी, गिरफ्तार

## तीन साइबर अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे, चार मोबाइल फोन, 7 सिम कार्ड बरामद

गिरिडीह, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। गिरीडीह साइबर थाना की पुलिस ने बेंगाबाद थाना क्षेत्र के खंडोली मोड़ के पास साइबर अपराध कर रहे तीन अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिन तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, उसमें गांडेय थाना क्षेत्र के पदनाटांड़ निवासी साहिल अंसारी, नजमुल अंसारी और बेंगाबाद थाना क्षेत्र के पुर्री गांव निवासी प्रमोद यादव शामिल है। इन तीनों साइबर अपराधियों के पास से पुलिस ने चार मोबाइल फोन, सात सिम कार्ड और एक बाइक बरामद किया है। साइबर डीएसपी आबिद खान ने बताया कि पूछताछ में इन्होंने बताया कि यह लोगों को कोरोना का टीका लगाने के एवज में सरकार से दस हजार रुपए दिलाने का लालच देकर और खुद को बैंक का अधिकारी बनकर केवाईसी अपडेट करने के नाम पर ठगी करते थे। इसके अलावे लोगों के व्हाट्सएप पर केवाईसी अपडेट करने का अप्लीकेशन फाइल भेज कर निजी जानकारी प्राप्त कर फ्रॉड करते थे।

# युगांडा में फैला डिंगा-डिंगा वायरस, 300 से ज्यादा बीमार

## शरीर में होती है नाचने जैसी तेज कंपकपी, महिलाएं-लड़कियां सबसे ज्यादा बीमार

कंपाला, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। अफ्रीकी देश युगांडा में डिंगा डिंगा वायरस से 300 से ज्यादा लोग संक्रमित हो चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा महिलाएं और लड़कियां हैं। इस रहस्यमयी बीमारी का सबसे ज्यादा असर युगांडा के बुंदीबग्यो जिले में देखने को मिला है।

न्यूज एजेंसी मॉनीटर के मुताबिक इस वायरस की चपेट में आने पर मरीज के शरीर में तेज कंपकपी होने लगती है। ये कंपकपी इतनी तेज होती है कि देखने पर ऐसा लगता है कि जैसे मरीज नाच रहा हो। संक्रमण अधिक होने पर मरीज को लकवा भी मार सकता है। बुंदीबग्यो के जिला स्वास्थ्य अधिकारी कियिता क्रिस्टोफर के मुताबिक इस वायरस के बारे में पहली बार 2023 में पता चला था। इसके बाद से युगांडा की सरकार इसकी जांच कर रही है। युगांडा के स्वास्थ्य विभाग ने अभी तक डिंगा डिंगा वायरस से मौत की कोई जानकारी नहीं दी है। विभाग ने समय रहते लोगों को दवाई लेने की सलाह दी है। संक्रमित हो चुके लोगों को बुंदीबग्यों के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक अब तक इस बीमारी से बचने के



लिए कोई वैक्सीन नहीं है। स्वास्थ्य अधिकारी कियिता के मुताबिक संक्रमित लोगों का एंटीबायोटिक्स दवाएं देकर इलाज किया जा रहा है। इससे ठीक होने में करीब एक हफ्ते का समय लग रहा है। कियिता ने वायरस के इलाज के लिए हर्बल दवाओं को बेअसर बताया है और लोगों से अस्पताल आकर जांच और इलाज कराने के लिए कहा है।

स्वास्थ्य विभाग ने इस बीमारी से बचने के लिए लोगों को साफ सफाई से रहने की सलाह दी है। साथ ही उनसे किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से भी मना किया है।

डॉ कियिता ने बताया कि बुंदीबुग्यो के अलावा किसी और जिले में वायरस के केस नहीं मिले हैं।

इसके साथ ही कई संदिग्ध लोगों के सैंपल स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम को भेजे गए हैं। इन सैंपल की अभी जांच होना बाकी है। इस बीमारी की तुलना फ्रांस में 1518 में 'फैली डांसिंग प्लेग' से की जा रही है। इस बीमारी से लोग संक्रमित होकर कई दिनों तक कांपते रहते थे।

युगांडा में फैली इस बीमारी का नाम वैज्ञानिक तौर पर अभी नहीं रखा गया है। न्यूज एजेंसी मॉनीटर के मुताबिक वहां के लोग वायरस को आम भाषा में 'डिंगा-डिंगा' कहते हैं। जिसका मतलब 'नाचने जैसी तेज कंपकपी' है। वायरस से ठीक हो चुके 18 साल के एक मरीज पेशेंस कटुसिमे ने न्यूज एजेंसी मॉनीटर से कहा कि लकवाग्रस्त होने के बावजूद उसका शरीर बेकाबू होकर कांपता रहता था। उसे पहले कमजोरी महसूस हुई और बाद में लकवा मार गया। उसने बताया कि मैं जब भी चलने की कोशिश करता था, तो मेरा शरीर बेकाबू होकर कांपने लगता था। उधर, कांगो (कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य) में भी दूसरी रहस्यमयी बीमारी तेजी से फैल रही है। जिसकी चपेट में आने से कांगो के पंजी में अब तक 143 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। कांगो की स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक इस वायरस से मरीजों में बुखार, सिरदर्द, खांसी और मलेरिया जैसे गंभीर फ्लू के लक्षण दिखते हैं। इसी साल अक्टूबर में पहली बार इस रहस्यमयी बीमारी के 592 केस सामने आए थे। डब्ल्यूएचओ ने इस बीमारी का नाम 'डिजीज एक्स' रखा है।

# अमेरिकी सरकार के पास देश चलाने के पैसे नहीं

## ट्रम्प-मस्क ने नहीं आने दिया फंडिंग से जुड़ा बिल, फिर अपना भी पास नहीं करा पाए

वॉशिंगटन, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी सरकार के पास देश चलाने के लिए फंड खत्म हो चुका है। सरकार को फंडिंग करने वाला बिल गुरुवार को अमेरिकी संसद से पास नहीं हो पाया। इस बिल को अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनके सहयोगी इलॉन मस्क के समर्थन से रिपब्लिकन पार्टी ने पेश किया था।

बिल को पास होने के लिए 435 सांसदों वाले हाउस से दो तिहाई यानी 290 वोटों की जरूरत थी। लेकिन समर्थन में 174 सांसदों ने ही वोट किया। जबकि इसके विरोध में 235 वोट पड़े। बिल का विरोध करने वालों में ट्रम्प की पार्टी के 38 सांसद भी शामिल रहे हैं।

इससे पहले हाउस के स्पीकर माइक जॉनसन ने डेमोक्रेटिक पार्टी को साथ लेकर एक बिल तैयार किया था। हालांकि डोनाल्ड ट्रम्प और मस्क ने इस बिल पर कड़ी आपत्ति जताई थी और इसे पेश ही नहीं होने दिया था। अमेरिका में सरकार के कर्ज की एक सीमा तय होती है। वह देश चलाने के लिए उससे ज्यादा उधार नहीं ले सकती है। बीते सालों में सरकार को कैशलेस होने से




बचाने के लिए ये सीमा कई बार बढ़ी है। इसके लिए एक बिल अमेरिकी संसद हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में लाया जाता है। मौजूदा बिल को ट्रम्प की ओर से लाया गया था, ताकि राष्ट्रपति बनने पर वे आसानी से देश चला सकें। इसे ही विपक्ष ने खारिज किया है। इसका सीधा मतलब है कि अमेरिका को खर्च के लिए पैसा नहीं मिलेगा। एक बार बिल खारिज होने के बाद इसे दोबारा पास कराने के लिए आज यानी शुक्रवार तक का आखिरी समय है। इसके बाद भी बिल पास नहीं हुआ तो अमेरिकी सरकार के पास सरकारी खर्च के लिए पैसे नहीं बचेंगे। ऐसी स्थिति में अमेरिका में शटडाउन लग सकता है। अगर ऐसा होता है तो इससे अमेरिका की अर्थव्यवस्था पर खराब असर पड़ेगा और आने वाली ट्रम्प सरकार पर दबाव बढ़ेगा।

बिल पास नहीं होने की वजह से अमेरिकी सरकार को खर्च के लिए पैसा नहीं होगा, यानी सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाली सैलरी से लेकर सरकार तमाम दूसरे खर्च नहीं कर पाएगी। कई सरकारी कर्मचारियों को नए साल पर वेतन नहीं मिलेगा। हालांकि इमरजेंसी सर्विसेज जैसे- मेडिकल सर्विस, सीमा सुरक्षा और हवाई सेवाएं जारी रहेगी। अमेरिका में अगर शटडाउन होता है तो सरकार को अपने खर्चों में कटौती करनी पड़ेगी। यूएसए टुडे के मुताबिक इससे 20 लाख कर्मचारियों को सैलरी नहीं मिलेगी और गैर जरूरी कर्मचारियों को छुट्टी पर भेज दिया जाएगा। इस कारण देश में कई संस्थान तब तक बंद हो सकते हैं। अमेरिका में पिछले 50 साल में फंडिंग बिल अटकने की वजह से 20 बार शटडाउन हुआ है। ट्रम्प के पिछले कार्यकाल में ही 3 बार सरकार को शटडाउन का सामना करना पड़ा था। 2019 का शटडाउन सबसे ज्यादा 35 दिन तक जारी रहा था, जिसमें अमेरिकी इकोनॉमी को 25 हजार करोड़ रुपए का घाटा हुआ था।

इस हफ्ते की शुरुआत में स्पीकर जॉनसन ने 1500 पेज का बिल तैयार किया था। इस बिल में आपदा राहत के लिए 100 बिलियन डॉलर, कृषि के लिए 10 बिलियन डॉलर और सांसदों की वेतन बढ़ोत्तरी का प्रावधान था।

# रूस की कैंसर वैक्सीन की कीमत 2.5 लाख रुपए

## दोबारा कैंसर होने का जोखिम नहीं, जल्द एक और वैक्सीन का ऐलान करेगा रूस

मॉस्को, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। रूस के कैंसर वैक्सीन के ऐलान के बाद से दुनियाभर के कैंसर मरीजों में उम्मीद जगी है। रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय के रेडियोलॉजी मेडिकल रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर आंद्रेई काप्रिन के मुताबिक, रूस की इस कैंसर वैक्सीन को अलग-अलग तरह के मरीजों के लिए अलग-अलग बनाया जाएगा। इस खासियत की वजह से इसकी कीमत करीब 2.5 लाख रुपए होगी। रूसी नागरिकों को ये वैक्सीन मुफ्त में मिलेगी। हालांकि दुनिया के बाकी देशों के ये वैक्सीन कब मिलेगी, इसके बारे में काप्रिन ने कोई जानकारी दी है।

काप्रिन ने बताया कि प्रीक्लिनकल ट्रायल में वैक्सीन प्रभावी साबित हुई है। इससे ट्यूमर का विकास धीमा होने के साथ उस पर 80% तक कमी देखी गई है। इस वैक्सीन को मरीजों के ट्यूमर सेल्स के डेटा के आधार पर स्पेशल प्रोग्राम के जरिए डिजाइन किया जाता है। रूस की फेडरल मेडिकल बायोलॉजिकल एजेंसी की प्रमुख वेरोनिका




स्वोर्त्सकोवा ने वैक्सीन के काम करने के तरीके को मेलानोमा (स्किन कैंसर) से समझाया है। सबसे पहले कैंसर के रोगी में से कैंसर सेल्स का सैंपल लिया जाता है। इसके बाद वैज्ञानिक इस ट्यूमर के जीन की सीक्वेंसिंग करते हैं। इसके जरिए कैंसर सेल्स में बने प्रोटीन की पहचान की जाती है। प्रोटीन की पहचान के बाद पर्सनलाइज्ड एमआरएनए वैक्सीन बनाई जाती है। रोक लगने वाली कैंसर वैक्सीन शरीर को टी सेल्स बनाने का आदेश देती है।

ये टी सेल्स ट्यूमर पर हमला कर कैंसर को खत्म कर देती हैं। इसके बाद इंसानी शरीर ट्यूमर सेल के पहचानने लगता है, जिससे कैंसर दोबारा नहीं लौटता है। अमेरिकी राज्य फ्लोरिडा के कैंसर एक्सपर्ट एलियास सयूर के मुताबिक इस तकनीक से बन रही वैक्सीन ने ब्रैन कैंसर के लिए 48 घंटों से भी कम वक्त में असर दिखा दिया था।

रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय के नेशनल मेडिकल रिसर्च रेडियोलॉजिकल सेंटर की वेबसाइट के मुताबिक कैंसर से लड़ने के लिए दो तरह की खोज में जुटे हुए थे। इनमें पहली एमआरएनए वैक्सीन और दूसरी दूसरी ऑन्कोलिटिक वायरोथेरेपी है। इस थेरेपी के तहत लैब में मॉडिफाई किए गए इंसानी वायरस से कैंसर सेल्स को टारगेट कर संक्रमित किया जाता है। इससे वायरस कैंसर सेल्स में खुद की मल्टीप्लाय करता है। इसका नतीजा ये होता है कि कैंसर सेल नष्ट हो जाती है। यानी इस थेरेपी में ट्यूमर को सीधे तौर पर नष्ट करने बजाय इम्युनिटी को सक्रिय करके कैंसर सेल्स नष्ट किया जाता है। इस थेरेपी के लिए बनाई जा रही वैक्सीन का नाम एंटेरोमिक्स है। इस वैक्सीन का रिसर्च साइकिल पूरा हो चुका है। जल्द ही इसका ऐलान हो सकता है।

# पुतिन बोले- ब्रिक्स को लेकर जयशंकर ने ठीक कहा था

## हम किसी के खिलाफ नहीं, यूक्रेन जंग रोकने पर ट्रम्प से बात करने को तैयार

मॉस्को, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को साल 2024 के आखिरी संबोधन में 3 घंटे 17 मिनट तक जनता के सवालों के जवाब दिए। इसमें उनसे यूक्रेन जंग के अलावा, ब्रिक्स, सीरिया, इकोनॉमी, महंगाई जैसे मुद्दों पर सवाल पूछे गए थे। ब्रिक्स को लेकर पूछे गए एक सवाल पर उन्होंने एस जयशंकर का नाम लिया। पुतिन ने कहा कि ब्रिक्स किसी के खिलाफ काम नहीं कर रहा है। हम सिर्फ अपनी भलाई और संगठन के हित के लिए काम करते हैं। हम हम किसी भी तरह का एजेंडा नहीं चला रहे हैं। भारत और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसे सबसे अच्छे तरीके से कहा था कि ब्रिक्स पश्चिमी विरोधी नहीं है। बस इसमें पश्चिम (देश) शामिल नहीं है। पुतिन ने यह भी कहा कि वे यूक्रेन जंग को रोकने के लिए तैयार हैं। इसके लिए वे ट्रम्प से बातचीत करने को तैयार हैं। पुतिन ने कहा कि उनके बीच चार साल से भी ज्यादा वक्त से कोई बातचीत नहीं हुई है, लेकिन अगर ट्रम्प चाहें



तो वे उनसे मिलने को तैयार हैं।

पुतिन ने 'ओरेशनिक मिसाइल' की तारीफ करते हुए कहा कि पश्चिमी देशों के पास इसका कोई तोड़ नहीं है। पश्चिमी देश चाहकर भी इसका मुकाबला नहीं कर सकते हैं क्योंकि उनके पास इसे रोकने की तकनीक ही नहीं है। रूस ने यूक्रेन के खिलाफ 21 नवंबर को इंटरमीडिएट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल 'ओरेशनिक' की टेस्टिंग की थी। यह 3 किमी प्रति सेकेंड की रफ्तार से टारगेट पर हमला करता है।

पुतिन ने इस मिसाइल को लेकर कहा था कि इसका तापमान 4,000 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जो सूरज की सतह के समान है। जिस इलाके में यह गिरेगी, वहां की हर चीज धूल में बदल जाएगी।

सीरिया मुद्दे पर पुतिन ने कहा कि हम पता कर रहे हैं कि सीरिया में बशर अल-असद का तख्तापलट कैसे हुआ। असद की सेना ने बिना लड़ाई लड़े मैदान छोड़ दिया। पुतिन ने इसे रूस की हार बताने से इनकार कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि सीरिया में तख्तापलट के बावजूद रूसी बैस कैंप वहां बरकरार रहेंगे। पुतिन से अमेरिकी पत्रकार ऑस्टिन टाइस के बारे में भी पूछा गया। टाइस 2012 में सीरिया में गृहयुद्ध की घटना को कवर करने के दौरान लापता हो गए थे। सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति असद पर टाइस को गायब करने का आरोप लगाया जाता है। इस बारे में पुतिन ने कहा कि उन्होंने अभी तक राष्ट्रपति असद को नहीं देखा है, लेकिन वे जल्द ही मिलेंगे। तब वे असद से ऑस्टिन टाइस के बारे में जरूर पूछेंगे कि उनके साथ क्या हुआ था। हाल ही में टाइस की मां ने कहा था कि वे अपने बेटे के बारे में पता करना चाहती हैं इसे लेकर वे असद से मिलने के लिए रूस भी जाने को तैयार हैं। पुतिन हर साल के आखिर में टीवी पर जनता के सवालों का जवाब देते हैं। इसे रूसी टीवी चैनलों पर लाइव दिखाया जाता है। पिछले कुछ सालों से इस कार्यक्रम में घरेलू मुद्दे ज्यादा हावी रहे हैं। स्टूडियो में फोन करने वाले ज्यादातर लोग सड़क की मरम्मत, बिजली की कीमतों, इलाज, सरकारी सब्सिडी और सामाजिक मुद्दों के बारे में सवाल पूछते हैं। देश की आर्थिक स्थिति को लेकर पूछे गए सवाल पर पुतिन ने कहा कि बाहरी खतरे से जूझने के बाद भी देश की इकोनॉमी स्थिर है और देश तरक्की के रास्ते पर है। पुतिन ने कहा कि देश में महंगाई दर 9% चली गई है जो कि चिंताजनक है, लेकिन कुल मिलाकर हालात स्थिर हैं। पुतिन ने कहा कि इस साल की विकास दर 3.9% रहेगी।

# चीन बना रहा दुनिया की सबसे लंबी सुरंग

## पहाड़ों को ड्रिल करने में लगा ड्रैगन जिनपिंग का क्या है इरादा

बीजिंग, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। चीन इस समय दुनिया की सबसे लंबी मोटरवे सुरंग बना रहा है। इसके लिए चीन पहाड़ों के नीचे खुदाई में लगा है। 3.7 बिलियन डॉलर की यह एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। 20.9 किमी लंबी 'तियानशान शेंगली' सुरंग दुनिया की सबसे लंबी पर्वत श्रृंखलाओं में से एक को पार करेगी। इससे यात्रा का समय कुछ मिनटों तक सिमट जाएगा। यह सुरंग अक्तूबर 2025 में यातायात के लिए खुलेगी और तियानशान पर्वतों के जरिए यात्रा का समय घटाकर केवल 20 मिनट कर देगी। इस परियोजना का निर्माण 2016 में शुरू हुआ और इसे 2031 तक पूरा किया जाना है।

शी जिनपिंग सरकार इस सुरंग के लिए भारी-भरकम रकम खर्च कर रही है। इसके अलावा यह मानव की ओर से बनाई गई सबसे लंबी सुरंग होगी। तियानशान पर्वत दुनिया की सात प्रमुख पर्वत श्रृंखलाओं में से एक है, जिसकी औसत चौड़ाई लगभग 321 किमी है।

# मेलोनी ने मस्क से दोस्ती पर विरोधियों को दिया जवाब

## बोलीं- वे मेरे अच्छे दोस्त, किसी का गुलाम बन आदेश नहीं मानती

रोम, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने अमेरिकी कारोबारी इलॉन मस्क के साथ दोस्ती को लेकर उठ रहे सवालों पर जवाब दिया है। उन्होंने बुधवार को इटली की संसद में कहा कि वे मस्क की दोस्त हैं, लेकिन इससे उनके कारोबारी रिश्ते को कोई फायदा नहीं होगा। मेलोनी ने इटली के विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा- वे सोचते हैं कि एक विदेशी नेता के साथ मेरी बहुत अच्छी दोस्ती है तो मैं उनकी गुलाम बनकर उनके बताए किसी भी बात को मान लेती हूं लेकिन ऐसा नहीं है। मैं किसी के आदेश को नहीं मानती हूं। इटली में उद्योग लगाने को लेकर प्रधानमंत्री मेलोनी की मुलाकात कई बार मस्क से हो चुकी है। इटली सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए एक फ्रेमवर्क तैयार किया है, जिसके तहत मस्क की 'स्पेस एक्स' जैसी विदेशी कंपनियों के लिए वहां काम करना आसान हो गया है।

इटली सरकार की इस फ्रेमवर्क के मुताबिक साल 2026 तक इटली में 730 करोड़ रुपए तक निवेश होने का अनुमान है। मस्क और मेलोनी के बीच 24 सितंबर को न्यूयॉर्क में एक कार्यक्रम के दौरान हुई थी। इसमें मस्क ने मेलोनी की तारीफ करते हुए उन्हें बेहद खूबसूरत बताया। मस्क ने कहा कि जॉर्जिया बाहर से जितनी सुंदर ही उतनी ही अंदर से हैं। इसके बाद ही दोनों के बीच डेटिंग की अफवाहें शुरू हो गईं। हालांकि, इन अफवाहों पर मस्क ने सोशल मीडिया पर साफ किया कि- वे डेट नहीं कर रहे हैं।

# कनाडा सरकार भारतीयों को स्थायी निवास के लिए खोला नया रास्ता

## दे रही यहां बसने का मौका

ओटावा, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। कनाडा की जस्टिन ट्रूडो की सरकार ने ग्रामीण समुदायों में स्थायी निवास की चाह रखने वाले विदेशी नागरिकों के लिए नए रास्ते खोले हैं। सरकार की ओर से जारी आधिकारिक गजट में रूरल कम्युनिटी इमिग्रेशन क्लास (आरसीआईसी) नाम के नए प्रोग्राम के लिए योग्यता मानदंड जारी किए है। यह प्रोग्राम विदेशी नागरिकों को कनाडा के ग्रामीण इलाकों में बसने और स्थायी निवासी बनने का मौका देता है। यह उन लोगों के लिए है जो क्यूबेक के अलावा दूसरे प्रांते में रहना चाहते हैं। हालांकि इस प्रोग्राम के तहत आवेदन करने के लिए आवेदकों को कुछ शर्तें पूरी करनी होंगी।

फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, आरसीआईसी प्रोग्राम खासतौर पर उन विदेशी नागरिकों के लिए है जो कनाडा के शहरों की बजाय किसी ग्रामीण समुदाय में खुद को स्थापित कर सकते हैं। कनाडा की सरकार को उम्मीद है कि यह देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और ग्रामीण क्षेत्रों में कुशल कामगारों की कमी को पूरा करने में मदद करेगा। कनाडा में भारतीय की काफी बड़ी संख्या है, ऐसे में ये प्रोग्राम वहां स्थायी निवास की चाहत रखने वाले भारतीयों के लिए अच्छा अवसर है।

### कौन कर सकते हैं आवेदन

इस प्रोग्राम के तहत आवेदन करने के लिए कुछ खास योग्यताएं पूरी करनी होंगी। अगर कोई कनाडा के अंदर से आवेदन कर रहा है तो उसके पास आवेदन के समय वैध अस्थायी निवासी का दर्जा होना चाहिए। उसको स्थायी निवास मिलने तक यह दर्जा बनाए रखना होगा। इसके अलावा एक आर्थिक विकास संगठन से सिफारिश का एक वैध प्रमाण पत्र भी चाहिए। यह




प्रमाण पत्र स्थायी निवास मिलने तक रद्द नहीं होना चाहिए। काम के अनुभव की बात करें तो नेशनल ऑक्यूपेशनल क्लासिफिकेशन में सूचीबद्ध किसी व्यवसाय में कम से कम एक साल काम का अनुभव होना चाहिए। यह अनुभव आवेदन करने की तारीख से तीन साल पहले तक का होना चाहिए। अगर आवेदक ने किसी पोस्ट-सेकेंडरी प्रोग्राम से योग्यता प्राप्त की है और वह पूरे प्रोग्राम के दौरान पूर्णकालिक छात्र है तो फिर काम के अनुभव की आवश्यकता नहीं है। विदेशी आवेदक को एक निर्दिष्ट नियोक्ता से नौकरी का प्रस्ताव आवेदन के समय दिखाना होगा। नौकरी निर्दिष्ट समुदाय में स्थित होनी चाहिए और काम का कम से कम 75 प्रतिशत हिस्सा उसी समुदाय में किया जाना चाहिए। एक आर्थिक विकास संगठन किसी विदेशी नागरिक की सिफारिश तब कर सकता है जब उसके पास आवश्यक कार्य अनुभव हो और उसका वेतन कनाडा एम्प्लॉयमेंट इंश्योरेंस कमीशन के अनुसार हो। विशेषज्ञों का कहना है कि आरसीआईसी प्रोग्राम कनाडा के ग्रामीण समुदायों के विकास में योगदान देने के इच्छुक कुशल श्रमिकों के लिए एक शानदार अवसर प्रदान करता है।

# रोड्स द्वीप पर प्रवासियों को ले जा रही बोट पलटी, आठ की मौत

## ग्रीक तटरक्षक बलों ने 18 की बचाई जान

एथेंस, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। रोड्स द्वीप के पास प्रवासियों को ले जा रही स्पीडबोट पलट गई। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। हालांकि, 18 लोगों को बचा लिया गया है। ग्रीक तट रक्षक बलों ने इसकी जानकारी दी। यह घटना कांगो में लोगों से भरी एक नाव के फिमी नदी में पलट जाने के दो दिन के बाद घटी।

### कांगो में दो दिन पहले पलटी थी नाव

बता दें कि कांगो में मंगलवार, 18 दिसंबर को लोगों से खचाखच भरी एक नाव फिमी नदी में पलट गई। हादसे में बच्चों सहित 25 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग लापता हो गए। नाव में सामान भी लदा हुआ था और मरने वालों में बच्चे भी शामिल हैं। यह घटना कांगो की राजधानी किंशासा से उत्तर-पूर्व में स्थित इनोंगो शहर के पास हुई। अधिकारियों और स्थानीय निवासियों के अनुसार, नाव में 100 से ज्यादा लोग सवार थे। यह हादसा माई-एनडोम्बे प्रांत में इस साल का चौथा हादसा है। यह क्षेत्र नदियों से घिरा हुआ है और यहां के लोग नदी परिवहन पर निर्भर हैं।

इससे पहले, अक्तूबर में कांगो के पूर्वी हिस्से में एक अत्यधिक भरी हुई नाव डूबने से करीब 78 लोगों की मौत हो गई थी। इसके अलावा, जून में भी किंशासा के पास इसी तरह की घटना सामने आई थी, जिसमें करीब 80 लोगों की जान चली गई थी। इस ताजा हादसे के बाद सरकार ने प्रांत में सुरक्षा बढ़ाने और नावों को बचाव उपकरणों से लैस करने का निर्णय लिया है।

# क्या है चीन का 'जादुई हथियार' यूएफडब्ल्यूडी

## खुफिया गतिविधियों ने बढ़ाई दुनिया की टेंशन, ब्रिटेन-वियतनाम तक जाल

बीजिंग, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। चीन की बढ़ती ताकत के साथ उसकी खुफिया गतिविधियों को लेकर पूरी दुनिया में तनाव की स्थिति रही है। हालांकि, चीन के लिए खुफिया गतिविधियां सिर्फ जासूसी या निगरानी तक सीमित नहीं हैं। बल्कि चीन की एक और ताकत पूरी दुनिया में उसको लेकर हो रही चर्चाओं और उसके प्रोपेगैंडा के प्रबंधन का काम करती है। ड्रैगन की यह ताकत है उसका यूनाइटेड फ्रंट वर्क डिपार्टमेंट (यूएफडब्ल्यूडी)- जिसे आठ दशक पहले इसके संस्थापक माओ जेदॉन्ग ने चीन का जादुई हथियार तक करार दिया था। अब चीन के मौजूदा राष्ट्रपति इस जादुई हथियार का बेधड़क इस्तेमाल



करने में भी जुटे हैं। बताया गया है कि चीन के यूनाइटेड फ्रंट वर्क डिपार्टमेंट को लेकर पश्चिमी देशों में हंगामा मचा हुआ है। खासकर ड्रैगन की बढ़ती सैन्य क्षमताओं और उसके जासूसी तंत्र की पहुंच को देखते हुए। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि हाल ही में ब्रिटिश राजघराने के सदस्य प्रिंस एंड्रयू से एक कथित चीनी जासूस के नजदीकी रिश्तों को लेकर खुलासे हुए हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि प्रिंस एंड्रयू ने जासूस के तौर पर पहचाने गए क्रिस यांग (यांग तेंग्बो) को एक समय चीन में निवेशकों से बातचीत के लिए अपना प्रतिनिधि तक करार दे दिया था। जबकि उन्हें यांग के जासूस होने की जानकारी नहीं थी। इस पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाली घटना यह रही कि यांग से जो डिवाइस जब्त किया गया, उसमें प्रिंस एंड्रयू के एक सलाहकार का संदेश भी पाया गया। इसमें लिखा था, आपके मार्गदर्शन से हमें विंडसर के अंदर-बाहर बिना पकड़ में आए प्रासंगिक लोगों तक पहुंचने का रास्ता मिल गया है। इसी घटना ने दुनियाभर में सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े कर दिए हैं कि आखिर कैसे चीन का एक कथित जासूस राजपरिवार तक पहुंच बनाने में सफल रहा है। चीन के इस विभाग को सिर्फ यूनाइटेड फ्रंट के नाम से भी जाना जाता है। यह कम्युनिस्ट गठबंधन का समावेशी रूप रहा है। चीन में दशकों तक चले गृह युद्ध में कम्युनिस्ट पार्टी की जीत के पीछे इस यूनाइटेड फ्रंट की अहम भूमिका रही थी। इसीलिए कम्युनिस्ट चीन के सर्वोच्च नेता माओ जेदॉन्ग ने इसे जादुई हथियार करार दिया था। 1949 में गृह युद्ध खत्म होने के साथ जब कम्युनिस्ट पार्टी का शासन शुरू हुआ तब यूनाइटेड फ्रंट की गतिविधियां कई क्षेत्रों में बंट गईं।

# नेपाली सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बिबेक पंगेनी की मौत

## कैंसर की लड़ाई में हर कदम पर साथ रहीं पत्नी श्रीजना

काठमांडू, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। सोशल मीडिया पर जो लोग एक्टिव रहते हैं उन्होंने नेपाली कपल बिबेक पंगेनी और उनकी पत्नी श्रीजना सुबेदी के बारे में पता होगा। नेपाल के इस इन्फ्लुएंसर कपल को लेकर अब एक दुखद खबर सामने आई है। बिबेक पंगेनी ने कथित तौर पर गुरुवार को अंतिम सांस ली। ऐसा कहा जा रहा है कि वह कैंसर से जंग हार गए। सोशल मीडिया पर लोग श्रीजना के समर्पण को देखकर भावुक हो रहे हैं। क्योंकि कैंसर के दौरान भी उन्होंने अपने जीवनसाथी का साथ नहीं छोड़ा।

सोशल मीडिया पर चर्चाओं के अनुसार, बिबेक का निधन अमेरिका में हुआ है। हालांकि अभी तक इसकी कोई भी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन इस खबर




के सामने आने के बाद लोगों ने श्रीजना के सोशल मीडिया पोस्ट पर दुख जताते हुए कमेंट करना शुरू कर दिया। इसके अलावा श्रीजना उनकी बीमारी में साथ रहीं, इसकी भी लोग तारीफ कर रहे हैं। श्रीजना अपने पति के बीमारी से जुड़े पोस्ट लगातार करती थीं। लेकिन पिछले कुछ दिनों से उन्होंने कोई खबर साझा नहीं की है। बिबेक जॉर्जिया यूनिवर्सिटी में भौतिकी और खगोल विज्ञान में पीएचडी छात्र थे। 2022 में उन्हें तीसरे स्टेज के ब्रेन कैंसर (ग्लिओमा) का पता चला। बीमारी से लंबी लड़ाई के बाद गुरुवार को बिबेक ने आखिरकार दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके इस सफर में श्रीजना हर समय उनके साथ ढाल बनकर खड़ी रहीं। घर से लेकर अस्पताल तक वह उन्हें सपोर्ट करती थीं। लोगों का कहना है कि ऐसे समय में जब लोग छोटी-छोटी बातों पर तलाक ले लेते हैं, ऐसे में श्रीजना एक आदर्श हैं।

यूएस नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट के अनुसार ग्लियोमा ट्यूमर का एक समूह है जो मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी में ग्लियाल कोशिकाओं में विकसित होता है।



# पीएम मोदी से मिले बीएपी सांसद रोत

## आदिवासी विकास को लेकर चर्चा, भील प्रदेश बनाने और बिरसा मुंडा को भारत रत्न दिलाने की मांग

डूंगरपुर, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत आदिवासी पार्टी से बांसवाड़ा-डूंगरपुर के सांसद राजकुमार रोत ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों के बीच बांसवाड़ा और डूंगरपुर समेत क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा हुई।



इस दौरान सांसद रोत ने भील प्रदेश बनाने, डूंगरपुर-बांसवाड़ा के लिए पेयजल व सिंचाई परियोजना और बिरसा मुंडा को भारत रत्न दिलाने की मांग रखी। सांसद ने 17 मांगों को लेकर एक पत्र भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सौंपा। प्रधानमंत्री ने उनकी तमाम मांगों पर सकारात्मक विचार करने का भरोसा भी दिलाया। दोनों के बीच करीब 20 मिनट तक चर्चा हुई।

**परियोजना की मंजूरी दिलाने की मांग**

बांसवाड़ा डूंगरपुर से सांसद राजकुमार रोत ने बताया कि बांसवाड़ा-डूंगरपुर में विकास के मुद्दे पर बातचीत को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से समय मांगा गया था। जिस पर बुधवार को नई दिल्ली संसद परिसर में स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में उनसे मुलाकात हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे हाथ मिलाया और उनसे करीब 20 मिनट तक चर्चा की। दोनों के बीच बांसवाड़ा ओर डूंगरपुर समेत क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा हुई। जिसमें खासकर 10 जनवरी 1966 को माही और कडाणा को लेकर राजस्थान ओर गुजरात दोनो राज्यों के बीच समझौता हुआ था। जिसके तहत 77 टीएमसी पानी में से 40 टीएमसी पानी गुजरात के लिए रिजर्व रखा गया। जबकि राजस्थान के लिए 16 टीएमसी पानी भी आज तक नहीं मिला है।

**भील प्रदेश बनाने की मांग**

बांसवाड़ा और डूंगरपुर दोनों ही जिलों को राजस्थान के हक का पानी सिंचाई ओर पेयजल के लिए उपलब्ध करवाया जाए। इसके लिए बड़ी परियोजना की मंजूरी दिलाने की मांग रखी। इसके अलावा राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र ओर मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल क्षेत्रों को मिलकर अलग से भील प्रदेश की मांग रखी है। सांसद राजकुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात में 17 तरह की मांगे रखी गई। प्रधानमंत्री ने सभी बातों को सुनते हुए उनका सकारात्मक रूप से विचार करने का भरोसा दिलाया। वहीं, प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के आदिवासी क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए हर संभव प्रयास रहेगा।

**3 दिन पहले गृहमंत्री से की थी मुलाकात**

सांसद राजकुमार रोत ने 16 दिसम्बर को गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की थी। दोनों के बीच करीब 3 मिनट तक चर्चा हुई थी। जिसमें सांसद ने फौज में सिख ओर जाट रेजिमेंट की तरह आदिवासी रेजिमेंट शुरू करने की मांग रखी थी। इसके अलावा 2020 में नेशनल हाईवे 48 पर हुए कांकरी डूंगरी दंगों के केस वापस लेने के लिए के केंद्र सरकार की मंजूरी देने समेत कई मांगे रखी थी।

## जयपुर की होटल में युवती से गैंगरेप

जयपुर, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। जयपुर की होटल में एक युवती से गैंगरेप का मामला सामने आया है। मिलने के बहाने आए परिचित ने दोस्त के साथ मिलकर उसके साथ रेप किया। अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रेप किया। एयरपोर्ट थाने में पीड़िता ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच एसीपी (मालवीय नगर) आदित्य पूनिया कर रहे हैं।

पुलिस ने बताया कि सोडाला निवासी 27 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। आरोपी मोहम्मद अबरार उसका परिचित है। परिचित होने के कारण अक्सर उनकी बातचीत होती रहती थी। आरोप है कि नवम्बर-2023 में मिलने के बहाने आरोपी ने उसे एयरपोर्ट इलाके स्थित एक होटल में बुलाया।

# डॉ. अंबेडकर पर की गई कथित बयानबाजी के विरोध में गृहमंत्री का पुतला फूंका

## अधिवक्ताओं ने इस्तीफा मांगा

अजमेर, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। अजमेर में अधिवक्ताओं ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर पर गृहमंत्री अमित शाह की कथित टिप्पणी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने अंबेडकर चौराहे पर गृहमंत्री का पुतला जलाकर अमित शाह से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने और इस्तीफे की मांग की गई। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज होगा। अजमेर में कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के अधिवक्ताओं ने गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण से शुरू हुआ। इसके बाद अम्बेडकर चौराहे पर अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए शाह का पुतला जलाया।



अधिवक्ताओं का आरोप है कि संसद में अमित शाह ने डॉ. अंबेडकर पर आपत्तिजनक बयान दिया है, जो कि संविधान निर्माता और भारत रत्न डॉ. अंबेडकर के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाला है। कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के नेता सुनील लारा ने बीजेपी पर संविधान को कमजोर करने और बेचने की साजिश रचने का आरोप लगाया। अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक अमित शाह सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते, तब तक विरोध जारी रहेगा।

अजमेर जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष चंद्रभान सिंह राठौड़ ने इस मामले में कहा कि अमित शाह का बयान डॉ. अंबेडकर के व्यक्तित्व पर लांछन लगाने जैसा है। उन्होंने अमित शाह से इस्तीफे की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि अमित शाह ने माफी नहीं मांगी तो इसे देशव्यापी आंदोलन में बदला जाएगा। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के सदस्य और अन्य अधिवक्ता शामिल रहे।

*एलपीजी टैंकर ब्लास्ट मामला*

# अमित शाह ने राजस्थान के मुख्यमंत्री से फोन पर बात की



जयपुर, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के भांकरोटा में हुए दर्दनाक हादसे को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से फोन पर बात की और हादसे की विस्तृत जानकारी ली। शाह ने इस दुर्घटना में हुए नुकसान पर गहरी चिंता जताई और प्रशासन से तुरंत राहत कार्यों को तेज करने की अपील की। हादसे की जानकारी मिलने के तुरंत बाद सीएम भजनलाल शर्मा ने खुद घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गैस टैंकर में आग लगने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के उपरांत घटनास्थल पर पहुंचकर परिस्थिति का जायजा लिया और राहत एवं बचाव कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों को घटना की गंभीरता के अनुसार तात्कालिक कार्रवाई करने एवं भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिशा-निर्देश प्रदान किए। इसके पहले उन्होंने एक्स पर लिखा था, जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गैस टैंकर में आग लगने की घटना में नागरिकों के हताहत होने का दुखद समाचार सुनकर मन अत्यंत व्यथित है।

*अजमेर रोड हादसे पर डोटासरा बोले*

# घायलों की हालत गंभीर, सरकार हर संभव मदद कर रही है

जयपुर, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। जयपुर के अजमेर रोड पर हुए भीषण आगजनी हादसे को लेकर राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। गौरतलब है कि इस भयानक हादसे में पेट्रोल पंप और कई वाहन आग की चपेट में आ गए और कई लोग गंभीर रूप से झुलस गए।




यह हादसा हमें गहरी पीड़ा पहुंचाता है। जब हम घायलों से मिले, तो उन्होंने बताया कि स्लीपर बस में सो रहे यात्रियों को जागने का भी मौका नहीं मिला। आग इतनी तेजी से फैली कि वे संभल नहीं सके। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि सभी घायल जल्द से जल्द स्वस्थ हो जाएं। साथ ही उन्होंने बताया कि डॉक्टर घायलों के इलाज में पूरी तत्परता से लगे हुए हैं। डोटासरा ने इस घटना को एक गंभीर चेतावनी बताते हुए कहा कि सरकारों को चाहिए कि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए पहले से ही उचित व्यवस्था करें। यह एक बड़ी घटना है, जिससे हमें सबक लेना चाहिए। उन्होंने हादसे के जांच के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति गठित करने और ठोस कदम उठाने पर जोर दिया ताकि भविष्य में ऐसे हादसे न हो सकें।

उन्होंने इस कठिन समय में एकजुटता की अपील करते हुए कहा, जहां भी जरूरत होगी, कांग्रेस पार्टी सरकार और प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने घायलों के इलाज और राहत कार्यों में सरकार की तत्परता की सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी प्रभावितों को हरसंभव सहायता दी जाएगी।

हादसे में जान गंवाने वालों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और उनके परिजनों को इस कठिन समय में हिम्मत दें। डोटासरा ने इस घटना पर किसी भी राजनीतिक टिप्पणी से बचते हुए इसे प्रशासन और जनता के लिए एक जिम्मेदारी का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से सबक लेना और भविष्य में इन्हें रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाना ही प्राथमिकता होनी चाहिए।

# एलपीजी टैंकर ब्लास्ट में इस कदर जला एक शव

## प्लास्टिक की पोटली में समेटकर लाया गया

जयपुर, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। जयपुर-अजमेर रोड के भीषण हादसे में मृत लोगों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं. एलपीजी और सीएनजी ट्रक की भिड़ंत के बाद हुए अग्निकांड में अब तक 8 लोगों की मौत हो चुकी है. इनमें से एक शव इस कदर जल गया कि उसको प्लास्टिक की पोटली में लाया गया. बताया जा रहा है कि यह ट्रक चालक का शव है जो बुरी तरह जल गया. हालांकि, उसकी शिनाख्त नहीं हुई है। दरअसल, राजस्थान के जयपुर-अजमेर राजमार्ग पर शुक्रवार सुबह सुबह एलपीजी से भरा एक ट्रक अन्य ट्रकों से टकरा गया, जिससे उसमें ब्लास्ट के बाद आग लग गई और आग ने अन्य वाहनों को भी अपनी चपेट में ले लिया. भांकरोटा थाना के प्रभारी मनीष गुप्ता ने बताया, आग ने कई ट्रकों को अपनी चपेट में ले लिया. ट्रकों की संख्या अभी स्पष्ट नहीं है. झुलसे लोगों को एंबुलेंस के जरिए अस्पताल ले जाया गया है। इस हादसे में खबर लिखे जाने तक 8 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है. 40 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं.



# इंस्टाग्राम पर ज्यादा स्टोरी डालता है इसलिए 5-7 बार घोंप दिए चाक़ू

## > राजस्थान से आया क्राइम का अजीबों-गरीब मामला

बारां, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। बारां के सीसवाली कस्बे में एक युवक को किसी ने सोशल मीडिया पर मैसेज कर के बुलाया और चाकू का वार कर घायल कर दिया। यह घटना गुरुवार की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार खाड़ी नदी के पास स्थित हनुमानजी की टेक के नीचे मोबाइल पर इंस्टाग्राम पर मैसेज भेजाकर अज्ञात ने युवक को चाकूबाजी कर घायल कर दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर प्राथमिक उपचार कर युवक को कोटा रेफर दिया। वहां उसका उपचार चल रहा है।

सहायक थाना अधिकारी तुलसीराम पंकज ने बताया कि घायल युवक के पीठ पर पांच व पेट पर दो घाव लगे हैं। सिर पर भी चोट का निशान है। अंकुश पोटर 19 निवासी सीसवाली ने बताया कि उसके मोबाइल की इंस्टाग्राम आईडी पर सिंह मुसेवाल के नाम की आईडी से मैसेज आया कि और मुझे निचले मोहल्ले की तरफ आने को कहा। मैं अपनी मोटरसाइकिल से निचले मोहल्ले की तरफ गया। वहां मुझे एक लड़का मिला, जिसने सफेद शर्ट पहन रखी थी। मुझे देख वह एक मकान में गया और वहां से लकड़ी लेकर मेरी तरफ आने लगा। यह देखकर वहां से जाने लगा उसने मुझे रोककर लकडी से सिर पर वार किया और जेब से चाकू निकाल कर पीठ व पेट पर करीब 5-7 चाकू मारे। उसने भागते हुए कहा कि तू ज्यादा इंस्टाग्राम पर स्टेट्स लगाता है न। उसी कारण तेरा हाल यह हुआ है। इतना कहकर आरोपी भाग गया। मैंने यह बात मेरे भाई दीपक को फोन कर बताई। इसके बाद मोहल्ले के लोग मुझे अस्पताल लेकर आए। पुलिस ने धारा 307 में मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। सहायक थाना अधिकारी तुलसीराम पंकज ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**आंदोलन की चेतावनी**

कस्बे मे हुई चाकूबाजी की घटना को लेकर प्रजापति समाज के लोगों में भारी आक्रोश है। श्रीनारायण दास सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने थाने पहुंचकर जिला कलक्टर के नाम सोजीलाल मीणा वृताधिकारी वृत अन्ता को ज्ञापन दिया।

# आरएएस मेन्स-2023 का रिजल्ट अगले सप्ताह!

अजमेर, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। आरपीएससी (राजस्थान लोक सेवा आयोग) की ओर से आरएएस मेंस-2023 का रिजल्ट इसी महीने एक सप्ताह बाद जारी किया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार एग्जाम की कॉपी चेकिंग का काम पूरा हो गया है। वर्तमान में री-चेकिंग की जा रही है, हालांकि परिणाम घोषित करने की आयोग ने अधिकृत घोषणा नहीं की है। आरपीएससी की ओर से 5 जिला मुख्यालयों के 71 परीक्षा केंद्रों पर 20 और 21 जुलाई को 5 जिला मुख्यालयों के 71 एग्जाम सेंटर पर आरएएस मेन्स-2023(राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी) का आयोजन किया गया था। 19 हजार 355 कैंडिडेट्स में से 16 हजार 405 एग्जाम में शामिल हुए थे।

वहीं 2950 अनुपस्थित रहे। उपस्थिति 84.76 प्रतिशत रही। अब कैंडिडेट्स को रिजल्ट का इंतजार है। रिजल्ट आने के बाद इंटरव्यू होगा। इंटरव्यू के बाद फाइनल रिजल्ट घोषित करेगा। इस पूरे प्रोसेस में करीब 6 महीने का समय लगने की उम्मीद है। बता दें कि आरएएस के 907 पदों पर भर्ती के लिए 28 जून 2023 को विज्ञापन जारी किया गया था। बाद में इसके पदों की संख्या बढ़ाकर 972 कर दी गई थी।

# भू-जल गिरावट वाले टॉप 3 राज्यों में आया राजस्थान

## केंद्रीय भूमि जल बोर्ड की ताजा रिपोर्ट जानकर उड़ जाएंगे होश

जयपुर, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। पिछले कुछ वर्षों में हुई अच्छी बारिश के बाद देश में भूजल स्तर में सुधार देखा गया है। इसके उलट राजस्थान में पाताल में पानी पैंदे बैठ रहा है। केंद्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) की ताजा रिपोर्ट प्रदेश में भू-जल के अत्यधिक दोहन को लेकर अलार्म बजा रही है। देश में विश्लेषित किए गए कुओं में से 51.70 फीसदी कुओं में भूजल स्तर में वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं राजस्थान में 66 प्रतिशत से ज्यादा कुओं में गिरावट आई है। चिंताजनक बात यह है कि इनमें से 21 प्रतिशत कुओं में जल स्तर चार मीटर से ज्यादा गिरा है। वहीं प्रदेश में महज 33.60 प्रतिशत कुओं में ही भूजल बढ़ा है। देश में भूजल स्तर में सबसे ज्यादा गिरावट अरुणाचल प्रदेश में दर्ज की गई है। वहां रेकॉर्ड 80.95 फीसदी कुओं में पानी उतरा है। वहीं आंध्रप्रदेश में 77.92 प्रतिशत कुओं में भूजल स्तर गिरा है। भूजल स्तर गिरावट में राजस्थान तीसरे पायदान पर आ गया है। वहीं राजधानी दिल्ली में 74.14, केरल 74.08 और तमिलनाडु में 72.63 फीसदी कुओं में जल स्तर ऊपर आया है। रिपोर्ट के अनुसार, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा के अधिकांश कुओं में भूजल स्तर में गिरावट दर्ज की गई है। पंजाब में महज 34.66 और हरियाणा में 44.54 प्रतिशत कुओं में ही भूजल स्तर में बढ़ोतरी हुई है।



# जेल कर्मी ने अपने साथी पर की फायरिंग

झालावाड़, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। झालावाड़ में खाना खाने के दौरान हुई विवाद को लेकर जेल कर्मी पर उसी के साथी ने फायरिंग कर दी। फायरिंग में जेल कर्मी गोली लगने से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में भर्ती घायल जेल कर्मी अशोक ने बताया कि उसके ही साथी कॉन्स्टेबल राम सिंह मीणा ने राइफल से फायरिंग कर दी। इस दौरान 7 से 8 फायर किए। फायरिंग में उसके एक हाथ पर गोली आर-पार हो गई। इसकी जानकारी मिलने पर उसे झालावाड़ अस्पताल लेकर आए। यहां इलाज चल रहा है। घायल जेल कर्मी अशोक ने बताया कि उसने मौके से भागकर जान बचाई। अगर वह मौके से भागकर जान नहीं बचाता तो जनहानि हो सकती थी। कोतवाली थाने की सीआई चंद्र ज्योति शर्मा ने बताया कि आरोपी जेल कर्मी ने खाने खाने के दौरान हुई मामूली विवाद को लेकर अपने साथी पर गोली चला दी। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# पेपरलेस राजस्थान विधानसभा : ई-विधान की पहल

## हर सदस्य की टेबल पर लगेंगे टैबलेट

जयपुर। राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल की यात्रा को लेकर गर्व और संतोष व्यक्त किया, जिसमें कई महत्वपूर्ण नवाचारों को लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा की संसदीय परंपराओं में बदलाव लाने में राज्य सरकार का सहयोग महत्वपूर्ण रहा है, और उन्होंने मीडिया के सभी प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने इस यात्रा में मदद की। विधानसभा में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में देवनानी ने आगामी वर्ष में विधानसभा के नये रूप को लेकर भी जानकारी दी, जिसमें गुलाबी नगर की इस ऐतिहासिक विधानसभा का सदन नया कलेवर अपनाएगा। डिजिटल युग की ओर बढ़ते हुए, विधानसभा में हर सदस्य की सीट पर टैबलेट लगाए जाएंगे,

# 4 भाइयों के परिवार का 6 साल से बहिष्कार

## > पानी भरने से लेकर कपड़े सिलवाने तक रोक > घर आए रिश्तेदारों पर लगाया जुर्माना

टोंक, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। टोंक तहसील क्षेत्र के सोलंगपुरा में माली समाज के चार भाइयों के परिवार ने जिला प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। पंच पटेलों ने इस परिवार को पिछले छह साल से समाज से बाहर कर रखा है। थाने में सुलह होने पर भी बात नहीं बनी। परेशान होकर जिला प्रशासन से लगातार दूसरे साल न्याय की गुहार लगाई है। जिला कलेक्टर सौम्या झा ने एसडीएम से जांच कर तीन दिन में रिपोर्ट मांगी है। वहीं पंच पटेलों का कहना है कि उन पर आरोप निराधार हैं। वे भी कलेक्टर से मिलकर अपनी बात रखेंगे।



पीड़ा झेल रहे पीड़ित परिवार ने गुरुवार को जनसुनवाई में कलेक्टर सौम्या झा को ज्ञापन देकर बताया कि गांव के पंच पटेलों ने छह साल पहले धार्मिक मामले को लेकर समाज से बाहर कर दिया। टोंक तहसील क्षेत्र के सोलंगपुरा के रहने वाले पीड़ित परिवार का कहना है कि सार्वजनिक ट्यूबवैल आदि जलस्रोतों से पानी भरने से लेकर गांव में कपड़े सिलाने तक की पाबंदियां लगा रखी हैं। बच्चों को उनके बच्चों के साथ खेलने तक नहीं देते हैं। पीड़ित परिवार के बनवारी लाल सैनी ने बताया कि 22 नवंबर को मेरी भतीजी की शादी हुई थी। इसमें हमारे कुछ रिश्तेदार आए थे। इसके बाद समाज के पंच पटेलों ने 9 दिसंबर को समाज की बैठक कर भतीजी की शादी में आए हमारे रिश्तेदारों के जुर्माना लगा दिया।

एक रिश्तेदार से तो 5100 रुपये का जुर्माना भी वसूला है। पीड़ित परिवार के बनवारी लाल सैनी ने बताया मेरे गांव में माताजी का स्थान है। उसके पास जिंद बाबा का निर्माण कराया गया था। उस स्थान की सेवा पूजा हमारा परिवार करता था। करीब छह साल पहले मंदिर में यात्रियों की सुविधा को देखते हुए एक यात्री द्वारा टिन शेड लगाये जा रहे थे, कुछ पंच पटेलों ने उसे तोड़ने के लिए कहा, लेकिन हमारे परिवार ने मना कर दिया। उसके बाद पंच पटेलों ने मेरे परिवार को समाज से बाहर कर दिया।

पीड़ित बनवारी सैनी ने बताया कि समाज से बाहर करने में पूरे समाज के लोग नहीं थे। गांव के परशुराम, तेजमल, शिवराज, हरजी आदि दबंग लोगों ने अन्य समाज के लोगों पर दबाव बनाकर हमें जाति बाहर कर दिया। इसको लेकर पीड़ित परिवार ने थाने में रिपोर्ट दी, लेकिन आरोपियों ने माफीनामा देकर आगे से कोई भेदभाव नहीं करने की बात कही, लेकिन पीड़ित परिवार को अभी भी समाज से अलग कर रखा है।

# मारपीट व छेड़छाड़ का वांटेड गिरफ्तार

बाड़मेर, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। बालोतरा जिले की गिड़ा पुलिस ने मारपीट व छेड़छाड़ के आरोपी को गिरफ्तार किया है। वांटेड बीते 6 माह से फरारी काट रहा था। आरोपी गिड़ा थाने के टॉप-10 आरोपियों में शामिल है। पुलिस ने पूछताछ के बाद उसे कोर्ट में पेश किया वहां उसे उसे जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार पीड़िता ने गिड़ा थाने में 7 जुन को आंबाराम उर्फ चंपालाल पुत्र अचलाराम ने मारपीट व छेड़छाड़ की रिपोर्ट दी थी। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। वहीं पीड़िता के बयान दर्ज किए गए। वारदात के बाद से आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने पकड़ने के लिए संभावित ठिकानों पर दबिशें दी गई।गिड़ा थानाधिकारी देवाराम ने बताया-एसपी कुंदन कंवरिया के निर्देश में आरोपियों की धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा हे। इसको लेकर थाना स्तर पर टीम बनाकर आरोपी की तलाश शुरू की। इस दौरान तकनीकी और सूचना के आधार पर आरोपपी आंबाराम उर्फ चंपालाल पुत्र अचलाराम निवासी कानोड़ गिड़ा को डिटेन किया गया। पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार किया गया।

# बदमाशों ने 3 युवकों पर की फायरिंग, 1 की मौत

टोंक, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। टोंक जिले में पंजाब से आए बदमाशों ने देवली के 3 युवकों पर फायरिंग कर दी। गोली लगने से 1 युवक की मौत हो गई। जिसे बदमाश कार में डालकर अपने साथ ले गए और देवली से 45 किलोमीटर दूर सुनसान इलाके में कार में लाश छोड़कर फरार हो गए। वहीं फायरिंग में दूसरे युवक के भी कंधे से छू कर गोली निकल गई। साथ ही तीसरा साथी किसी तरह से जान बचाकर मौके से भाग निकला। घटना गुरुवार रात 7.30 बजे जयपुर रोड स्थित सिद्धार्थ होटल के पास की है। सूचना के बाद एसपी विकास सांगवान रात करीब 11:30 बजे देवली पहुंचे। जहां पर घटना का सीन रिक्रिएट करते समय एसपी ने देवली बस स्टैंड के बाहर मिठाई की दुकान के पास कार में बैठे पीड़ित बीरू कंजर से मामले की जानकारी ली।

# गुकेश को कार्लसन की चुनौती मंजूर

> मौका मिला तो परख लूंगा > कार्लसन ने कहा था-वर्ल्ड चैंपियनशिप में मुझे हराने वाला कोई नहीं



चेन्नई, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। वर्ल्ड चेस चैंपियन भारत के डी गुकेश (18) ने कहा कि वे 5 बार के वर्ल्ड चैंपियन मैग्नस कार्लसन से किसी भी टूर्नामेंट में खेलने के लिए तैयार हैं। गुकेश ने चीन के डिंग लिरेन को 12 दिसंबर को वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप फाइनल में 7.5-6.5 से हराया था। इतनी कम उम्र में खिताब जीतने वाले गुकेश दुनिया के पहले प्लेयर हैं। इससे पहले 1985 में रूस के गैरी कैस्परोव ने 22 साल की उम्र में यह खिताब जीता था। दरअसल, गुकेश के चैंपियन बनने के बाद कार्लसन ने कहा था, 'मैं वर्ल्ड चैंपियनशिप में नहीं खेलता। वहां मुझे हराने वाला कोई नहीं है।'

गुकेश और कालर्सन अगले साल (2025) नॉर्वे चैंपियनशिप में 26 मई से 6 जून 2025 के बीच पहली बार एक-दूसरे के सामने होंगे। गुकेश ने कहा कि कार्लसन सर्वश्रेष्ठ हैं, मौका मिला तो उनके सामने बिसात पर खुद को परख लूंगा।

एक चाल कैसे गेम बिगाड़ सकती है, वो ऐसे समझें कि जब लिरेन ने आरएफ2 खेला तो मैं हैरान था, क्योंकि इसकी उम्मीद नहीं थी। फिर खुद को संभालने के लिए मैंने एक घूंट पानी पिया। सांस ली और खुद को शांत किया। फिर ध्यान से चेसबोर्ड देखा कि कहीं कोई गलती तो नहीं हो रही। इसके बाद मैच जीतने वाली चालों को दिमाग में सेट किया। थोड़ी देर में मुझे लगा कि अब खेल खत्म करने का समय आ गया है।

मैं उन्हें कैसे भूल सकता हूं। वो ही दिन थे, जिन्होंने मुझे चेसबोर्ड से नजर नहीं हटाने दी। जब भी नजर हटाने की कोशिश करता, माता-पिता के संघर्ष के पल याद आ जाते। एक वक्त उम्मीदों के बहुत ज्यादा दबाव ने मेरे खेल पर भी असर डाला। वो 2023 की शुरुआत के दिन थे। इसलिए मैंने तय किया है कि बस सीखते रहना है, खुद में सुधार करना है। इसी लाइन पर आगे बढ़ा और घर के सपोर्ट से दबाव से बाहर आया। कभी-कभी उम्मीदों का दबाव आपका लक्ष्य बदल सकता है, इसलिए सही समय पर इससे बाहर आना ही ठीक है।

मेरी कोशिश खेल को और बेहतर बनाने की है। जिस मुकाम पर हूं, वो जीवन का एक चरण था। अगला टास्क खुद को उस स्तर पर बनाए रखने का है, जो अब तक करियर में आई चुनौतियों से भी कठिन है। मुझे याद है कि 2015 में एशियन स्कूल शतरंज चैंपियनशिप में अंडर-9 कैटेगरी में पहली बार जीता था। इसके बाद से ही मैंने ट्रेनिंग को और जटिल किया। माता-पिता ने हर पल इस बात का ध्यान रखा कि मेरा फोकस किसी भी वजह से डायवर्ट न हो। पांच साल पहले मैं, अर्जुन, प्रागननंदा और निहाल ग्रैंडमास्टर बनने वाले थे। हर कोई एक-दूसरे से आगे बढ़ने की कोशिश में था, लेकिन हम सभी शीर्ष पर पहुंच गए।



# भारत अंडर-19 महिला एशिया कप के फाइनल में



aकुआलालंपुर, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। बाएं हाथ की स्पिनर आयुषी शुक्ला ने शानदार चार विकेट लेकर भारत को शुक्रवार को बेयूमास क्रिकेट ओवल में श्रीलंका पर चार विकेट से जीत के साथ अंडर-19 महिला एशिया कप के फाइनल में पहुंचा दिया। भारत की पिछली सुपर फोर जीत में बांग्लादेश पर तीन विकेट लेने वाली आयुषी ने 4-10 के आंकड़े हासिल किए और श्रीलंका को 20 ओवरों में 98/9 पर सीमित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उन्हें साथी बाएं हाथ की स्पिनर परुनिका सिसोदिया का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने दो विकेट लिए, जबकि शबनम शकील और द्रिथी केसरी ने एक-एक विकेट लिया, क्योंकि मनुदी नानायकारा के 33 रन को छोड़कर, श्रीलंका की कोई भी बल्लेबाज 25 रन तक नहीं पहुंच पाई। पीछा करते हुए, ईश्वरी अवसारे और सानिका चालके को जल्दी खोने के बावजूद, जी त्रिशा और जी कमलिनी ने सुनिश्चित किया कि भारत 99 रन का पीछा करने की कोशिश में पटरी पर रहे। 2023 महिला अंडर 19 टी 20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम की सदस्य त्रिशा ने 24 गेंदों में 32 रन बनाए और जी कमलिनी के साथ 63 रन की साझेदारी की, जिन्होंने 26 गेंदों में 28 रन बनाए।

लेकिन श्रीलंका ने मैच में वापसी की क्योंकि चामुदी मुनासिंघे ने त्रिशा को आउट किया, जबकि शशिनी गिम्हानी ने कमलिनी को आउट किया। कप्तान निकी प्रसाद और विकेटकीपर भाविका अहिरे के सस्ते में आउट होने से भारत की गिरावट जारी रही। लेकिन शांत और संयमित मिथिला विनोद ने चार चौके लगाए, जिसमें विजयी रन भी शामिल थे, और 12 गेंदों पर 17 रन बनाकर नाबाद रहीं और भारत ने 14.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। आयुषी को उनके चार विकेट के लिए अंततः प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

भारत अब रविवार को बयूमास क्रिकेट ओवल में होने वाले टूर्नामेंट के उद्घाटन संस्करण के खिताबी मुकाबले में बांग्लादेश-नेपाल सुपर फोर गेम के विजेता से भिड़ेगा।

# बीजीटी 2024-आखिरी 2 टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई स्क्वॉड का ऐलान

## मैकस्वीनी-हेजलवुड बाहर, कोंस्टास को पहली बार मौका-रिचड्र्सन की वापसी

स्पोर्ट्स डेस्क, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी 2 टेस्ट मैचों के लिए टीम का ऐलान कर दिया है। इसमें 2 बड़े बदलाव किए गए हैं। पहले तीन टेस्ट में उस्मान ख्वाजा के साथ ओपनिंग करने वाले नाथन मैकस्वीनी को चयनकर्ताओं ने स्क्वॉड से बाहर कर दिया है, जबकि 19 साल के ओपनर सैम कोंस्टास को पहली बार टीम में शामिल किया गया है।

वहीं, चोट से जूझ रहे जोश हेजलवुड को भी टीम में जगह नहीं मिली है। इसके अलावा तीन साल के बाद तेज गेंदबाज झाय रिचड्र्सन की वापसी हुई है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज का चौथा टेस्ट मैच 26 दिसंबर से मेलबर्न में खेला जाएगा, वहीं आखिरी और पांचवां मुकाबला 3 जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा।




**सैम कोंस्टास को पहली बार मौका**

भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई प्राइम मिनिस्टर इलेवन टीम से खेलने वाले 19 साल के ओपनिंग बल्लेबाज सैम कोंस्टास को पहली बार मौका मिला है। कोंस्टास ने उस पिंक बॉल प्रैक्टिस मैच में शतकीय पारी खेली थी। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था।

**रिचड्र्सन को तीन साल बाद मौका**

रिचड्र्सन को तीन साल के बाद टेस्ट टीम में मौका मिला है। रिचड्र्सन ने अपना आखिरी टेस्ट मुकाबला दिसंबर, 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ हुई एशेज सीरीज में एडिलेड के मैदान पर खेला था।

# अश्विन ने थलपति विजय स्टाइल में सुंदर को बैटन सौंपी

नई दिल्ली, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद रविचंद्रन अश्विन को मिल रही ढेरों शुभकामनाओं के बीच, उन्होंने साथी ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को इस तरह से शुभकामनाएं दीं, जो भारतीय क्रिकेट में बैटन पास करने जैसा लग रहा था। गाबा में ड्रॉ पर समाप्त हुए तीसरे टेस्ट के बाद अश्विन द्वारा संन्यास की घोषणा करने के तुरंत बाद, सुंदर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर उन्हें नमन करते हुए कहा, सिर्फ एक टीम के साथी से कहीं ज़्यादा, आप एक प्रेरणा रहे हैं, ऐशअन्ना। आपके साथ मैदान और ड्रेसिंग रूम साझा करना सम्मान की बात है।

तमिलनाडु के एक ही राज्य से होने के कारण, मैं आपको चेपॉक के नज़दीकी कोनों से खेलते हुए और आपके साथ खेलते हुए देखकर बड़ा हुआ हूं। हर पल एक विशेषाधिकार रहा है। मैदान पर और मैदान के बाहर, दोनों जगह से मिली सीख कुछ ऐसी है जिसे मैं हमेशा अपने साथ रखूंगा। आपको आगे जो भी मिले उसमें सफलता और खुशी की कामना करता हूं।"



जवाब में अश्विन ने शुक्रवार को अपने एक्स अकाउंट से लिखा, 'थुप्पाकिया पुडिंगा वाशी!' "उस रात गेट-टुगेदर में आप जो 2 मिनट बोले, वो सबसे बेहतरीन थे।" अश्विन ने सुंदर से जो पहली लाइन कही, वो तमिल सुपरस्टार विजय की हालिया फिल्म ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम का एक मशहूर डायलॉग है, जिसे अभिनेता शिवकार्तिकेयन के साथ उनके एक सीन में इस्तेमाल किया गया था। अश्विन के बाद के दौर में भारत के लिए स्पिन-गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालने के लिए सभी विकल्पों में से, उनके साथी चेन्नई निवासी सुंदर ही उनके लिए सबसे उपयुक्त विकल्प प्रतीत होते हैं। यह कोई रहस्य नहीं है कि वर्तमान भारतीय कोचिंग सेटअप के लिए सुंदर स्पिन-गेंदबाजी के लिए पसंदीदा विकल्प हैं। इसका एक उदाहरण पर्थ में पहले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट के लिए अश्विन और रवींद्र जडेजा से आगे सुंदर को चुना जाना है, और उन्होंने दूसरी पारी में दो विकेट लिए, जबकि बल्ले से चार और 29 रन बनाए, जिससे भारत 295 रनों से जीत गया।

# रियाल मैड्रिड ने इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीता

> कोच कार्लो एंसेलोटी ने बनाया रिकॉर्ड



लुसैल (कतर), 20 दिसंबर (एजेंसियां)। रियल मैड्रिड ने मैक्सिको की टीम पचुका को 3a-0 से हराकर इंटरकांटिनेंटल कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। इससे कार्लो एंसेलोटी क्लब के इतिहास में सर्वाधिक ट्राफियां जीतने वाले कोच बन गए। रियल मैड्रिड ने एंसेलोटी के कोच रहते हुए अपना 15वां खिताब जीता। एंसेलोटी ने इस तरह से मिगुएल मुनोज़ को पीछे छोड़ा जिन्होंने 1960 और 70 के दशक में स्पेन के इस क्लब का कोच रहते हुए 14 खिताब जीते थे। एंसेलोटी ने मैच के बाद कहा, 'मैं इस जीत से बहुत खुश हूं। हमारी शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही लेकिन हमने अच्छा अंत किया।' किलियन एम्बाप्पे, रोड्रिगो और विनीसियस जूनियर ने एक-एक गोल किया जिससे रियाल मैड्रिड चार खिताबों के साथ प्रतियोगिता में सबसे सफल क्लब बन गया। इससे पहले उसने 1960, 1998 और 2002 में भी यह टूर्नामेंट जीता था।

आर्सेनल, न्यूकैसल और लिवरपूल ने बुधवार को अपने-अपने मैच जीतकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। गेब्रियल जीसस की हैट्रिक की मदद से आर्सेनल ने क्रिस्टल पैलेस को 3-2 से हराकर 2021-22 सत्र के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट के अंतिम चार में प्रवेश किया। लिवरपूल ने साउथेम्प्टन को 2-1 से पराजित करके खिताब का बचाव करने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। उसकी तरफ से पहले हाफ में डार्विन नुनेज़ और हार्वे इलियट ने गोल किए।

न्यूकैसल ने इटली के मिडफील्डर सैंड्रो टोनाली के पहले हाफ के दो गोल की बदौलत ब्रेंटफोर्ड को 3-1 से हराया और तीन सत्र में दूसरी बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वह 2023 में लीग कप फाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड से हार गया। एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैनचेस्टर यूनाइटेड और टोटेनहम के बीच खेला जाएगा।

# विजय हजारे ट्रॉफी के लिए यूपी के कप्तान बने रिंकू सिंह

लखनऊ, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। रिंकू सिंह को 21 दिसंबर से शुरू होने वाले विजय हज़ारे ट्रॉफ़ी टूर्नामेंट के लिए उत्तर प्रदेश की टीम का कप्तान बनाया गया है। उन्होंने भुवनेश्वर कुमार की जगह ली है, जिन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफ़ी में टीम की कप्तानी की थी। ऐसा पहली बार होगा कि रिंकू सीनियर स्तर पर राज्य की किसी टीम की कप्तानी करेंगे। इससे पहले उन्होंने मेरठ मैवरिक्स को यूपी टी20 लीग का ख़िताब जिताया था।

रिंकू ने अपनी कप्तानी पर ख़ुशी जाहिर करते हुए कहा ₹यूपी टी20 लीग में नेतृत्व करना मेरे लिए बड़ा मौक़ा था। इससे मुझे काफ़ी कुछ सीखने को मिला। मैंने यूपी टी20 लीग में गेंदबाज़ी (ऑफ़ स्पिन) भी आज़माई। मौजूदा समय का क्रिकेट एक संपूर्ण खिलाड़ी की मांग करता है - एक ऐसा क्रिकेटर जो बल्लेबाज़ी, गेंदबाज़ी और फ़ील्डिंग तीनों कर सके। अब मैं अपनी गेंदबाज़ी पर भी ध्यान दे रहा हूं। उत्तर प्रदेश के कप्तान के तौर पर मेरी ज़िम्मेदारी बढ़ गई है और मैं इसके लिए पूरी तरह तैयार हूं। रिंकू को ऐसे समय में कप्तानी का प्रभार मिला है, जब उनकी आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स, आईपीएल 2025 सीज़न के लिए



कप्तान चुनने पर विचार कर रही है। हालांकि रिंकू ने कहा कि उनका ध्यान फ़िलहाल उत्तर प्रदेश की टीम को विजय हजारे ट्रॉफी जिताने पर है। उन्होंने कहा, मैं नए आईपीएल सीज़न में केकेआर की कप्तानी के बारे में ज़्यादा नहीं सोच रहा हूं। मैं अपनी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं ताकि उत्तर प्रदेश की टीम उस ट्रॉफ़ी को फिर से जीत सके, जो हमने पहली बार 2015-16 में जीती थी। यह टूर्नामेंट चयनकर्ताओं को फ़रवरी में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफ़ी के लिए भारत की वनडे टीम तय करने में मदद करेगा। रिंकू इस साल विश्व कप के बाद से टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में नियमित रूप से भारतीय टीम के सदस्य हैं। उन्होंने अब तक सिर्फ़ दो वनडे मैच खेले हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में ठीक एक साल पहले अपना वनडे डेब्यू किया था।

# बद्रीनाथ ने अश्विन के रिटायरमेंट पर खोला बड़ा राज

## कहा 'उनके साथ अच्छा व्यवहार नहीं हो रहा था

नई दिल्ली, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेली जा रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के बीच में रविचंद्रन अश्विन ने संन्यास लेने का फैसला कर हर किसी को हैरान कर दिया है। दिग्गज भारतीय स्पिनर के अचानक लिए गए इस निर्णय ने जहां सोशल मीडिया पर तमाम तरह की चर्चाओं को बल मिला है, वहीं अब इसको लेकर चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व बल्लेबाज एस बद्रीनाथ ने भी बड़ा राज खोला है। सुब्रमण्यम बद्रीनाथ ने एक स्पोर्ट्स चैनल से बातचीत में कहा कि मैं स्तब्ध हूं। मुझे लगता है, ईमानदारी से कहूं तो उनके साथ उचित व्यवहार नहीं किया गया। रोहित शर्मा ने कहा कि वह पर्थ टेस्ट मैच के बाद संन्यास चाहते थे। वह तब संन्यास चाहते थे, जब वाशिंगटन सुंदर को उनसे पहले खिलाया गया था। यह आपको बताता है कि वह खुश नहीं थे।

ईमानदारी से कहूं तो मैं कुछ कह रहा हूं। यह तमिलनाडु के एक क्रिकेट के लिए बहुत बड़ी बात है। बद्रीनाथ ने यहां तक दावा किया कि अश्विन को 'साइडलाइन' करने की कोशिश की गई। कल्पना कीजिए कि उस पर क्या गुजरी होगी। मैं जानता हूं कि उसे काफी चीजों का सामना करना पड़ा है, लेकिन उन्होंने वापसी करना जारी रखा।

# पाकिस्तान ने साउथ अफ्रीका को 81 रन से हराया

नई दिल्ली, 20 दिसंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने 3 मैचों की वनडे सीरीज के दूसरे मैच में साउथ अफ्रीका को 81 रन से हराया। पाकिस्तान ने तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बनाने के साथ ही सीरीज पर भी कब्जा जमा लिया है। केप टाउन में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने पहले खेलते हुए 49.5 ओवर में 329 रन बनाए, लेकिन इसके जवाब में मेजबान साउथ अफ्रीका 43.1 ओवर में 248 रन ही बना सकी। अर्धशतक लगाने वाले कामरान गुलाम को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

इससे पहले, पाकिस्तान ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी की और कामरान गुलाम ने तेज पारी खेली। उन्होंने पहले 25 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया और फिर 32 गेंदों पर 5 छक्के और 4 चौकों की मदद से 63 रन बनाए। पाकिस्तान के कप्तान रिजवान ने भी कप्तानी पारी खेली और 3 छक्के व 7 चौकों की मदद से 80 रन बनाए जबकि बाबर आजम ने 73 रन की अच्छी पारी खेली। इस मैच में पाकिस्तान के ओपनर बल्लेबाज सईम अयूब के बल्ले से 25 रन निकले। साउथ अफ्रीका के लिए तेज गेंदबाज क्वेना मफाका ने सबसे ज्यादा 4 विकेट झटके जबकि टीम के ऑलराउंडर मार्को यानसेन को 3 सफलता मिली। 329 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उनका पहला विकेट 34 रन पर ही गिर गया। कप्तान टेम्बा बावुमा 12 रन बना कर आउट हो गए। टोनी डीजॉर्जी ने 34 रन बनाए। वहीं एडन मार्करम 21 रन बना कर पवेलियन लौट गए। 113 रन तक अफ्रीका के 4 विकेट गिए गए थे। उसके बाद डेविड मिलर और हेनरिक क्लासेन ने साउथ अफ्रीका की पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 72 गेंदों पर 72 रन की साझेदारी हुई। क्लासेन ने 74 गेंदों पर 97 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला पाए।

**शाहीन अफरीदी और नसीम शाह की शानदार गेंदबाजी**

शाहीन अफरीदी और नसीम शाह ने शानदार गेंदबाजी की। अफरीदी ने 8 ओवर में 47 रन देकर 4 विकेट लिए। वहीं नसीम शाह ने 8.1 ओवर में 37 रन देकर 3 विकेट लिए। अबरार अहमद को 2 जबकि सलमान आगा को एक सफलता मिली।

# केटीआर के खिलाफ एसीबी मामला वापस लेने की मांग



हैदराबाद, 20 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। फॉर्मूला-ई कार रेस में कथित अनियमितताओं के संबंध में पूर्व मंत्री और बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले को अवैध और राजनीतिक प्रतिशोध करार देते हुए विधान परिषद में विपक्ष के नेता एस मधुसूदन चारी ने सरकार से रामा राव के खिलाफ मामला वापस लेने की मांग की। शुक्रवार को विधान परिषद मीडिया प्वाइंट पर प्रेस को संबोधित करते हुए चारी ने बीआरएस एमएलसी के कविता और अन्य लोगों के साथ आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने रामा राव के खिलाफ झूठा मामला दर्ज किया है।

उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक प्रतिशोध के अलावा कुछ नहीं है। केटीआर ने कुछ भी गलत नहीं किया है। फॉर्मूला ई-रेस में कोई भ्रष्टाचार नहीं है। एसीबी द्वारा मामला दर्ज करना गैरकानूनी है। कांग्रेस सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए विपक्ष के नेता ने आरोप लगाया कि चूंकि रामा राव विभिन्न मुद्दों पर सरकार पर निशाना साध रहे हैं, इसलिए सरकार ने उन्हें धमकाने के लिए उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि केटीआर ने हैदराबाद में फॉर्मूला ई-रेस लाने और शहर को विश्व मानचित्र पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पिछले दस वर्षों में हैदराबाद को वैश्विक शहर बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। राजनीतिक लाभ के लिए सरकार उन्हें बेवजह निशाना बना रही है। वरिष्ठ बीआरएस नेता ने कहा कि उनकी पार्टी रामा राव के खिलाफ दर्ज मामले को वापस लिए जाने के खिलाफ विरोध जारी रखेगी।

## एचसी ने फॉर्मूला-ई मामले में लगाई केटीआर की गिरफ्तारी पर रोक

हैदराबाद, 20 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को सरकार को निर्देश दिया है कि वह भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा दर्ज मामले में बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव की गिरफ्तारी न करे। यह निर्देश के.टी. रामा राव द्वारा दायर याचिका पर आया और न्यायमूर्ति एन.सी. श्रवण कुमार ने इस पर सुनवाई की। केटी रामा राव का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील सीएस सुंदरम ने तर्क दिया कि उनके मुवक्किल के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो का मामला 'राजनीति से प्रेरित' था। उन्होंने तर्क दिया कि मामले में किसी भी आपराधिक कदाचार का कोई सबूत नहीं था।

इसके अलावा, प्राथमिकी 14 महीने की असामान्य देरी के बाद दर्ज की गई थी। अगर यह मान भी लिया जाए कि आरोप सत्य हैं तो भी इसमें केवल प्रक्रियागत चूक होगी और इसमें कोई 'व्यक्तिगत संवर्धन' नहीं है। अदालत ने सरकार से 27 दिसंबर तक जवाब दाखिल करने को कहा है, हालांकि मामले की जांच जारी रह सकती है।

## सरकार ने 'धरणी' पोर्टल पर फोरेंसिक ऑडिट का आदेश दिया : पोंगुलेटी

हैदराबाद, 20 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राजस्व मंत्री पोंगुलेटी ती श्रीनिवास रेड्डी ने घोषणा की है कि राज्य सरकार धरणी पोर्टल का फोरेंसिक ऑडिट शुरू कर रही है, जो भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली के रूप में कार्य करता है। शुक्रवार को विधानसभा में भू भारती विधेयक पर चर्चा के दौरान मंत्री ने कहा कि धरणी प्रणाली के संबंध में व्यापक जांच की जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार के तहत हजारों करोड़ रुपये मूल्य की भूमि का स्वामित्व बदल गया, मुकदमेबाजी में शामिल संपत्तियों को पार्टी-बी के तहत वर्गीकृत किया गया और बाद में नियमित किया गया। इसके अलावा, उन्होंने दावा किया कि बीआरएस नेताओं ने धरणी पोर्टल की आड़ में पिछड़े वर्गों और अनुसूचित जनजातियों सहित आर्थिक रूप से वंचित समुदायों की जमीनों को गलत तरीके से हड़प लिया। मंत्री ने आरोप लगाया कि ये नेता अपने सहयोगियों के लिए अवैध रूप से प्राप्त जमीनों का अंधाधुंध पंजीकरण करने में लगे हुए हैं। कुछ मामलों में, भूमि मालिक अनुपस्थित थे, जो पाकिस्तान चले गए थे; फिर भी, बीआरएस नेताओं ने उन संपत्तियों को जब्त कर लिया, यह दावा करते हुए कि अधिकारियों ने अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किए थे। उन्होंने कहा कि इन जमीनों को केवल तीन या चार व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से पंजीकृत किया गया था। उन्होंने दोहराया कि भू भारती अधिनियम उन सभी को कवर करेगा जिनके पास जमीन है और लोगों के हितों की रक्षा करेगा। मंत्री ने कहा कि आज विधानसभा में बीआरएस सदस्यों का व्यवहार बहुत दुखद था।

## एक और बुनकर ने की आत्महत्या

राजन्ना-सिरसिला, 20 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। कर्ज न चुका पाने के कारण सिरसिला में दुसा गणेश (50) नामक बुनकर ने आत्महत्या कर ली। गणेश अपनी पत्नी और बेटियों के चले जाने के बाद घर में अकेले रह रहे थे। उन्होंने गांधीनगर स्थित अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार की सुबह पड़ोसियों ने उन्हें फांसी पर लटका हुआ पाया।

शव को पोस्टमार्टम के लिए सिरसिला सरकारी अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है। पुलिस को शव के पास एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें गणेश ने कहा कि उसकी आत्महत्या के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है और उसने अपनी जान देने का फैसला इसलिए किया क्योंकि वह सिरसिला अर्बन बैंक और एक निजी फाइनेंस फर्म से लिए गए 5 लाख रुपये के कर्ज को चुकाने में असमर्थ था। उन्होंने कहा कि फाइनेंस कंपनी ने उनके लिए और भी परेशानियां खड़ी कर दीं। कंपनी द्वारा उत्पीड़न बर्दाश्त न कर पाने के कारण उन्होंने जीवन समाप्त करने का फैसला किया। उन्होंने नोट में लिखा कि काम न होने के कारण वे कर्ज नहीं चुका पा रहे थे। गणेश के परिवार में उनकी पत्नी सुवर्णा और बेटियां सुमाश्री और पूजिता हैं।

बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने कहा कि राज्य सरकार के उदासीन रवैये के कारण एक और बुनकर की मौत हो गई। बुनकरों को रोजगार नहीं मिल पा रहा था क्योंकि राज्य सरकार से ऑर्डर न मिलने के कारण पिछले एक साल से करघे नहीं चल रहे थे। उन्होंने कहा कि कर्ज न चुका पाने के कारण गणेश ने अचानक अपनी जान दे दी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने सिरसिला को फिर से आत्महत्या का केंद्र बना दिया है । उन्होंने पूछा कि क्या मुख्यमंत्री प्रभावित बुनकर परिवारों के रोने की आवाज सुन सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने बदलाव का वादा किया था, उन्होंने रेवंत रेड्डी से कहा कि वे गणेश की बेटियों को बताएं कि वे बदले की राजनीति में व्यस्त हैं। किसानों के लिए भी यही स्थिति थी। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि तेलंगाना में बुनकरों और किसानों के बच्चों को केवल सुसाइड नोट और कर्ज के कागजात ही विरासत में मिलेंगे।

## अम्बेडकर का संविधान देश के लोगों के लिए साहस : जग्गा रेड्डी

हैदराबाद, 20 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जग्गारेड्डी ने कहा कि अमित शाह और राहुल गांधी में अंतर है। राहुल गांधी भगवान की पूजा तो करते हैं लेकिन इसका प्रचार नहीं करते हैं। गांधी भवन में उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा के लोग भगवान का मजाक उड़ाते हैं और प्रचार करते हैं।

अम्बेडकर का संविधान देश के लोगों के लिए साहस और ढाल है। उन्होंने कहा कि मोदी या अमित शाह अंबेडकर के संविधान के कारण ही पदों का आनंद ले रहे हैं। जवाहर लाल नेहरू ने अंबेडकर को संविधान बनाने के लिए प्रोत्साहित किया और नेहरू के परपोते राहुल गांधी इसे संरक्षित करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं।

अंबेडकर के संविधान के कारण ही आज देश के लोग शांति से रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी इसे बदलने की कोशिश करेगी। इसलिए राहुल गांधी संविधान की रक्षा के लिए लड़ रहे हैं और देश की जनता को सचेत रहना चाहिए। राहुल गांधी को भी राजनीतिक साजिश रचकर संसद में रहने से रोकने की साजिश रची गयी। राहुल गांधी तब तक लड़ना बंद नहीं करेंगे जब तक अंबेडकर का अपमान करने वाले अमित शाह माफी नहीं मांग लेते हैं। तेलंगाना कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता राहुल गांधी के किसी भी आह्वान के लिए तैयार हैं।

# लागाचेरला के किसान जेल से रिहा

### झूठे मामलों के लिए सरकार की आलोचना



विकाराबाद, 20 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। संगारेड्डी जेल में बंद लागाचेरला के किसानों को रिहा कर दिया गया तथा उनके खिलाफ झूठे मामले दर्ज करने के लिए रेवंत रेड्डी सरकार की आलोचना की गई। भावुक होते हुए उन्होंने बीआरएस और विशेषकर कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव को कठिन समय में उनका समर्थन करने के लिए धन्यवाद दिया।

किसानों ने सरकार के भूमि अधिग्रहण पर जोरदार विरोध जताया और सरकार से उनके खिलाफ दर्ज मामले वापस लेने की मांग की। किसानों ने यह भी घोषणा की कि वे अपनी जमीन नहीं बेचेंगे। पूर्व विधायक पटनम नरेंद्र रेड्डी ने जमानत पर बाहर आए किसानों से बात की और उन्हें आश्वासन दिया कि बीआरएस पार्टी उनका समर्थन जारी रखेगी। संगारेड्डी बीआरएस नेताओं, जिनमें बुचिरेड्डी, वेंकटेश्वरलू और अन्य शामिल थे, ने किसानों का अभिनंदन किया। जयपाल नाइक और राजेंद्र नाइक सहित गिरिजन सेवा समिति के नेताओं ने भी आदिवासी किसानों को सम्मानित किया।

## नलगोंडा में बस पुलिया से टकराई यात्री बाल-बाल बचे

नलगोंडा, 20 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। नलगोंडा जिले में शुक्रवार तड़के एक सड़क दुर्घटना में 15 लोग घायल हो गए। 35 यात्रियों को ले जा रही एक निजी ट्रैवल्स बस अडांकी-नरकटपल्ली राजमार्ग पर मिर्यालगुडा के पास नंदीपाडु में एक पुलिया से टकरा गई। घायलों को इलाज के लिए मिर्यालगुडा अस्पताल ले जाया गया।

निजी ट्रैवल्स की बस ओंगोल से हैदराबाद जा रही थी, तभी यह हादसा हुआ। घटना का कारण ड्राइवर की लापरवाही बताया जा रहा है।







Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.